सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
21.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 11

12 सारा अली खान ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### रिम्स प्रबंधन ने विद्यार्थियों से हॉस्टल खाली कराया

**रांची।** रिम्स के छात्रों के बीच हुई तनातनी को देखते हुए प्रबंधन ने करीब 900 छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया। यह निर्देश प्रबंधन ने बुधवार को हुई मारपीट के बाद ही जारी किया था। हॉस्टल के छात्रों और उनके अभिभावकों अब नये सिरे से से शपथ पत्र लिया जायेगा। इसमें आने वाले दिनों में छात्रों के बीच किसी तरह की विवाद नहीं हो।

### कोड़ा, विनोद सिन्हा व वास्तवड़े इडी कोर्ट में पेश

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपित गुरुवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। अदालत में आज ईडी की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जाना था लेकिन गवाह उपस्थित नहीं हुआ।

### पलामू में सर्पदंश से पति और पत्नी की मौत

**पलामू।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के नावाडीह गांव में सर्पदंश से पति-पत्नी की मौत हो गयी। दोनों को सोने की अवस्था में एक जहरीले सांप ने डंस लिया था। मृतकों की पहचान बैजनाथ साव (50) और उसकी पत्नी पुष्पा देवी (45) के रूप में हुई है।

### यौन शोषण मामले में बृजभूषण को जमानत

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर को गुरुवार को नियमित जमानत मिल गयी। मामले की अगली सुनवाई 28 को होगी।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरायी, एक की मौत

**कोडरमा।** डोमचांच थाना अंतर्गत सीएम हाई स्कूल के समीप बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में डोमचांच जयनगर रोड के रोनित कुमार उर्फ गोलू की मौत हो गयी। जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य का सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज चल रहा है।

### विपक्ष ने सहयोग नहीं करने का मन बना लिया

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन ही हंगामे की भेंट चढ़ जाने पर खिन्न सरकार ने विपक्ष पर आरोप लगाया है कि उसका रवैया पूरी तरह नकारात्मक है और उसने मन बना लिया है कि संसद को सुचारू रूप से नहीं चलने देना।

### सड़क हादसे में पुलिस कर्मी समेत नौ की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर के एसजी-2 ट्रैफिक क्षेत्र में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में पुलिस कर्मी सहित नौ लोगों की मौत हो गयी तथा 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

### सात्विक-चिराग कोरिया ओपन क्वार्टरफाइनल में

**योसू।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी कोरिया ओपन 2023 में गुरुवार को चीन के झोउ हाओंग और हे जिटिंग को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी।

### नक्सलियों ने ग्रामीण को पीट-पीट कर मार डाला

**लातेहार।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के दवना गांव में बीती रात हथियारबंद नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने दवना के देव कुमार प्रजापति (35) को लाठी-डंडे से पीट-पीट कर मार डाला।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## मणिपुर की घटना पर देशभर में गुस्सा, संसद में विपक्ष का जोरदार हंगामा

# पीएम बोले- गुनहगार को नहीं छोड़ेंगे, सुप्रीम कोर्ट भी सख्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर की घटना ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। नेताओं से लेकर आम जनता तक, हर कोई इस घटना की कड़ी निंदा कर रहा है। मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने की इस घटना पर पीएम मोदी ने कड़ी कार्रवाई की बात कही। कहा कि गुनाहगार को किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के सीएम से इस मामले में बातचीत की।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार से कहा कि अगर सरकार कुछ नहीं कर सकती तो हम करेंगे, क्योंकि यह मामला काफी गंभीर है। इस बीच गुरुवार से शुरू संसद के दोनों सदनों में भी इसपर जोरदार हंगामा हुआ। उधर, मणिपुर के मुख्यमंत्री ने इस मामले पर कहा कि वीडियो सामने आने के तुरंत बाद गुरुवार को मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। इस मामले में मृत्युदंड की संभावना पर भी विचार हो रहा है।

**मेरा दिल क्रोध और पीड़ा से भरा है :** पीएम ने मानसून सत्र के शुरू होने से पहले कहा कि आज जब मैं आपके बीच लोकतंत्र के इस मंदिर के पास खड़ा हूं तब मेरा हृदय पीड़ा और क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आयी है, वो किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, कौन हैं? वो अपनी जगह हैं, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। मणिपुर की इन बेटियों के साथ जो हुआ है, इसको कभी माफ नहीं किया जा सकता।

**क्या है मामला :** पूरे देश को झकझोर देने वाली ये घृणित घटना चार मई को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हुई थी। इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि पुरुष असहाय महिलाओं की नग्न परेड करा रहे हैं, उनके साथ लगातार छेड़छाड़ कर रहे हैं और महिलाएं रो रही हैं और उनसे छोड़ने की मिन्नतें कर रही हैं। आरोप है कि इन महिलाओं के साथ गैंगरेप भी किया गया है। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम हुइरेम हेरोदास मेइती (32) है। (शेष पेज 11 पर)

### सरकार कार्रवाई नहीं करेगी, तो कोर्ट करेगा



सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर केंद्र सरकार से कार्रवाई करने को कहा। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने का जो वीडियो सामने आया है, वो वास्तव में परेशान करने वाला है। अगर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो हम करेंगे। अब समय आ गया है कि सरकार ठोस कदम उठाये और कार्रवाई करे। संवैधानिक लोकतंत्र में यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार से ये बताने को कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए उन्होंने क्या कार्रवाई की है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को तय की है।

- गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के सीएम से की इस मामले में बात
- माताओं-बहनों की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने की अपील




गिरफ्तार आरोपी



**पीएम की अपील...** सभी मुख्यमंत्री अपने राज्यों में कानून-व्यवस्था और मजबूत करें। खासकर हमारी माताओं-बहनों की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठायें, चाहे वह राजस्थान हो, छत्तीसगढ़ हो, मणिपुर हो या देश का कोई भी हिस्सा। विधि-व्यवस्था बनाये रखना और महिलाओं का सम्मान करना किसी भी राजनीतिक बहस से ऊपर रखा जाना चाहिए। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी गुनाहगार को बख्शा नहीं जायेगा।

### संसद में हंगामा, लोकसभा स्थगित



गुरुवार से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र में इस घटना को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम दोनों सदनों में मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हैं। यह संवेदनशील विषय है, गृह मंत्री विस्तार से जवाब देंगे। स्पीकर को चर्चा की तारीख तय करने दें। हंगामा जारी रहने के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा में चर्चा की मांग करते हुए विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। पीएम चुप हैं। हम मणिपुर के मुख्यमंत्री के तत्काल इस्तीफे और राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग करते हैं। वहीं सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि हम मणिपुर की घटनाओं पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, उसके बावजूद कांग्रेस और बाकी विपक्षी दल सदन की कार्रवाई को रोका। ये स्पष्ट करता है कि विपक्ष सदन की कार्रवाई को चलने नहीं देना चाहती है।

# लोहरदगा से आइएसआइएस का आतंकी फैजान गिरफ्तार

## युवाओं को देता था दहशत फैलाने की ट्रेनिंग

- पेशी के बाद भेजा गया जेल, सुरक्षा एजेंसियां करेंगी पूछताछ
- दिल्ली पुलिस, एनआइए और आइबी की संयुक्त टीम ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा, रांची।** खुफिया एजेंसियों, दिल्ली पुलिस, आइबी और एनआइए की संयुक्त कार्रवाई में लोहरदगा स्थित न्यू रोज मिल्लत कॉलोनी से आइएसआइएस के आतंकी फैजान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ समय से सुरक्षा एजेंसियों की उस पर कड़ी नजर थी। उसके पास से कई आपत्तिजनक वीडियो सहित अन्य सामान मिले हैं। एनआइए, इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम को पूछताछ के पहले कई घंटे तक वह बरगलाता रहा। परंतु जब अधिकारियों ने उससे सबूत के आधार पर पूछताछ शुरू की, तब वह टूट गया। एक-दो नहीं, बल्कि चार-चार सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। फैजान के पास से कई डिजिटल एविडेंस जब्त किये गये, जिससे उसके आईएसआईएस से संपर्क होने की पुख्ता जानकारी मिली है। उसे गुरुवार को एनआइए कोर्ट में पेशी के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया। शीघ्र ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। सुरक्षा एजेंसियां उसे दिल्ली भी ले कर जायेंगी। (शेष पेज 11 पर)




### अलीगढ़ विवि में पढ़ाई के दौरान डार्क नेट के जरिये पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़ा था

एनआइए सूत्रों के अनुसार आइएसआइएस के मास्टर ट्रेनरों के संपर्क में था फैजान। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान वह डार्क नेट के माध्यम से आईएसआईएस के संपर्क में आया था। वह आईएसआईएस के दूसरे स्लीपर सेल को तैयार करने को लेकर भी योजना पर काम कर रहा था। सुरक्षा एजेंसियों को लग रहा है कि अभी भी फैजान के पास बताने के लिए काफी कुछ है। लोहरदगा में रहने के दौरान फैजान काफी कम लोगों से मिलता था। वह ज्यादातर समय अपने घर में अपने लैपटॉप में ही गुजारता था। यही लैपटॉप उसके गुनाहों का सबसे बड़ा सबूत बन गया है। वह अपने घर से ही इस्लामिक जिहाद को लेकर सक्रिय था। एनआईए की टीम उस पर पिछले एक सप्ताह से नजर रखे हुए थी। जब फैजान के आईएसआईएस के स्लीपर सेल होने की पुख्ता जानकारी हासिल की उसके बाद ही उसे गिरफ्तार किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में बोले सीएम

# सभी प्रमंडल में जल्द खुलेंगे अत्याधुनिक हेल्थ केयर सेंटर

- स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में स्ट्रांग हेल्थ सर्किट बनाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य भर के अस्पतालों में जांच और इलाज की बेहतर और आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाये, ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े। सीएम गुरुवार को स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि इसके लिए जो भी संसाधन की जरूरत होगी, सरकार उसे मुहैया करायेगी। प्रमंडलीय मुख्यालयों में सभी सुविधाओं से युक्त 24 गुणा 7 हेल्थ केयर सर्विसेज की व्यवस्था हो। उन्होंने सभी प्रमंडल के सदर अस्पतालों में इलाज और जांच की अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हेल्थ केयर सर्विसेज शुरू करने को कहा। इसकी शुरुआत दुमका से होगी। 300 बेड क्षमता वाले इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जांच इलाज के सभी अत्याधुनिक संसाधन होंगे। यहां सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगायी जायेगी।

**चिकित्सकों की नियुक्ति में तेजी लायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए चिकित्सकों और अन्य पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि आवश्यकतानुसार अनुबंध पर भी चिकित्सकों को नियुक्त करें। राज्य सरकार की पंचायत स्तर दवा दुकान की योजना के तहत जल्द धरातल पर उतारा जाये। जो भी पारा मेडिकल में प्रशिक्षित है, उन्हें भी इस योजना संचालन से जोड़ने की पहल करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत मरीजों के इलाज में अस्पतालों द्वारा कोताही बरतने की बात लगातार सामने आ रही है। यह कदापि उचित नहीं है। (शेष पेज 11 पर)

# चांद के एक कदम और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

एजेंसी

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 ने अपने लक्ष्य की ओर अबाद्ध गति से बढ़ते हुए गुरुवार को चंद्रमा की कक्षा की ओर एक और कदम बढ़ाया और अंतरराष्ट्रीय चांद दिवस पर भारतवासियों को अमूल्य तोफा दिया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज चौथी बार चंद्रयान-3 को चांद के और करीब पहुंचाया। वैज्ञानिकों ने इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) सुविधा केंद्र से चौथी बार धरती से फायरिंग (अर्थ बाउंड पेरिगी फायरिंग) करके चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चांद के और करीब पहुंचाया।



वैज्ञानिक अब 25 जुलाई को अपराह्न दो से तीन के बीच फायरिंग करके चंद्रयान को लक्ष्य के और करीब पहुंचायेंगे।

# कीमतों पर रोक की तैयारी चावल के निर्यात पर रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए गुरुवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गैर-बासमती उसना चावल और बासमती चावल की निर्यात नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। कुल निर्यात में दोनों किस्मों का हिस्सा बड़ा है। भारत से गैर-बासमती सफेद चावल का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 42 लाख डॉलर का हुआ था, जबकि इससे पिछले वर्ष में निर्यात 26.2 लाख डॉलर का था। भारत के गैर-बासमती चावल निर्यात के प्रमुख गंतव्यों में थाईलैंड, इटली, स्पेन, श्रीलंका और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

**किसानों को लाभ मिलता रहेगा :** इससे किसानों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाभ कारी कीमतों का लाभ मिलता रहेगा। चावल की खेप को कुछ शर्तों के तहत निर्यात करने की अनुमति दी जायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### देश में उपभोक्ताओं के लिए कीमतें कम होंगी

बयान में कहा गया है, निर्यात में इस तेज वृद्धि का कारण भू-राजनीतिक परिदृश्य, अल नीनो धारणा और अन्य चावल उत्पादक देशों में विषम जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आर्य तेजी हो सकती है। गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध से देश में उपभोक्ताओं के लिए कीमतें कम होंगी। हालांकि, गैर-बासमती चावल (उसना चावल) और बासमती चावल की निर्यात नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जो चावल निर्यात का बड़ा हिस्सा है।

# धनबाद : व्यवसायी को गोली मारकर 85 हजार, जेवर लूटे

खबर मन्त्र संवाददाता

- एक दर्जन से अधिक थी लुटेरों की संख्या, रात करीब ढाई बजे सेंधमारी कर घर में घुसे थे
- गोली लगने से घायल गृहस्वामी शंकर सिंह को धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच में भर्ती

**धनबाद।** टुंडी थाना क्षेत्र के कटनियां गांव में लुटेरों ने व्यवसायी शंकर सिंह के घर में घुस कर लूटपाट की। विरोध करने पर गोली मार कर जख्मी कर दिया। घर में रखे करीब 85 हजार नकदी समेत जेवर व लाखों की संपत्ति लेकर फरार हो गये। विरोध करने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। घटना बुधवार देर रात हुई। खबर मिलने पर गुरुवार को टुंडी पुलिस मौके पर पहुंची और अपराधियों की धर-पकड़ अभियान शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार लुटेरों की संख्या एक दर्जन से अधिक थी। हथियारबंद यह गिरोह रात ढाई बजे सेंधमारी कर घर में घुसा। गृहस्वामी से चाभी की मांग की गयी, जब उन्होंने ने चाभी अपने पुत्र के पास होने की बात कही। मौका देख कर शंकर सिंह ने जैसे ही भागने की कोशिश की अपराधियों ने उनकी जांघ में गोली मार दी। वह घायल हो कर गिर पड़े। घायल अवस्था में भी वे डकैतों से भिड़ गये। घटना के बाद खबर गांव में लोग सुनते ही दौड़ पड़े तथा टुंडी पुलिस को जानकारी दी। घायलावस्था में गृहस्वामी शंकर सिंह को धनबाद स्थित एसएनएमएमसी एच में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के डीएसपी समेत टुंडी थाना प्रभारी अनिल कुजूर ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। शंकर सिंह मूलतः चंदनकियारी निवासी हैं जो बचपन से अपने बहन बहनोई के घर कटनियां में रह रहे हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को अग्रणी बनाना सरकार का लक्ष्य

- पहली बार एक साथ निकली 26 हजार पदों पर नियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को अग्रणी राज्य बनाना हेमंत सरकार का बड़ा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया को गति देने की दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत पहली बार एक साथ 26 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। यह अपने आप में ऐतिहासिक कदम है। जिन 26 हजार पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, वे सभी राज्य के विद्यालयों में नियुक्त किये जाने वाले सहायक आचार्य के पद हैं। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने अभी तक लगभग 35 हजार से अधिक रिक्तियों के लिए विज्ञापन निकाल दिया है।

सूत्रों के अनुसार सहायक आचार्यों की नियुक्ति होने से विद्यालयों में पठन-पाठन को बल मिलेगा। साथ ही, इससे विद्यालयों में शिक्षकों की जो कमी है, उसे पूरा कर टीचर-स्टूडेंट अनुपात में भी बढ़ोत्तरी होगी। (शेष पेज 11 पर)

### टीबी उन्मूलन में रांची को मिला गोल्ड सीएम को सौंपा



गुरुवार को विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। उन्होंने सीएम को विश्व यक्ष्मा दिवस 2023 के अवसर पर वाराणसी में हुए कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन को लेकर श्रेष्ठ कार्य करने के लिये रांची जिले को मिले गोल्ड मेडल तथा प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने सीएम को बताया कि विश्व यक्ष्मा दिवस के उपलक्ष्य में मार्च 2023 में टीवी उन्मूलन से संबंधित कार्यक्रम पीएम मोदी की अध्यक्षता में वाराणसी में हुई थी। जहां टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित राज्यों एवं जिलों को सम्मानित किया गया था। इस दौरान में झारखंड में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिये रांची जिला का चयन हुआ था। सीएम श्री सोरेन ने टीबी उन्मूलन को लेकर रांची जिला द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

# बच्चा चोरी का मामला गंभीर अपराध है, सचेत रहें : कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मदर टेरेसा की संस्था मिशनरीज ऑफ चैरिटी के निर्मल हृदय द्वारा बच्चों की बिक्री मामले में दाखिल अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा था कि बच्चा बिक्री का मामला गंभीर अपराध है। ऐसी संस्थाओं से सरकार को सचेत रहने की जरूरत है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ प्रार्थी को निर्देश दिया कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी के निर्मल हृदय संस्था को वह प्रतिवादी बनाये। कोर्ट ने कहा जो संस्थाएं बच्चों को बेचने और खरीदने का काम करती है उनको प्रतिवादी बनाया जाये। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार एवं नितेशवरी कुमारी ने पैरवी की। मामले में राज्य सरकार का स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सका। अनुरंजन अशोक की याचिका में पूरे मामले की सीबीआइ से जांच की मांग की गयी है। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड बना आतंकियों और घुसपैठियों का शरणस्थली : बाबूलाल मरांडी



### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में लागू होगी एनआरसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरूवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। मरांडी ने लोहरदगा के न्यू रोड में एनआईए द्वारा गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में राष्ट्र विरोधी आतंकी शक्तियों का मनोबल बढ़ा है। राज्य में लोहरदगा, धनबाद, जमशेदपुर सहित संथाल परगना क्षेत्र के जिले ऐसे आतंकवादी संगठनों,घुसपैठियों की शरणस्थली बन गये हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में विगत दिनों प्रायोजित दंगों के द्वारा माहौल को बिगाड़ने और अशांत करने की कोशिश की गई। लेकिन राज्य सरकार तुष्टिकरण में लिप्त है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में स्लीपर सेल की रिर्पोट देने वाले पुलिस अधिकारी पर ही यह सरकार कारवाई करने में विश्वास करती है।

उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के कारण राज्य के मूलवासी, आदिवासी समाज का जीवन स्तर, संस्कृति प्रभावित हो रही है। राज्य की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, जो राज्य केलिये खतरनाक है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर एनआरसी लागू होगी।

## यौन शोषण मामला: प्रदीप यादव की याचिका पर अब 17 अगस्त को सुनवाई

**रांची।** महिला अधिवक्ता के साथ यौन शोषण करने के आरोपी कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के आग्रह पर कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में प्रदीप यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। प्रदीप यादव ने दुमका कोर्ट में उनके खिलाफ यौन शोषण के केस में हुए चार्जफ्रेम की प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस केस में फिलहाल वह बेल पर हैं।

## रांची हिंसा के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने 10 जून 2022 को हुई रांची हिंसा मामले में आरोपी महताब आलम को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। अदालत ने आरोपी की दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अग्रिम राहत देने की गुहार लगाते हुए 11 जुलाई को याचिका दाखिल की थी। आरोपी पर डेली मार्केट में दर्ज मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इसी मामले के एक और आरोपी जफर आलम ने भी अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

## एटीएस की अदालत ने फायरिंग के दो आरोपियों को भेजा जेल

**रांची।** एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार एवं दारोगा सोनू कुमार पर हुई फायरिंग मामले में गिरफ्तार सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी एवं रंजन कुमार को एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। दोनों के एटीएस टीम ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। आरोपी बॉबी को लोहरदगा के भंडरा थाने के भौरा गांव से दबोचा गया था। पेशी के दौरान एटीएस के अधिकारी ने आरोपियों के पास से बरामद आग्नेयास्त्र भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जानकारी के अनुसार एटीएस आरोपियों से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है।

# हाईकोर्ट से राज्य के विश्वविद्यालयों के वीसी को प्रतिवादी बनाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सभी प्रतिवादियों को दस सितंबर तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। इस संबंध में सिद्धू- कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के राजनीतिक शास्त्र के प्रोफेसर प्रमिला सोरेन समेत पांच प्रार्थियों की ओर से याचिका दायर की है। जिसमें में कहा गया है कि वह अनुबंध पर यूनिवर्सिटी में अध्यापन कर रहे थे। लेकिन विश्वविद्यालय ने एक आदेश जारी कर उनकी सेवा समाप्त कर दी। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि इन पदों पर स्थायी नियुक्ति की जा रही है, इसलिए उनकी सेवा समाप्त की गई है। प्रार्थियों का कहना था कि यूनिवर्सिटी ने अनुबंध पर काम कर रहे अन्य शिक्षकों की सेवा जारी रखा है और विश्वविद्यालय का यह आदेश भेदभावपूर्ण है।



## मनी लांड्रिंग मामला: पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार समेत 3 की याचिका पर सुनवाई 4 अगस्त को

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित 3 आरोपियों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई अब झारखंड हाईकोर्ट में अब 4 अगस्त को होगी। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया। जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को मंजूर कर लिया।

दरअसल, दवा घोटाला मामले में आरोपी डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटिशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। प्रार्थी की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है। दवा एवं अन्य सामान की खरीद के लिए उन्होंने केवल स्वीकृति प्रदान की थी। पैसे का कोई लेन-देन का मामला नहीं बनता है। बता दें कि मामले को लेकर सीबीआई ने डॉ प्रदीप कुमार एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी के आधार पर ईडी ने भी इनके खिलाफ ईसीआईआर 2-2018 दर्ज किया है।

## कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह को हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार

**रांची।** हाइकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को बरकरार रखा है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि तय की है। साथ ही अदालत ने 23 अगस्त तक पूर्व के आदेश को विस्तार देते हुए अगली सुनवाई तक विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बता दें कि कांग्रेस की महगामा विधायक दीपिका पांडेय ने उनके खिलाफ गोड्डा जिले के ठाकुर गांघी थाने में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिए हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# शिक्षकों की प्रोन्नति में हो रहे विलंब से शिक्षा सचिव नाराज, आज करेंगे समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया धीमी होने को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक से प्रोन्नति संबंधी सारी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है। शिक्षा सचिव इस मामले की समीक्षा 21 जुलाई को करेंगे। सचिव ने कहा है कि राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति (वैचारिक / भूतलक्षी सहित) के लिए उच्च न्यायालय में वाद दायर किए गए हैं, जो अनवरत जारी है। आपके स्तर से प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए निर्धारित समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण यह मामला विवादित होता है। साथ ही, न्यायालय के समक्ष उच्चाधिकारियों को सशरीर उपस्थित होने का और प्रतिकूल आदेश पारित किए जाते हैं।

विदित हो कि विभागीय स्थापित नियमों के आलोक में शिक्षकों के वरीयता सूची, विभिन्न ग्रेडों में दी गई प्रोन्नति एवं पद उपलब्धता की जांच कर प्रोन्नति के मामलों के निष्पादन के निमित परामर्श/सहयोग के लिए राज्य स्तर से वरीय पदाधिकारियों को जिला आवंटित किया गया है। इसके बावजूद प्रोन्नति की दिशा में आपके द्वारा संतोषजनक आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो अत्यंत खेदजनक है। सचिव ने लिखा है कि 21 जुलाई, 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में अन्य बिन्दुओं के साथ प्रोन्नति संबंधी मामलों की विस्तृत समीक्षा की जानी है। इसके मद्देनजर उन्होंने निर्देश दिया है कि मांगी गयी सूचना के साथ स्वयं एवं प्रोन्नति संबंधी प्रभारी लिपिक को भी बैठक में लेकर आयें।

## 2 सितंबर को होगी जेएसएससी की जूनियर इंजीनियर परीक्षा

**रांची।** झारखंड कर्मचारी आयोग ने जूनियर इंजीनियर की परीक्षा को लेकर संभावित तिथि जारी कर दी है। जारी सूचना के अनुसार जूनियर इंजीनियर परीक्षा आगामी 2 सितंबर को संभावित है। यह परीक्षा राज्य भर में आयोजित होगी। हालांकि अभी एडमिट कार्ड को लेकर कोई सूचना नहीं जारी की गई है। लेकिन सूचना में बताया गया है कि एडमिट कार्ड जारी करने की तिथि वेबसाइट पर बहुत जल्द ही प्रकाशित की जाएगी। जूनियर इंजीनियर के 15 सौ से अधिक पदों की नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी आयोग ने आवेदन मंगाये थे।


**रिक्तियों की क्या है स्थिति**

कनिष्ठ अभियंता यांत्रिकी के लिए 26 पद, जूनियर इंजीनियर सिविल 223 पद, जूनियर इंजीनियर इलेक्ट्रिक 46, अभियंता नागरिक शहरी विकास एवं आवास विभाग 188, कनिष्ठ अभियंता यांत्रिक शहरी विकास एवं आवास विभाग 51, अवर अभियंता नागरिक जल संसाधन विभाग 400, अवर अभियंता यात्री जल संसाधन विभाग 30, अवर अभियंता सिविल पथ निर्माण विभाग 457, कनिष्ठ अभियंता कृषि 11, अवर अभियंता विद्युत विभाग 04, खान निरीक्षक 34 और मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के 44 पदों के लिए रिक्तियां जारी की गयी है।

# 30 जुलाई को होगी पारा शिक्षकों के लिए आकलन परीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) की पहली आकलन परीक्षा 30 जुलाई को होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा रहा है। परीक्षार्थियों ने जैक की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करना शुरू कर दिया है। परीक्षा को लेकर सभी जिला मुख्यालय में केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा के लिए राज्य में 115 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इस परीक्षा में 43 हजार पारा शिक्षक शामिल होंगे।



**परीक्षा 150 अंकों की होगी**

पहले परीक्षा 250 अंक की होनी थी। अब परीक्षा 150 अंक की होगी। कक्षा एक से पांच में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू (उर्दू शिक्षक) क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा, गणित, पर्यावरण विज्ञान, मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा ली जायेगी। जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा, हिंदी व अंग्रेजी की परीक्षा 30-30 अंकों की होगी। गणित, पर्यावरण विज्ञान, बालि विकास विषय की परीक्षा 25-25 अंकों की होगी। मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा 15 अंक की होगी। वहीं, कक्षा छह से आठ में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू (उर्दू शिक्षक) व क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा, बाल विकास व मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा अनिवार्य विषय के तहत होगी। इन विषयों की परीक्षा 105 अंकों की होगी। शेष 45 अंक की परीक्षा, विज्ञान, भाषा व सामाजिक विज्ञान विषय में से अभ्यर्थी जिस विषय के शिक्षक होंगे उसकी परीक्षा होगी।

## सांसद ने पीएम को सांस्कृतिक महोत्सव की कॉफी टेबल बुक भेंट की



**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने लोकसभा सत्र के पहले दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद श्री सेठ ने उन्हें रांची में संपन्न हुये लोकसभा स्तरीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की कॉफी टेबल बुक अवलोकन के लिये भेंट की। इसके साथ ही सांसद ने प्रधानमंत्री को सेल्फी प्रतियोगिता से जुड़ी 30 बेहतरीन सेल्फी भी भेंट की। पीएम से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कला और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिये आयोजित हुये सांस्कृतिक महोत्सव की प्रशंसा की है। उन्होंने अपने आशीर्वाद में कहा है कि ऐसे आयोजन से हम समाज के हर वर्ग से जुड़ते हैं। श्री सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री अक्सर यह कहते भी हैं कि हमें सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से जुड़ने के लिये काम करना चाहिये। यह महोत्सव उसी जुड़ाव के लिए था। प्रधानमंत्री जी के द्वारा इस महोत्सव की प्रशंसा करना मेरे लिए ही नहीं पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र और झारखंड के लिये गौरव की बात है।

# मैट्रिक-इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा एक अगस्त से और आठवीं बोर्ड की 10 अगस्त से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अगले माह एक अगस्त से मैट्रिक-इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा आयोजित की जायेगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल कंपार्टमेंटल परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। जो बच्चे आठवीं बोर्ड में फेल हुए उनके लिए भी स्पेशल परीक्षा ली जायेगी। इसके लिए भी शेड्यूल जारी किया गया है। जारी शिड्यूल के अनुसार मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा 5 अगस्त और इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा 8 अगस्त तक चलेगी। जैक ने दोनों ही परीक्षाओं की टाइमिंग की भी घोषणा कर दी है। दोनों ही परीक्षा दो पाली( पहली पाली सुबह 9:45 से 1:05 तक, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:20 तक) चलेगी।

### 25 जुलाई से मिलेगा एडमिट कार्ड

छात्र 25 जुलाई से संबंधित स्कूल और कॉलेज बच्चों का एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा से संबंधित रोल शीट और अन्य कागजात 27 जुलाई से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से लिया जा सकेगा। मैट्रिक परीक्षा के लिए प्रैक्टिकल विषयों की परीक्षा 7 अगस्त से 10 अगस्त तक ली जाएगी। यह परीक्षा संबंधित स्कूल में ही होगी। इसी तरह इंटर की परीक्षा के लिए भी बच्चों का एडमिट कार्ड 25 जुलाई से संबंधित स्कूल, कॉलेज और इंटर कॉलेज डाउनलोड करेंगे और बच्चों को हाथों-हाथ देंगे। इंटर में जो विषय प्रैक्टिकल के हैं, उनकी परीक्षा 10 अगस्त से 12 अगस्त तक ली जाएगी।

**आठवीं बोर्ड की होगी स्पेशल परीक्षा :** आठवीं बोर्ड की परीक्षा 10 अगस्त को ली जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:45 से 1:00 तक और दूसरी पाली की परीक्षा 2:00 से शाम 5:15 तक ली जाएगी। पहले पेपर में हिंदी, इंग्लिश और एडीशनल सब्जेक्ट की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में मैथ, साइंस और सोशल साइंस की परीक्षा होगी। परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएगी।

## 25 जुलाई तक जमा होगा मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का फॉर्म



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। विद्यार्थी अब 25 जुलाई तक आवेदन जमा कर सकेंगे। पहले 18 जुलाई को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि थी। प्रवेश पत्र दो अगस्त से डाउनलोड होगा, जबकि परीक्षा 13 अगस्त को होगी। अप्रैल से आवेदन जमा लिया जा रहा है। इसके बाद भी अब तक लक्ष्य से लगभग डेढ़ लाख कम आवेदन जमा हुआ है।

## खबर एक नजर में

### आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 12 को

**रांची।** राज्य में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के तर्ज पर संताल परगना व कोल्हान प्रमंडल में संचालित विद्यालय व इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग में नामांकन के लिए फॉर्म 25 जुलाई तक जमा होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी 31 जुलाई तक फॉर्म का सत्यापन कर सकेंगे। परीक्षा 12 अगस्त को ली जायेगी। परीक्षार्थी चार अगस्त से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

### मणिपुर की घटना से देश हुआ शर्मसार : मोर्चा

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने मणिपुर की दो महिला के साथ सामूहिक बलात्कार करने के बाद निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना को हैवानियत की प्रकाष्ठा बताया और देश को शर्मशार करने वाला बताया है। प्रसाद ने कहा कि मणिपुर की घटना हृदय विदारक है। प्रसाद ने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में ऐसी शर्मनाक घटनाएं हो रही है, जिसकी कल्पना देश नहीं कर सकता है। प्रसाद ने कहा कि दोषियों को फांसी से कम की सजा नहीं मिलनी चाहिए।

### आदित्य साहू ने कार्बन न्यूट्रल पंचायत संबंधी पूछे सवाल

**रांची।** राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने गुरूवार को राज्य में खेल प्रतिभाओं को विकसित करने एवं कार्बन न्यूट्रल पंचायत बनाने संबंधी सवाल पूछे। श्री साहू के सवाल पर केंद्रीय खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय के मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि खेल राज्य सरकार का विषय है। झारखंड सहित देश के सभी विद्यालयों में खेल में रुचि रखनेवाले विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे विकसित करने तथा युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने केलिये नीति बनाने एखेलों को को विकसित करने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार का कोई प्रस्ताव मंत्रालय के पास विचाराधीन नही है।

# अर्जुन मुंडा के साथ रघुवर दास ने पकायी राजनीतिक खिचड़ी

### नयी दिल्ली में झारखंड के दो पूर्व सीएम के बीच बंद कमरे में बनी चुनावी रणनीति

**उदय चौहान**

**रांची।** राज्य के दो पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा एवं रघुवर दास के बीच बंद कमरे में मंत्रणा खासा चर्चा बटोर रहा है। दरअसल, भाजपा के दोनों दिग्गज नेताओं के बीच पूर्व में बहुत अच्छे संबंध नहीं रहे हैं। इसलिये, दोनों के नयी दिल्ली में हुई मुलाकात को खास तव्वजो दी जा रही है। इसे आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव से जोड़ के देखा जा रहा है। इन दोनों पूर्व सीएम पर भाजपा के प्रदर्शन को निखारने की भी जिम्मेदारी है। बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद इन दोनों के मुलाकात को बेहद खास माना जा रहा है। इससे प्रदेश भाजपा के राजनीतिक समीकरण में नया मोड़ आ सकता है। कहा जा सकता है कि नयी दिल्ली में रघुवर दास ने अलग राजनीातिक खिचड़ी पकाने का काम किया है। गौर करने वाली बात है कि पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी ने भी रांची में रघुवर दास से मिलकर संगठन चलाने पर चर्चा की थी।



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी आलाकमान से भी मुलाकात की है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के आवास पर रघुवर दास पहली बार पहुंचे थे। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक चर्चा होने की खबर है। दोनों नेता जब मिल रहे थे तो उस वक्त वहां कोई नहीं था। दोनों के करीबियों ने इस मुलाकात को अनौपचारिक बताया है। बावजूद इसके झारखंड की राजनीति को नजदीक से देखनेवालों की मानेंए तो जमशेदपुर के दोनों वरीय नेताओं का दिल्ली में मिलना बेहद खास मुलाकात है। झारखंड में हालिया नेतृत्व बदलने के बाद इस मुलाकात के लोग अपने-अपने मायने निकाल रहे हैं।

दरअसल, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास पटना लाठीकांड मामले की रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपने के लिये दिल्ली गये थे। रांची रवाना होने से पहले उन्होंने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से उनके आवास में जाकर मुलाकात की। इस दौरान पार्टी को मजबूत करने समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। तीन मई, 1955 को जन्में रघुवर दास झारखंड के छठे मुख्यमंत्री बने थे। वर्ष 1995 से 2019 तक जमशेपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र का पांच बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। झारखंड भाजपा के दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे चुके रघुवर दास 28 दिसंबर, 2014 को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपल ली थी। रघुवर दास राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने पांच साल के कार्यकाल पूरे किये हैं। मुंडा वर्ष 1995 में झामुमो के टिकट पर खरसावां विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद अर्जुन मुंडा भाजपा में शामिल हो गये। वर्ष 2000 और 2005 के चुनाव में खरसावां विधानसभा सीट से विजयी हुये। वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सरकार में अर्जुन मुंडा समाज कल्याण मंत्री बनाये गये। लेकिन, वर्ष 2003 में बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद 18 मार्च, 2003 को अर्जुन मुंडा को राज्य की बागडोर सौंपी गयी थी। इसके बाद 12 मार्च, 2005 को दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। इसके बाद 11 सितंबर, 2010 को तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने और आठ जनवरीए 2013 तक इस पद पर बने रहे।

## केंद्र की चुप्पी से मणिपुर में महिला के साथ हो रहा है दुष्कर्म : सतीश पॉल मुजनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा है कि विगत कई महीना से पूरा मणिपुर जल रहा है और केंद्र में बैठी अंधी बहरी सरकार कोई पहल नहीं कर रही है। आज उसी का परिणाम है की मणिपुर में दो इसाई महिलाओं के साथ गैंगरेप किया गया और उसके बाद उनकी नंगी परेड निकाली गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसने भी यह वीडियो देखा वह कार्रवाई की डिमांड कर रहा है। मणिपुर की इस घटना ने पुरे देश को शर्मसार किया है। उन्होंने राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

सतीश पॉल ने कहा है कि वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि पुरुषों के ग्रुप द्वारा दो महिलाओं को नग्न घुमाया जा रहा है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने कहा है कि महिलाओं के साथ पास के खेत में कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया है। यह दुखद घटना 4 मई को राज्य की राजधानी इम्फाल से लगभग 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में हुई थी। तब मैतेई समुदाय के लोगों द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर मैतेई और कुकी जनजातियों के बीच हिंसा जारी थी।

उन्होंने कहा है कि कुकी जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले आईटीएलएफ ने एक बयान जारी करते हुए दावा है कि दोनों पीड़ित कुकी जनजाति की हैं। वीडियो में मैतेई समुदाया की बड़ी भीड़ महिलाओं को धान के खेत की ओर ले जाती हुई दिख रही है। वे उनके साथ लगातार छेड़छाड़ करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जबकि असहाय पीड़ित महिलाएं रो रही हैं और बंधक बनाने वालों से गुहार लगा रही हैं। घटना की भयावहता तब और बढ़ गई जब अपराधियों ने पीड़ितों की पहचान उजागर करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो भी शेयर कर दिया। आईटीएलएफ ने राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से इस जघन्य कृत्य के जवाब में तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है।

## खतियान आधारित नियोजन नीति तय होने तक कोई नियुक्ति न करे सरकार: राजेन्द्र

### नियुक्ति रोकने को मोर्चा कोर्ट जाने पर कर रहा विचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा राज्य के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन जारी की गई है। इसमें राज्य के 7 जिलों में सिमडेगा,गुमला लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम दुमका तथा जामताड़ा जिले में ओबीसी का आरक्षण शुन्य कर दिया गया है। इस पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह ओबीसी के ऊपर अत्याचार है। प्रसाद ने कहा कि सरकार पहले ओबीसी का आरक्षण आबादी के अनुसार सुनिश्चित करेऔर खतियान आधारित नियोजन नीति तय करे, उसके बाद ही कोई नियुक्ति झारखण्ड सरकार करे। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक अपना खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति को परिभाषित नहीं करती है। तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को आधार बनाये, जो खतियान आधारित है। प्रसाद ने कहा कि बिना खतियान आधारित नियोजन नीति बनाए यदि सरकार कोई नियुक्ति (बहाली) करती है तो झारखंडियों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ना तय है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री को स्वयं इस बात को समझना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ओबीसी का आरक्षण शुन्य किए जाने पर कोर्ट में चुनौती देने पर विचार कर रहा है।

# रिम्स ने करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से खाली कराया हॉस्टल

## प्रबंधन ने नये सिरे से हॉस्टल आवंटित करने का लिया निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स हॉस्टल में देर रात पार्टी करने और आपस में मारपीट करने की घटना को लेकर रिम्स प्रबंधन ने करीब 900 एमबीबीएस छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया है। प्रबंधन ने बुधवार की रात नोटिस जारी किया था और गुरुवार की शाम सात बजे तक छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया गया। सप्लीमेंट्री परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों को परीक्षा तक हॉस्टल में रहने की अनुमति मिली है। वहीं शुक्रवार को जिन छात्रों के फ्लाइट और ट्रेन हैं उन्हें शुक्रवार दोपहर तक रहने की अनुमति मिली है। शेष छात्रों से हॉस्टल खाली करा लिया गया है। छात्रों से हॉस्टल के रूम की चाभी भी जमा करा ली गई है। प्रबंधन के आदेश के बाद एमबीबीएस के विभिन्न बैच के छात्र निर्णय को लेकर निदेशक का घेराव करने पहुंचे थे, इसके बाद भी प्रबंधन अपने आदेश पर टीका रहा है। प्रबंधन ने कहा कि छात्रों के सुरक्षा को देखते हुए ही निर्णय लिया गया है। अब छात्रों को माता पिता के साथ आने को कहा गया है उसके बाद ही उन्हें हॉस्टल आवांटित किया जाएगा।



**लगातार हो रही थी मारपीट की घटना, सुरक्षा को लेकर रिम्स ने लिया निर्णय**

रिम्स प्रबंधन की ओर से पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि रिम्स के हॉस्टल परिसर में लगातार उपद्रव और छात्रों के बीच मारपीट की घटना हो रही है। बैचों के बीच ग्रुपिंग में मारपीट हो रहा है। कुछ अनहोनी न हो इसलिए प्रबंधन ने गहन चिंतन के बाद क्लासेस बंद किए हैं और हॉस्टल खाली कराया है। एहतियात के तौर पर ऐसा निर्णय लिया गया है, ताकि किसी छात्र के साथ कोई अनहोनी नहीं हो जाए। उन्होंने बताया कि लगातार अनुशासनहीन रहने वाले छात्रों को चिन्हित किया गया, कुछ अन्य को अभी और चिन्हित किया जाना है। उनपर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

**जेडीए ने प्रबंधन के फैसले का किया समर्थन**

रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया है। जेडीए के प्रेसिडेंट डॉ जयदीप चौधरी ने बताया कि दो बैचों 2021 और 2022 में झड़प हुआ था। झगड़े में दो सीनियर बैच 2019 और 2020 भी आ गए। उसी में और मामला बढ़ा जिसके बाद कुछ छात्र उग्र होकर निदेशक आवास में भी घूस गए थे। सभी को एक एक कर समझाना मुश्किल होता ऐसे में कुछ दिन कक्षाएं सस्पेंड रखकर और छात्रों को हॉस्टल खाली कराया गया है, ताकि हॉस्टल के माहौल को शांत किया जा सके। प्रबंधन का फैसला छात्रहीत में है इसलिए प्रबंधन के फैसले का समर्थन किया जा रहा है।

**जूनियर और सीनियर को फिर से आवंटित होगा हॉस्टल**

माहौल को शांत करने के लिए अब प्रबंधन जूनियर और सीनियर छात्रों को अलग अलग रख सकता है। नए सिरे से छात्रों के लिए इस फॉमूर्ले पर ही रूम आवांटित किया जाएगा। जूनियर बैच के छात्र एक साथ एक हॉस्टल में रहेंगे और सीनियर बैच के छात्र एक साथ अलग हॉस्टल में रहेंगे। वर्तमान व्यवस्था में सभी मिलकर रहते हैं। आगे ऐसा नहीं होगा। वहीं उससे पहले एंटी रैगिंग सहित अनुशासन में रहने को लेकर एक माता पिता का शपथपत्र लिया जाएगा।

**छात्रों ने चार घंटे तक चला प्रदर्शन नहीं मानी प्रबंधन**

एमबीबीएस छात्रों ने सुबह साढे दस बजे से दोपहर के ढाई बजे तक रिम्स निदेशक आवास के पास प्रदर्शन करते रहे। छात्र फैसले को लेकर नाखुश थे। कई छात्राएं एकेडमिक लॉस होने की बात करती रहीं। पर हॉस्टल डीन ने समझाते हुए सभी को घर जाने को कहा है, उन्होंने छात्रों से स्पष्ट किया कि उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही प्रबंधन ने ऐसा निर्णय लिया है। जल्द ही पढ़ाई शुरू करने की नोटिस रिम्स के वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

**रिम्स निदेशक और डीन को छात्रों ने घेरा**

छात्रों के रूख को देखते हुए गुरुवार को रिम्स निदेशक की अध्यक्षता में एक हाई लेवल बैठक भी हुई। इस दौरान प्रबंधन ने अपने आदेश का सख्ती से पालन करते हुए शाम 7 बजे तक हॉस्टल खाली करने का अल्टीमेटम छात्रों को दिया। इस निर्णय पर छात्र सहमत नहीं हुए। छात्रों ने कई कारणों का उल्लेख करते हुए हॉस्टल खाली नहीं करने का अनुरोध किया।

## मणिपुर की घटना पर जेएमएम आगबबूला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** मणिपुर में कुकी समुदाय की महिला के साथ हुई घटना को लेकर झामुमो आगबबूला हो गया है। इस घटना को लेकर झामुमो ने मणिपुर के मुख्यमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही पीएम मोदी पर चुप्पी साध लेने का आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा मणिपुर में 77 दिन से हो रही जातीय हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर मणिपुर की घटना पर पीएम चुपी साध लेते है। राजस्थान व छत्तीसगढ़ पर बोलते हैं लेकिन उन्हें मध्यप्रदेश याद नहीं आता। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना देश को शर्मसार करने वाली घटना है। चाहे देश की पहलवान बेटियों की आबरू पर हमला करने वाला आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की बात हो या मणिपुर में आदिवासी कुक की महिलाओं के साथ घटी घटना इन दोनों से अब साफ हो गया है कि भाजपा कि केंद्र सरकार ना सिर्फ आदिवासी विरोधी है बल्कि महिला विरोधी भी है।

## झारखंड प्रदेश रसोइया संघ ने सीएम आवास घेरा



**रांची।** झारखंड प्रदेश रसोईया संघ ने गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास घेरने के लिए बढ़ा लेकिन मोराबादी मैदान के पास ही प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। उनकी मांग थी कि शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के साथ हुए 5 सूत्री मांग को सरकार तत्काल लागू करे। घेराव का नेतृत्व अजीत प्रजापति अनीता देवी प्रेमनाथ विश्वकर्मा ने किया।

## चैंबर भवन में सम्मान समारोह



**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स और फर्स्ट कलाकार के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन गुरूवार को किया गया । मौके पर कलाकारों, मीडिया, झारखंड के चमकते सितारे और होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मेहनत करते रहें और अपने लक्ष्य को सामने रखकर काम करें फिर आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक देवेश खान ने संस्था के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि नए और उभरते कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना और एक बेहतरीन मुकाम तक पहुंचाना हम लोगों की कोशिश रहेगी। विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, फिल्म आर्ट कल्चर के अध्यक्ष आनंद जालान और फर्स्ट कलाकार के डायरेक्टर परम शाह को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर किशन अग्रवाल, मुरारीलाल आदि मौजूद थे।

## मणिपुर की घटना देश के लिए शर्मनाक : राजेश ठाकुर



**रांची।** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय एवं शर्मनाक घटना के खिलाफ गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर राजधानी रांची सहित प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इसी कड़ी में राजधानी रांची में भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन अल्बर्ट एक्का चौक पर किया गया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि क्या बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की नारा देने वाली भाजपा यह बताए कि क्या इस तरह से बचेगी बेटियां। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ऑल इज वेल का दिखावा कब बंद करेंगी, मणिपुर के मुख्यमंत्री को कब हटाया जाएगा। प्रधानमंत्री की चुप्पी और निष्क्रियता मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर महिलाओं के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं कर सकते तो भाजपा का नारी शक्ति का दावा खोखला है।

कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि मणिपुर में मानवता मर गई है। पीएम मोदी को उनकी चुप्पी पर देश कभी माफ नहीं कर पाएगा।

# मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई घटना एवं महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्ला बोल

## केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर की गयी नारेबाजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा एवं विधानसभा-2024 की रणनीति तैयार करना, राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता डिसूजा के झारखंड आगमन तथा संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक के बाद मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना एवं महंगाई पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कांग्रेस भवन से पैदल मार्च करते हुए अलबर्ट एक्का चौक गयीं और मोदी सरकार के खिलाफ महंगाई पर हल्ला बोला। इस दौरान महिलाओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर थाली बजा कर, खाली गैस सिलेंडर एवं टमाटर, प्याज, मिर्चा का प्रतिकात्मक विरोध स्वरूप माला पहन कर प्रदर्शन किया। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह इस्तीफा दो, बेटियों पर अत्याचार करना बंद करो, केन्द्र की भाजपा सरकार मुदार्बाद, महिला कांग्रेस जिन्दाबाद, महिलाओं की इज्जत से खेलना बंद करो, मोदी सरकार हाय-हाय, नरेन्द्र मोदी जी, भारत आपकी चुप्पी को माफ नहीं कर पाएगा, मोदी जी अब शर्म करो-महंगाई अब कम करो, महंगाई से जनता है परेशान-मोदी घूम रहे हैं पेरिस जापान आदि नारे लगाये।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना से पूरे देश को शर्मशार होना पड़ा है। मणिपुर नहीं देश जल रहा है। इसका खामियाजा देश की बेटियों को भुगतना पड़ रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव पिंकी सिंह, पार्वती सिंह, नीलम सहाय, अनीता सिन्हा, संगीता टोप्पो, कंचन चौधरी, उषा यादव, सीता राणा, प्रतीमा पांडे, जानकी देवी, शहनाज खातून, शिल्पी चक्रवती, काविता देवी, सीमा तिर्की, खुशबू सिंह सहित सैकड़ों महिला कांग्रेस के नेत्री शामिल थीं।

## खबर एक नजर में

### बैसरो देवी को पति की मौत पर 19 लाख मिला मुआवजा

**रांची।** सड़क हादसे में अपने पति प्रभू नाथ महतो को खो चुकी टाटीसिल्वे के हरिनगर निवासी बैसरो देवी को 19.09 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी मनीष की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल दावा आवेदन पर सुनवाई प>ात उक्त आदेश दिया है। दावेदार को मुआवजा राशि का भुगतान 30 दिनों के अंदर 7.5 फीसदी ब्याज की दर न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को करने को कहा गया है। खेलगांव रोड स्थित हरिनगर के निकट 19 अप्रैल 2013 को एक सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी बैसरो देवी ने अदालत में दावा किया था। साथ ही, उसी मोटरसाईकिल पर सवार मृतक की बेटी प्रियंका कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। अदालत ने इलाज में लगे 70 हजार रुपये का मुआवजा इंश्योरेंस कंपनी को भुगतान करने का निर्देश दिया है।

### योजना को समयसीमा के भीतर पूरा करायें : डीसी

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में सभी अभियंताओं के विभागवार कार्यो की समीक्षा की। मुख्य रूप से पर्यटन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, पथ निर्माण, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जिला परिषद, एनआरईपी द्वारा किये जा रहें कार्य की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के अभियंता को निर्देश दिया गया कि भविष्य में योजनाओं के कार्यान्वयन में यदि कोई समस्या उत्पन्न होती हैं, तो इसकी सूचना अविलंब जिला प्रशासन को दें, ताकि योजना के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। सभी योजना तय सीमा पर पूरा कराने के लिए सभी को अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा गया। समीक्षा बैठक में डीडीसी दिनेश यादव, जिला योजना प्रभारी पदाधिकारी सह जिला विकास शाखा पदाधिकारी विनय कुमार, कार्यपालक अभियंता, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण, कार्यपालक अभियंता स्वर्ण रेखा वितरण प्रमंडल राँची, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी राँची एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव का होगा आयोजन

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त 2023) के अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड के आयुक्त लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अजयनाथ झा, निदेशक, जनजातीय शोध संस्थान रणेन्द्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी वीरेन्द्र चौबे, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला खेल पदाधिकारी एवं इवेंट मैनेजर उपस्थित थे।

## इनोवेटिव आइडिया के साथ आगे आयें युवा : किशोर मंत्री



**रांची।** इनोवेटिव्स आईडिया के साथ स्टार्टअप्स के क्षेत्र में आये युवा व्यापारी पूंजी के अभाव में अपने व्यापार को गति देने में कठिनाई महसूस करते हैं। ये बातें चैबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गुरूवार को एमएसएमई उद्यम एवं स्टार्टअप्स के प्रोत्साहन में बैंकों की सहयोगात्मक भूमिका को लेकर चैंबर भवन में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स और भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। लघु एवं मध्यम उद्योगों के विस्तार में वित्तिय सहयोग की आसान उपलब्धता पर जोर देते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने भारतीय स्टेट बैंक से सहयोग की बात कही। यह कहा कि नये यदि बैंकों द्वारा तत्परता दिखाई जाय तथा कागजी कार्रवाई में विलंब न करते हुए समय से वित्तिय सहयोग दिया जाय, तब स्टार्टअप्स के क्षेत्र में कार्यरत युवा उद्यमी प्रोत्साहित होंगे जिससे प्रदेश में आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी। बैठक में आदित्य मल्होत्रा, विनय छापरिया, मयंक गौरव कुमार, मयंक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी निकालेगी तिरंगा यात्रा



**रांची।** आम आदमी पार्टी निकालेगी तिरंगा यात्र यह निर्णय गुरूवार को आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक डी एन सिंह ने किया। बैठक में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्ल्युसिव एलायंस' हर्ष ब्यक्त किया गया साथ ही इस गठबंधन से उत्पन्न वर्तमान राजनीतिक परिद्दश्य पर चर्चा की गई एवं गतिविधि को और तेज करने तथा स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पार्टी एक सप्ताह का तिरंगा यात्रा निकलने का निर्णय लिया गया जिसका समापन 15अगस्त को होगा।

## शिक्षक बहाली से पहले स्थानीय व नियोजन नीति करें स्पष्ट : भानु प्रताप

**रांची।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा है कि शिक्षक बहाली से पहले स्थानीय व नियोजन नीति स्पष्ट करना होगा। श्री शाही गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को ठगो का सरदार बताया और कहा कि झारखंड में 26001 शिक्षकों की बहाली निकली है। उन्होंने सरकार पर युवाओं को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया है। यह बहाली के लिये नियोजन और स्थानीय नीति का आधार क्या है? उन्होंनें इस बारे में सरकार से सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा है कि शिक्षक नियुक्ति का विज्ञापन किस नियोजन और स्थानीय नीति के आधार पर निकाली गई है। उसे सरकार को स्पष्ट करना चाहिये।




उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि इस विज्ञापन में कई बातें भ्रामक हैं। जिस वजह से राज्य के युवा एक बार फिर भ्रमित होने वाले हैं। वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य के पारा शिक्षकों को नियमित करने की बात कही थी। लेकिन, बदले में सरकार ने उनका नाम बदलकर सहायक अध्यापक करने का काम किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति को मुद्दा बताये जाने की आलोचना करते हुये उन्होंने ने कहा कि यह झामुमो और मुख्यमंत्री के लिए सिर्फ मुद्दा है ना कि संकल्प।

## सीइटी की दो दिवसीय समन्वय बैठक

**रांची।** सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) कि दो दिवसीय समन्वय बैठक गुरुवार को शुरू हुई। सीईटी के कार्यकारी निदेशक एसके वर्मा ने रांची और उप-केंद्रों के मुख्य महाप्रबंधकों के साथ सीईटी समन्वय बैठक के पहले दिन की अध्यक्षता की। समन्वय बैठक सीईटी मुख्यालय के उपकेंद्रों के साथ प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह सेल की परियोजनाओं में एकीकृत दृष्टिकोण और क्षमता निर्माण के लिए परियोजना रणनीति के आंतरिक सहयोग और संरेखण को सक्षम बनाता है। सीईटी की टीम का प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग केंद्र रांची में है और सेल के संयंत्र स्थानों पर इसके उप केंद्रों से अतिरिक्त इंजीनियरिंग और साइट इनपुट प्राप्त होता है।

# बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर दिया गया विशेष जोर

### शैक्षणिक सत्र-2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर कुल-1237 बालिकाओं के नामंकन पर हुई सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कस्तूरबा गांधी बालिका एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में 1237 बालिकाओं का चयन पढ़ाई के लिए किया गया। इसमें बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष जोर दिया गया। गुरुवार को रांची समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में आयोजित बैठक में इसे अंतिम रूप दिया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने की। बैठक में विधायक कांके समरी लाल और सांसद/विधायक के प्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/अवर विद्यालय निरीक्षक, राँची, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राँची जिला के सभी वार्डन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

**प्रखण्ड से चयनित नामंकन सूची अनुमोदन**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रखण्ड स्तरीय समिति से अनुशंसित बालिकाओं के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक में 6 वी कक्षा में कुल-891 बालिकाओं तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कुल-247 एवं अन्य-99 कुल योग-1237 बालिकाओं का चयन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**बिरहोर बालिकाओं के नामांकन पर विशेष जोर दिया गया**

शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए बिरहोर बालिकाओं के नामांकन के लिए इन प्रखंडो-खलारी, बुंडू, अनगढ़ा एवं कांके पर विशेष जोर दिया गया।

**नामंकन में प्रतीक्षा सूची**

उपायुक्त ने शैक्षणिक सत्र- 2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामंकन में प्रतीक्षा सूची में रखी गई बालिकाओं का चयन किसी बालिका के नामंकन नही लेने की स्थिती में कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।

**वैसे विद्यालय जहां मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा**

उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी का शिफ्टिंग से पहले चारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया एवं संबंधित वैसे विद्यालय जहाँ मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हैं, उसे पूरा कराने को कहा।

**डीसी ने सभी चयनित बालिकाओं को बधाई दिया**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शैक्षणिक सत्र -2023-24 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में चयनित होने पर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं उन्हें बेहतर शिक्षा लेते हुए भविष्य में अपना एवं राँची जिला झारखंड का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी।

## सूचना भवन के पास पेड़ गिरने से युवक व युवती घायल, अस्पताल में भर्ती



**रांची।** सूचना भवन से दुर्गा मंदिर की ओर जानेवाली सड़क पर आर्मी कैंप के पास एक पेड़ गिरने से बाइक से जा रहे युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि युवक-युवती दूरदर्शन की ओर तरफ से आ रहे थे। उसी समय पेड़ गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। फिलहाल उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस मामले की जानकारी घायल युवक व युवती के परिवारवालों को दे दी गयी है। वहीं दूसरी ओर डोरंडा स्थित पुराने हाईकोर्ट के गेट नंबर एक (तुलसी चौक) के पास पेड़ और पोल गिर गया। इस दौरान एक महिला को चोट आयी है।

# मस्जिद ए जाफरिया में दस दिवसीय मजलिस जिक्र ए शहीदाने कर्बला शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मस्जिद ए जाफरिया रांची में मजलिस जिक्र ए शहीदाने कर्बला का आगाज हो चुका है। मुहर्रम का चांद देखते ही शिया मुसलमानों के घर में हर तरफ से या हुसैन की सदा गूंजने लगी। मस्जिद ए जाफरिया में दस दिवसीय मजलिस जिक्र ए शहादत एक मुहर्रम से दस मुहर्रम की शुरुआत गुरुवार को हुई। इस मजलिस को मुख्य रूप से हाजी मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी इमाम जुमा व जमाअत मस्जिद ए जाफरिया रांची संबोधित कर रहे हैं।

मौलाना तहजीब उल हसन ने इस्लाम धर्म में आस्था रखने वालों को बताया कि इस्लाम को लाने वाले का नाम मोहम्मद है और इस्लाम को बचाने वाले का नाम हुसैन इब्ने अली है। इमामे हुसैन ने अपने पूरे घर की कुर्बानी कर्बला में नहीं दी होती, तो आज इस्लाम का नाम लेवा कोई ना होता। मुहर्रम इसलिए मनाओ ताकि इस्लाम पहचाना जाये। इस्लाम सिर्फ नमाज से नहीं, बल्कि अच्छे करतब से पहचाना जायेगा। नमाज को जिसने बचाया, उसका नाम हुसैन है। उसकी कुर्बानी को भूल जाना इस्लाम के साथ धोखा है। इस्लाम में धोखा देना मना है।

बताया गया कि यह कार्यक्रम 29 जुलाई तक चलेगा। 27 जुलाई को मजलिस के बाद आलम का मातमी जुलूस मस्जिद ए जाफरिया परिसर से निकाला जायेगा। 28 जुलाई को रात्रि 8:00 बजे अनवर टावर विश्वकर्मा मंदिर मेन रोड से निकालकर मस्जिद ए जाफरिया पहुंचेगा और वहां पर सभा में तब्दील हो जायेगा। 29 जुलाई 10 मुहर्रम को रोजे आशूरा बाद नमाज जोहर मस्जिद ए जफरिया परिसर से 1:00 बजे दिन में होगा और मातमी जुलूस यहां से निकलकर चर्च रोड, विक्रांत चौक, टैक्सी स्टैंड, मेन रोड, अंजुमन प्लाजा होते हुए कर्बला पहुंचेगा। इस वर्ष मुहर्रम में जुलूस का टैक्सी स्टैंड में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड अंजुमन जफरिया के तत्वाधान में स्वागत किया जायेगा।

# डोरंडा उर्दू लाइब्रेरी में रस्म ए पगड़ी आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी द्वारा गुरुवार को डोरंडा उर्दू लाइब्रेरी में रस्म ए पगड़ी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल थे।

रस्म ए पगड़ी में डोरंडा थाना क्षेत्र के सभी मोहल्ले के खलीफा को कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने पगड़ी बांध कर स्वागत किया। साथ ही, कमिटी द्वारा सभी खलीफा को मुहर्रम जुलूस निकालने को लेकर गाइडलाइन को पालन करने कर निवेदन किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने लोगो से आपस मे मिल जुल कर पर्व को मानने और कमिटी द्वारा बनायी गयी गाइडलाइन को अच्छे से पालन करने की बात कही। मौके पर डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के सेक्रेट्री मुमताज गद्दी, कोषाध्यक्ष मौलाना मनिरुद्दीन, प्रवक्ता नसीमुल हक, महावीर मंडल के अध्यक्ष जयसिंह यादव, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# फर्जीवाड़ा कर धार्मिक न्यास बोर्ड की जमीन बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

## झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की द्वितीय बैठक अध्यक्ष जयशंकर पाठक की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यास बोर्ड के कार्यालय हिनू में हुई। बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी।

बैठक में बोर्ड सदस्य सदस्य राकेश सिन्हा, संजीव तिवारी, अजय मिश्रा, न्यास बोर्ड कार्यालय के अधीक्षक अशोक राय मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कई गंभीर मसले भी सामने आये, जैसे- देवघर में कई ऐसे न्यास बोर्ड की जमीन हैं, जिनपर कांवरियों की सुविधा के लिए बनी धर्मशाला को फर्जीवाड़ा करते हुए बेच दिया गया या उसपर होटल बना दिया गया है। बैठक में शामिल सदस्यों ने इसे गंभीर बताते हुए प्रस्ताव पारित कहा कि अविलंब उन चिह्नित धर्मशालाओं को न्यास बोर्ड अपने कब्जे में लेगी और फजीर्वाड़ा करने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि जिन मंदिरों का निबंधन नहीं हो पाया है, उनका निबंधन 15 दिनों के अंदर कराने की दिशा में बोर्ड पहल करेगी और नयी कमिटी का गठन करेगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में तमाम जिलों में स्वंयसेवकों की एक कमिटी का गठन किया जायेगा, जो मंदिर के रख-रखाव सहित निबंधन की प्रक्रिया में अपनी महत्ती भूमिका अदा करेगी। इसके साथ-साथ राज्य के कई ऐसे मंदिर हैं, जिनकी भूमि अतिक्रमित की गयी है, उनको अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा। साथ ही, वहां श्रद्धालुओं के लिए मुलभूत सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ-साथ यह भी निर्णय लिया गया है कि स्वंयसेवकों का प्रशिक्षण शिविर अगस्त माह में लगेगा।

# आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को आज से लगेगा कैंप

**रांची।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आच्छादित लाभुकों को आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने के लिए राज्य के सभी जिलों में आज से 4 अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस पखवाड़ा के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सभी लाभुकों को सूचित करते हुए सहिया / स्वयं सहायता समूह के सदस्य / पीडीएस डीलर एवं अन्य एफएलडब्ल्यूएस के माध्यम से घर-घर जाकर तथा सीएचओ/ आयुष्मान मित्र / सीएससी (प्रज्ञा केन्द्र) पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस पखवाड़ा के दौरान सभी सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना, पंचायत भवन एवं ग्राम स्तर पर ई-केवाइसी के माध्यम से मुफ्त आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अस्पतालों में भी शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# डीएसपीएमयू में सिंडिकेट की बैठक, पास हुए कई प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में गुरुवार को सिंडिकेट की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किये गये। कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सिंडिकेट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से गत 16 मई 2023 को संपन्न 14वीं सिंडिकेट की बैठक में प्रस्तुत एजेंडों की संपुष्टि की। बैठक में क्रय समिति की पूर्व में की गयी कई बैठकों में लिए गए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उसका अनुमोदन किया गया। बैठक में गत 26 जून 2023 और 10 जुलाई 2023 को संपन्न फाइनेंस कमिटी के प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक में कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह, डॉ. कुनुल कांदिर, डॉ एसएम अब्बास, डॉ. पंकज कुमार, डॉ सर्वोत्तम कुमार और डॉ रेखा झा शामिल थे।

# रांची के अलग-अलग इलाके में मिले दो शव

**रांची।** राजधानी रांची के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार को दो शव मिले। पहला शव लालपुर थाना क्षेत्र में मिला हैं। वहीं दूसरा शव गोंदा थाना क्षेत्र में बरामद हुआ है। लालपुर थाना क्षेत्र के शव की पहचान छोटू वर्मा के रूप में हुई है जिसका शव जेल चौक से बरामद हुआ है। दूसरा शव कांके डैम से बरामद हुआ है। गुरुवार की सुबह मछुआरे ने कांके डैम में तैरता हुआ शव देखा जिसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से शव को बाहर निकाला और पहचान की गई। मृतक की पहचान बिरसा मुंडा के रूप में हुई है।

# फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ने जगन्नाथपुर के स्कूल में दिया कंप्यूटर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (फोवा) के सदस्यों ने छात्रों की शिक्षा में सहायता के लिये एक डेस्कटॉप कंप्यूटर एवं अन्य सामग्री को दान किया। यह सामग्री जगन्नाथपुर के बिरसा शिक्षा निकेतन स्कूल को दिया गया। छात्रों ने फोवा द्वारा प्रायोजित अनुभवी संगीत शिक्षक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

फोवा की अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने स्कूल प्रिंसिपल के समर्पण और निःस्वार्थ सेवा की सराहना की। उन्होंने छात्रों को समर्पण के साथ कड़ी मेहनत जारी रखने और समाज के लिए संपत्ति बनने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया। सदस्यों ने बच्चों के बीच स्टेशनरी के सामान, फल और मिठाइयां बांटीं। कार्यक्रम में विभा श्रीवास्तव के अलावा रुचि उपाध्याय, पूनम रंजन, सुनंदिता दास और मीनू पांडियन उपस्थित थीं।

# 'योग वाणी' सेमिनार 23 को, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

## राज्य के चिकित्सकों को योग की महत्ता बतायेंगे डॉ एचआर नागेंद्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आइएमए सभागार में 23 जुलाई को 'योग वाणी' सेमिनार का आयोजन होगा। यह जानकारी न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार और अमित कुमार ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि इसमें झारखंड के चिकित्सक और योग जिज्ञासु हिस्सा लेंग। सेमिनार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगा।

इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड राज्य समिति के नेतृत्व में रांची की मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर की ओर से अयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे।

**नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार देंगे जानकारियां :** योग वाणी सेमिनार में वीवाईएसए विश्वविद्यालय के कुलपति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग सलाहकार पद्मश्री डॉ एचआर नागेंद्र और केवल्य धाम लोनावाला के अकादमिक व ट्रेनिंग अध्यक्ष डॉ एन. गणेश राव तनाव योग के बारे में जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में फिजीसीयन डॉ पीएन सिंह, आईएमए के सचिव डॉ पंकज बोदरा, आईएमए रांची के अध्यक्ष डॉ शेखर चौधरी काजल, सर्जन डॉ रमेश दास, मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ अनुज कुमार के अलावा कई प्रसिद्ध चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। अगर आप कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं तो आप आयोजकों से संपर्क कर पास ले सकते हैं। सीट लिमिटेड है। इसलिए पहले आओ, पहले पाओ ते तहत पास दिया जायेगा।

### मरीजों को योग से कैसे निरोग रखें, इस पर होगी परिचर्चा

पूर्वी भारत के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन तथा झारखंड न्यूरोसाइंस सोसायटी के सचिव डॉ संजय कुमार ने बताया आज की व्यस्त जीवनशैली में योग का महत्व और बढ़ गया है। चिकित्सक खुद को और अपने मरीजों को योग के माध्यम से कैसे निरोग रखें। इस पर एक परिचर्चा की जायेगी. योग एसोसिएशन झारखंड राज्य के सचिव अमित कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए आधुनिक तथा प्राचीन सनातन चिकित्सा विधियों को मिलाकर समग्र चिकित्सा विधि को बढ़ावा देना है।

# मृणालिनी अखौरी के भजनों ने बाबा नगरी में सबका मन मोहा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देवघर के श्रावणी मेले में बुधवार की देर शाम कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित शिव लोक में रांची से गयीं आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की मशहूर गायिका डॉ मृणालिनी अखौरी ने अपने भजनों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। उनके भजन सुनने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शक देर रात तक जमे रहे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत पहले गणेश वंदना से की। उसके बाद शिव भजन ओम नमः शिवाय और राम भजन श्री राम जानकी, अच्युतम केशवम, हे राम हे राम, आते जाते राम कृष्ण नाम लीजिए, नाम हरि का जप ले बंदे फिर पीछे पछतायेगा आदि कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किये।

# खिजरी व हटिया विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता



### इन्होंने ली कांग्रेस की सदस्यता

**कांग्रेस** के सदस्यता लेने वालों में मनोज नायक, राजेश चौधरी, ललिता देवी, सुशीला देवी एवं सैकड़ों की संख्या में अन्य लोग थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खिजरी और हटिया विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम का आयोजन खिजरी विधायक के आवास सेक्टर 2 में हुआ।

इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि देश में आदिवासियों और दलितों पर आए दिन अत्याचार हो रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री मौन हैं। देश की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी लोगों का हम सहृदय स्वागत करते हैं।

प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। मणिपुर महीनों से जल रहा है। देश में आदिवासियों, दलितों पर अत्याचार चरम पर है। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर लोगों को लड़ा कर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने वाले सभी का स्वागत करता हूं।

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि देश को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र विकल्प है। देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आप सभी के सहयोग से हम संगठन को और मजबूत करेंगे।

कार्यक्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिंह सन्नी, अशोक मिश्रा, काजल भप्ताचार्य, परमेश्वर सिंह, पिकलु चटर्जी, सुनील उरांव, माधो कच्छप अभिषेक सिंह, रविशंकर सिंह, कमल ठाकुर, मोहित शाहदेव, सतीश पंडा, राजकिशोर प्रसाद, करमदेव सिंह, निकोलस एक्का, किशोर नायक, गोपाल उपाध्याय एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने 34 सब इंस्पेक्टर का किया स्थानांतरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 33 सब इंस्पेक्टर और 17 असिस्टेंट इंस्पेक्टर बदल दिये गये हैं। गुरुवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी पदाधिकारी दो दिनों के अंदर अपने नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान देते हुए मुख्यालय को सूचित करेंगे।

**उत्पाद सब इंस्पेक्टर :** अमित कुमार गुप्ता साहेबगंज, अभिषेक आनंद लोहरदगा, निलेश सिन्हा गोड्डा, पंकज कुमार चाईबासा, दिलीप शर्मा सिमडेगा, प्रदीप करमाली हजारीबाग, सुभाष बेसरा कोडरमा, झमन कुजुर धनबाद, संदीप नाग धनबाद, नीरज कुमार हजारीबाग, कृष्ण कुमार प्रजापति बोकारो, निर्भय कुमार सिन्हा रांची, सुप्रभात दत्ता जमशेदपुर, अभिषेक कुमार रांची, कुलदीप कुमार रांची, प्रकाश मिश्र रांची, राजीव नयन खूंटी, निर्मल मरांडी गढ़वा, मो गुरफान बोकारो, ओम प्रकाश जमशेदपुर, सन्नी विवेक तिर्की पाकुड़, दीपिका कुमारी बोकारो, भुवनेश्वर नायक हजारीबाग, कुमार राहुल दुमका, मणिकांत कुमार रांची, त्रिपुरारी कुमार सरायकेला, सुमितेश कुमार हजारीबाग, विक्रम कुमार साहू जामताड़ा, मनोज कुमार देवघर, कुमार सत्येंद्र जमशेदपुर, कांग्रेस कुमार देवघर, रूपेश कुमार रांची, श्वेता कुमारी, सोनू साहू लातेहार धनबाद भेजे गये हैं।

### 17 असिस्टेंट इंस्पेक्टर भी बदले

**उत्पाद असिस्टेंट इंस्पेक्टर :** आशीष कुमार पांडे चतरा, मिथिलेश कुमार देवघर, महेंद्र देवगम गिरिडीह, अमित कुमार सिंह हजारीबाग, अमित मड़की रामगढ़, जितेंद्र कुमार पलामू, लखन मुंडारी धनबाद, अमित किशोर प्रसाद चाईबासा, शिव सागर महतो कोडरमा, किशोर कुमार देवघर, मंजूर आलम अंसारी गुमला, रामदेव पासवान जमशेदपुर, वर्षा सिन्हा रांची, प्रेम रंजन कुमार दुमका भेजे गये हैं।

### गंगा प्रसाद यादव की पत्नी का निधन

**रांची।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव गंगा प्रसाद यादव की धर्मपत्नी का असाध्य वीमारी के कारण गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शिक्षाविदों ने शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति।

# जमीन कारोबारी से रंगदारी मांगने व फायरिंग करने के तीन आरोपी धराये

**रांची।** जमीन कारोबारी कमरूल हक से 50 लाख की रंगदारी मांगने और गोलीबारी करने वाले तीन अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि टीपीसी के नाम पर कारोबारी से रंगदारी मांगी गयी थी। मीडिया से बात करते हुए गुरुवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। घटना में शामिल मो. ताज, इम्तियाज अंसारी और वसीम खान को गिरफ्तार किया गया है। तीन मोबाइल फोन और दो कार बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने कांड में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। कमरुल हक ने रातू थाने में रंगदारी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। दर्ज प्राथमिकी में जमीन कारोबारी ने बताया था कि उनके मोबाइल पर आलोक नाम के एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को टीपीसी कमांडर बताया। उसके बाद संगठन के संचालन के लिए पैसों की मांग की, तथाकथित कमांडर आलोक ने कमरुल हक को जल्द से जल्द 50 लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा था। रातू थाना क्षेत्र के हाजी चौक के पास अपराधियों ने कमरूल हक होटल के बाहर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस फायरिंग में जब्बार अंसारी और इलिहास अंसारी को गोलियां लगी थी।

# इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा का पदस्थापन समारोह संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 का 7वां पदस्थापन समारोह गुरुवार को होटल ली लैक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सरिता प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि पूनम प्रकाश ने किया। क्लब की निवर्तमान अध्यक्ष नम्रता कुमार ने सत्र 2023- 24 की अध्यक्ष माला श्रीवास्तव को विधिवत पिन पहनाकर पदभार सौंपा गया।

नव पदस्थापित अध्यक्ष माला श्रीवास्तव ने वर्तमान सत्र की परियोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए क्लब के पदाधिकारी के रूप में उपाध्यक्ष सुप्रिता लाल , आईपीपी नम्रता कुमार,सचिव सोमा भादुड़ी, कोषाध्यक्ष नीता शेखर ,आईएसओ अर्चना त्रिवेदी, संवाददाता सुषमा सिन्हा को पिन लगाकर कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर मनीषा, रजनी दुबे, रीता वर्मा एवं अन्य को शपथ दिलाते हुए क्लब की सदस्यता प्रदान की गई।

**क्लब ने अंजली को दिया लैपटॉप :** क्लब द्वारा दो छात्राओं अंजली तिवारी को लैपटॉप और ममता सिंह को धनराशि देकर एजुकेशन के लिए सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन सुप्रिता लाल एवं रागिनी सिंह ने बखूबी निभाया। मौके पर अतिथि के रूप में आईडब्ल्यूसी जमशेदपुर ईस्ट, आईडब्ल्यूसी गुमला एवं आईडब्ल्यूसी रांची साउथ की इनरव्हील बहनों ने आकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में पीपी दीपा चौहान, पीपी देबजानी सन्याल, पीपीसीजीआर नीता नारायण, रेखा सिंह, सुषमा पांडे, नूपुर शशांक, देबजानी सन्याल, अंबुजा शरण, नीलम अखौरी ,कामिनी भारती, प्रिया रॉय, निशी श्रीवास्तव ,पदमा बंका, रिंकू बनर्जी, अंशु सहाय, ज्योति सिंह, आभा सिंह, शिप्रा बनर्जी अनुपमा चौधरी आदि ने सराहनीय सहयोग किया।

स्पीड न्यूज

### सिल्ली : सर्पदंश से महिला की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत हलमाद गांव निवासी बजरंगी महली की 32 वर्षीय पत्नी झालो देवी के जहरीला के सांप काटने से मौत हो गई। इस संबंध में बजरंगी ने बताया कि बुधवार रात खाना खाकर घर के अंदर जमीन पर सभी परिवार सोए हुए थे। उसी समय कैरेत सांप ने उसे डंस लिया। आनन-फानन में उसे सिल्ली अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### बीसा में बनेगा गवां देवती का मंदिर

**सिकिदिरी।** बीसा पंचायत के छोटकी गोड़ांग में आदिवासियों की पूर्वजों की गवांदेवती मंदिर निर्माण के लिए गुरुवार को एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आदिवासियों की गवांदेवती मां आदिकाल से हमारे गांव व समाज की रक्षा करती आई है। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष दिलेश्वर उरांव, सचिव जीवधन बेदिया, कोषाध्यक्ष जेठू भोगता, योगेन्द्र महतो, मानेश्वर महतो, दुखु पाहन, सनीचरवा उरांव, हर्षनाथ भोगता, रंथू भोगता, मनीराम भोगता, महेश बेदिया, नारायण भोगता, सहीराम बेदिया, जेठू बेदिया, बिरसा उरांव आदि उपस्थित थे।

### रातू : अगडू से विक्षिप्त किशोर लापता



**रातू।** थाना क्षेत्र के अगडू निवासी जहांगीर अंसारी के पुत्र 14 वर्षीय सोनू अंसारी 15 जुलाई की रात घर से लापता है। उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। इससे विवश होकर उसके पिता की ओर से रातू थाने में गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया गया है। जिस किसी को भी सोनू के बारे में पता चले वह मोबाइल नंबर 6203838650 और 8877141941 पर सूचना दे सकते हैं।

### उरुगुट्टू गांव से चोरी हुई आठ बकरियां बरामद

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू गांव से पुलिस ने गुरुवार की चोरी की गई आठ बकरियों को जब्त किया है। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उरुगुट्टू के एक मकान में चोरी करके रखी गई बकरियों की सूचना मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ बकरियों को जब्त कर लिया। वहीं चोर भनक लगते ही भाग खड़े हुए। पुलिस के अनुसार चोर उरुगुट्टू व काटमकुली के हैं पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### बाल संसद की बैठक में स्कूल के विकास पर चर्चा


**इटकी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारीडीह में गुरुवार को बाल संसद की एक बैठक प्राचार्य विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय की सर्वांगीण विकास की चर्चा की गई व विद्यालय को प्रखंड का मॉडल विद्यालय बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रोफेसर हरीश कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करने की आवश्यकता जताई। बैठक में विद्यालय के विद्यार्थी व शिक्षक के अलावे अन्य शामिल थे।

# कार-ऑटो की टक्कर, एक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** हुरहुरी में गुरुवार को दिन के करीब 11 बजे काले रंग के हुंडई आई-20 कार जेएच 01ईएस 599 और काटमकुली से काठीटांड़ आ रही पियागो ऑटो जेएच 01 ईवाई 7234 में सीधी भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि कार और ऑटो के अगले हिस्से की न केवल परखच्चे उड़ेए बल्कि चालक समेत एक महिला व वृद्ध ऑटो के अंदर फंस गये। ग्रामीणों ने रॉड की मदद से तीनों को बाहर निकाला। चालक 55 वर्षीय शरफराज अंसारी को हर्षित हॉस्पिटल पहुंचाया गया। उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि, उनकी पत्नी जमीला खातून और श्वसुर जाहिद अंसारी को कमलेश हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। दोनों को गंभीर चोटें आयी है। मृतक कांके चंदवे निवासी स्व जलील अंसारी के पुत्र थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। इससे पूर्व श्री अंसारी की आकस्मिक मृत्यु पर अस्पताल में कार चालक के बहनोई मो मोबारक और मृतक के परिजनों के बीच तीखी नोंकझोंक हुयी। पीसीआर की टीम ने उन्हें समझा-बुझा कर शांत कराया। मामले को लेकर पुत्र जेयाउल हक ने रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## कैसे घटी घटना





शरफराज अंसारी का ससुराल काटमकुली में था। उनके श्वसुर जाहिद अंसारी बीमार हैं। श्री अंसारी सुबह अपनी ऑटो में पत्नी के साथ आये और उन्हें इलाज कराने रातू ला रहे थे। जैसे ही वह हुरहुरी स्थित पेट्रोल पंप से आगे बढ़ेए विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में चालक के बगल सीट में एक महिला बैठी थी। दोनों अश्लील हरकत करते जा रहे थे। इस बीच कैसर अंसारी ने नियंत्रण खो दिया और कार ऑटो से टकरा गयी।

**गांव में पसरा मातम :** दुर्घटना में शरफराज की मौत से चंदवे के लोग सदमे में हैं। उनके परिवार में पत्नी समेत पांच पुत्र जेयाउल हक, सनाउल अंसारी, शाहबाज अंसारी, जहबाज अंसारी, अरबाज अंसारी और दो पुत्री रानी तब्बसुम और शब्बा परवीन हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। इलाजरत्त जमीला व जाहिद को शरफराज की मौत से बेखबर रखा गया हैं। बेहत्तर इलाज के लिये उन्हें रिम्स में भर्ती कराये जाने का ढाढस बंधाया जा रहा है। रात के 9 बजे उन्हें सुपुर्द-ए- खाक किया गया।

## करंट प्रवाहित तार पर झूल कर महिला ने की आत्महत्या

**सोनाहातू।** महुलडीह गांव में गुरुवार सुबह 40 वर्षीय महिला सत्यवती देवी का शव ट्रांसफर में लगे करंट बिजली तार में झूलता हुआ बरामद किया गया। महिला ने गांव के ही ट्रांसफार्मर में जाकर करंट बिजली तार में झूल गई थी। बिजली के तार में करंट होने के कारण महिला के झूलते ही मौत हो गया। इधर ग्रामीणों और परिजनों ने कहा कि पिछले कई दिनों से महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और विक्षिप्त की तरह व्यवहार कर रही थी।


## बेड़ो : ऑटो-बाइक की भिड़ंत में सात घायल



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघीया मिशन चौक के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे बाइक व सवारी ऑटो की टक्कर में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार मां व बेटा ईंटा नरकोपी निवासी 20 वर्षीय सुनील लकड़ा व 60 वर्षीय मां पुशिया उराईन पति स्व शनि उरांव घायल हो गए। वहीं सवारी ऑटो सवार 59 वर्षीय पंचु उरांव 55 वर्षीय भीखराम उरांवए48 वर्षीय ऑटो चालक शनिचर उरांव, 32 वर्षीय मुन्नी उराईन पति बबलू उरांव व 22 वर्षीय प्यारी कुमारी पति चामू उरांव पांचों अमलिया भरनो गुमला निवासी हैं। जिन्हें ग्रामीणों व स्वजनों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत व डा राजीव कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पंचु उरांव व भीखराम उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल ऑटो चालक ने बताया कि वे सभी सवारी ऑटो से अमलिया से शौका डोला बेड़ो जा रहे थे। इसी दौरान कुदारखो की ओर से आ रही बाइक सवार के साथ ऑटो की टक्कर हो गई। वहीं ऑटो के पलट जाने से ऑटो में सवार पांच लोग घायल हो गए।

## एक नजर में

### कांके : पत्रकार को पितृशोक



**कांके।** कांके क्षेत्र के प्रिंट मिडिया के वरिष्ठ पत्रकार सीआईपी निवासी राम मनोहर मिश्रा के 89 वर्षीय पिता सीताराम मिश्रा का बुधवार रात्रि इलाज के दौरान रिम्स में निधन हो गया। स्वर्गीय सीताराम मिश्रा केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान सीआईपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार गुरुवार को कांके पिठोरिया रोड स्थित जुमार नदी के तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में कांके विधायक समरी लाल भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश रितेश तिवारी रांची जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मदन कुमार महतो आजसू जिला कमेटी के अभिषेक राज हैंरेंज समाजसेवी शिवटहल नायक गिरजा शंकर पांडेय गोविंद नारायण तिवारी पंडित अजय मिश्रा सहित कई सीआइपीकर्मी व पत्रकार शामिल थे।

### ओरमांझी : वज्रपात से मकान-वाहन क्षतिग्रस्त

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के आनंदी में वज्रपात होने से सीसीएल कर्मी विनोद साहू की मकान व वाहन छतिग्रस्त हो गए। वहीं स्वजन बाल-बाल बच गए है। गुरूवार शाम छह बजे के करीब हुई घटना के संबंध में बताया कि हल्की वर्षा के साथ हुई जब वज्रपात हुई। जिससे सीसीएल कर्मी का मकान की दीवार फट गई। वहीं कार का शीशा टूट गया। घटना के सूचना मिलने पर मुखिया प्रावती देवी के प्रतिनिधि चांदबाबु मुंडा व उपमुखिया के साथ कई लोग पहुंचे। मुखिया द्वारा मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दी गई है।

### वज्रपात से एक ही परिवार के चार झुलसे

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के टुसू करंज टोला में वज्रपात से एक ही घर के चार लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार करंज टोला निवासी हसन अंसारी के एस्बेस्टस शीट घर में शाम लगभग छः बजे वज्रपात से चार लोग घायल हो गए। इनका इलाज कांके जेनरल हॉस्पिटल में कराया गया।

# रांची-गुमला रोड से हटा अतिक्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा रोड के दोनों ओर की सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकानदारी करने वाले दुकानों को हटाया गया। साथ ही अब से सड़क का अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई। वही अभियान के क्रम में कई दुकानों के सामान को जब्त किया गया। अब सड़क की चौड़ाई अधिक दिख रही है। वहीं कई फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष रोजीरोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उनका कहना है कि दुकान नहीं लगेगी, तो कमाई का कोई जरिया नहीं रह गया है। मौके पर अंचल निरीक्षक भीखम कुमार अमीन तुलसी दास फिरोज खान बोनिपास कच्छप व अनूप कच्छप विश्वनाथ गोप मौजूद थे।




सड़क को अवरुद्ध कर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगा दी जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। इसलिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी मार्गो पर सड़क को कवर कर दुकान लगाने वालों की दुकानें हटाई जाएगी।
**सुमंत तिर्की, सीओ।**

### मुख्यमंत्री से सड़क निर्माण रोकने की मांग

**ओरमांझी।** पूर्व सांसद रामटहल चैधर ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन देकर सड़क निर्माण के नाम पर 85 करोड़ रूपया का दुरूपयोग करने की जांच कर पथ निर्माण विभाग के अधिकरियों पर कार्रवायी करने की मांग की गई है। उन्होने बताया कि टाटीसिल्वे से राहे की सड़क बिल्कुल ठीक है। पांच से सात वर्षो तक मरम्मत की भी आवश्यकता नहीं है। बावजूद सड़क को उखाड कर मिट्टी की कटिंग की जा रही है। वहीं पेड़ो को भी काटा जा रहा है। इसमें पैसे की दुरुपयोग साफ दिखाई देता है। उन्होने बताया कि उक्त सड़क मार्ग वाहनों का आना-जाना कम है।

## तनवीर हसन अध्यक्ष और सुहैल अंसारी बने सचिव

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी नयांटोली में नौजवान कमेटी की बैठक तनवीर हसन की अध्यक्षता में हुयी। 29 जुलाई को मुहर्रम का त्योहार सादगी और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद बनी मुहर्रम कमेटी में तनवीर हसन अध्यक्ष, अबु तल्हा उपाध्यक्ष, सुहैल अंसारी सचिव, इरशाद अंसारी उप सचिव, मो कलाम कोषाध्यक्ष व शहबान अंसारी उप कोषाध्यक्ष चुने गये। संरक्षक मंडली में लाइसेंसधारी नियामत अंसारी, मोबारक अंसारी, जाकिर अंसारी, आशिक, महबूब अंसारी, इकरामुल अंसारी, मो गुलजार, शेख सोनू, अतुल अंसारी, मोहसिन आलम उर्फ मिंटू खान व मो शहबाज उर्फ बिक्की और कार्यकारिणी सदस्यों में मो अख्तर, कुदुश अंसारी, इमरोज अंसारी, असलम अंसारी, मंजुर आलम, इदरीश अंसारी, नियामत, मो शहनवाज, मो वशिम, मो तालिब, मो आरिफ, मो फिरोज, मो हसीब, महफूज आलम, मुजिबुल अंसारी, मो शकील, मो जमील, रमजान अंसारी शामिल हैं।

## आपराधिक घटनाओं को लेकर लिखा पत्र

**खलारी।** खलारी समाजसेवी सरोजनी देवी ने पत्र के माध्यम से खलारी थाना प्रभारी के खिलाफ चल रहे तेल (डीजल) गबन के आरोप को पूर्ण नहीं करने के संबंध में 13 जून को एक आवेदन दिया गया था। जो अब तक अधूरी जाँच को स्थगित नहीं करवाया है। इस संबंध में झारखंड सरकार व भारत सरकार से पत्र के माध्यम से कहा गया कि विगत दो तीन महीनों में एक दर्जन से भी ज्यादा गोली कांड रांची शहर एवं आसपास के इलाकों में हो चुका है। यह थम नहीं रहा है। वही खलारी थाना की बात करे तो इस वर्ष क्राइम रिपोर्ट में अनेकों धाराएं रजिस्टर्ड एवं अनरजिस्टर्ड घटनाओं का पता चल सकता है। उपरोक्त घटनाओ पर विचार किया जाये तो थाना के मिलीभगत से अपराधियों का मनोबल ऊंचा हो चुका है।

### ग्रामीण एसपी से की अनगड़ा थानेदार को निलंबित करने की मांग

**नामकुम।** प्रखण्ड की उपप्रमुख वीणा देवी ने ग्रामीण एसपी से मिलकर अनगडा थानेदार नवीन कुमार की शिकायत की है। उपप्रमुख ने थानेदार के निलंबन की मांग की है। उपप्रमुख ने ग्रामीण एसपी को बताया कि थानेदार ने जमीन कारोबारी की सहपर उनके आवेदन देने के बाद रिसिभिंग मागने पर उनके साथ बदसलुकी की और कहा कि आवेदन देकर चुपचाप चले जाई ये नहीं तो आपके साथ कुछ भी हो सकता है। इधर ग्रामीण एसपी ने कहा कि उपप्रमुख या किसी अन्य के साथ भद्रता से पेश आना अक्षम्य है। मामले में डीएसपी को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। इधर उप प्रमुख वीणा देवी ने कहा कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार पर न्यायालय स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है। थानेदार की अभद्रता बर्दाश्त से बाहर है। मैं चुप नहीं बैठूंगी।

### विहिप ने लिया कथा वाचन कार्यक्रम का निर्णय

**खलारी।** विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंगदल का बैठक फैक्ट्री मैदान सोमवार बाजार के हनुमान मंदिर में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंकज सिंह व संचालन नन्दू गंझू ने किया। बैठक में चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि आने वाले 17 अगस्त को कथा वचन व हवन करने का कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपील की गई कि मैक्लुस्कीगंज के ग्रामीण कथा वचन व हवन कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग से किया जाय।

## भूतनगर को खाली कराने का होगा विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। सीसीएल एन के एरिया क्षेत्र के विस्थापितो असंगठित मजदूरों एव राकोमसं के तत्वावधान में सीसीएल प्रबंधन एन के एरिया द्वारा सैयलो प्रोजेक्ट के तहत केडीएच परियोजना में 3400 करोड़ की लागत से बेल्ट द्वारा कोयला लाए जाने को लेकर महावीर नगर एवं भुतनगर बस्ती को षडयंत्र के तहत विस्थापित करने का विरोध करते हुए सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।



### बच्चों को मिला प्रमाण पत्र

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में सत्र 2022-23 में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सामान्य श्रेष्ठ और उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त करने वाले वाले सभी बच्चों को प्रेरणा स्पीकर के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। गायत्री परिवार प्रतिवर्ष कक्षा पांच से 12 तक के बच्चों का परीक्षा लेता है। इस मौके पर विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहुए अरुणा उरांव के साथ स्वाति शर्माएनीतीश कुमार यादव और फ्रांसिस बांडो शिक्षक शामिल थे।

# जैविक उद्यान में मगरमच्छ के पांच बच्चे का जन्म

### लुप्तप्राय जीव की श्रेणी में आते हैं मगरमच्छ

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक ओरमांझी में लुप्तप्राय जीव मगरमच्छ का प्रजन्न कराने में सफलता मिली है। उद्यान प्रषासन के अनुसार झारखंड में पहली बार मगरमच्छ का जन्म (जैविक उद्यान में) हुआ है। मगरमच्छ को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अनुसार अनुसूची एक में वर्गीकृत किया गया है। आईयूसीएन रेड लिस्ट डेटा के अनुसार भी इसे लुप्तप्राय जीव की श्रेणी में रखी गई है। 19 अप्रेल को मादा मगरमच्छ ने अंडा दी थी। जिसके 92 दिन बाद अंडा से पांच मगरमच्छ के बच्चे पैदा हुए। निदेशक जब्बर सिंह ने इसकी जानकारी दी और जन्म लिए पांचो बच्चों की रख-रखाव व समुचित व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी उद्यान के सहायक वन संरक्षक अशोक कुमार, वनक्षेत्र पदाधिकरी प्रमोद कुमार, वनरक्षी राकेश अवस्थी व पशुपालक विजय उरांव को दी और विषेष ध्यान रखने का निर्देश भी दिया गया है। वहीं जैविक उद्यान के चिकित्सक डा. ओमप्रकाष साहू ने बताया कि अंडा देने के 90 दिन बाद बच्चे बाहर आ जाते हैं। लेकिन झारखंड का मौसम में ठंड रहता है। जिसके कारण दो दिन की देर हुई। सभी मगरमच्छ के बच्चे स्वस्थ्य हैं। झारखंड में पहली बार मगरमच्छ का जन्म होने से उद्यान प्रशासन इसे एक उपल्बधि के रूप में देखते हुए हर्ष व्यक्त किया गया है।



जैविक उद्यान में जन्मे लुप्तप्राय जीव मगरमच्छ के बच्चे।

### मुटा में है मगरमच्छ प्रजनन केंद्र

लुप्तप्राय जीव मगरमच्छ का प्रजनन व संरक्षित करने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मुटा में मगरमच्छ प्रजनन केंद्र खोला गया। वहां पर कई वर्ष तक मगरमच्छों को रखा गया और करोड़ रुपए खर्च भी किए गए। बावजूद सफलता नही मिली थी, और वहां पर रखे मगरमच्छ की संख्या में कम होती गई। जब मात्र तीन मगरमच्छ बचे तो 2018 में तीनों को मुटा से स्थानान्तरण कर बिरसा जैविक उद्यान लगाया गया था। मगमरमच्छ द्वारा अंडा देने के बाद इसे देख रेख करने की जिम्मेदारी जैविक उद्यान के जीव विज्ञानिक विवेकानन्द कुमार को दी गई थी।


cmpdi

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

कार्यालय :- जिला पशुपालन पदाधिकारी गुमला

आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजनान्तर्गत छोटे एवं सीमान्त किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता तथा कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से Castrated नर बाछाओं को जोड़ा बैल के रूप में राज्य के सुदुरवर्ती क्षेत्रों में वितरण करने की योजना है, जिससे की किसानों को कम लागत से खेती कार्य में सहयोग हो सके तथा अधिक मुनाफा प्राप्त हो सके। योजना इस प्रकार है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिषत | लाभुक अंषदान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोड़ा बैल वितरण की योजना | 40000.00 | 90% अधिकतम 36000.00 | 10% अधिकतम 4000.00 |

लाभुक के चयन की प्रक्रिया निम्नवत होगी-
1. लाभुक झारखण्ड का किसान हो।
2. लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो एवं बी.पी.एल. कोटि की श्रेणी में हो।
3. झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी हो।
4. अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / आदिम जनजाति एवं दिव्यांग जनों को चयन में प्रथमिकता दी जायेगी।
5. लाभुक का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा।
जिसका अनुमोदन प्रखण्ड स्तरीय समिति से तथा जिला स्तरीय समिति से की जायेगी।
6. जिलास्तरीय समिति से पारित लाभुकों का Escrow A/c में खोला जायेगा एवं अनुदान राशि खोले गये Escrow A/c में हस्तांतरित किया जायेगा। अपना अंशदान भी एक माह के अन्दर खोले गये Escrow A/c में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. ग्राम सभा से पारित कराकर अपना नाम दिनांक- 08.08.2023 तक अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा करेंगे।

नोट :-इच्छुक किसान अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.302822 Animal Husbandry(23-24):D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा
Email - dairylohardaga@yahoo.com

-: आवश्यक सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित इच्छुक ग्रामीण कृषकों / पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय / जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा की गई प्रति और स्थानीय जाति / निवासी प्रमाण पत्र / आधार कार्ड / बैंक खाता पासबुक की स्व-हस्ताक्षरित छाया प्रति / विकलांग प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक-14.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

| क्र | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान % | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दो (02) दुधारू गाय / भैंस की योजना | 1,35,050/- | 90% | आपदा / आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला / सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला / परित्यक्त महिला / दिव्यांग महिलाओं के लिए। |
| | | | 75% | सभी महिला लाभुकों के लिए (आपदा / आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला / सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला / परित्यक्त महिला / दिव्यांग महिलाओं को छोड़कर) |
| | कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना | | | |
| 2 | पाँच (05) दुधारू गाय / भैंस की योजना | 3,37,625/- | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 50% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 3 | दस (10) दुधारू गाय / भैंस की योजना | 6,75,250/- | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 50% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| | चारा काटने की मशीन | | | |
| 4 | हस्त चालित चैफ कटर | 8,000/- | 90% | पशुपालकों / लघु डेयरी उद्यमियों / युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वयं सहायता समूह के सदस्यों / प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति / जनजाति / दुग्ध सहकारी समिति के लाभुक |
| | | | 75% | अन्य सभी जातियों के लिए (पशुपालकों / लघु डेयरी उद्यमियों / युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वयं सहायता समूह के सदस्यों / प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति / जनजाति / दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों को छोड़कर) |
| 5 | विद्युत चालित चैफ कटर | 20,000/- | 90% | पशुपालकों / लघु डेयरी उद्यमियों / युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वयं सहायता समूह के सदस्यों / प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति / जनजाति / दुग्ध सहकारी समिति के लाभुक |
| | | | 75% | अन्य सभी जातियों के लिए (पशुपालकों / लघु डेयरी उद्यमियों / युवा शिक्षित बेरोजगार / स्वयं सहायता समूह के सदस्यों / प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति / जनजाति / दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों को छोड़कर) |
| | प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना | | | |
| 6 | मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 90% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 7 | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 90% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 9 | डीप बोरिंग | 1,00,000/- | 90% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 10 | काउ मैट | 5,200/- | 90% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति के लिए |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |

विभागीय राज्यादेश सं0-10रा0(वि0) दिनांक-14.06.2023 के क्रम में अहर्ता / नियम व शर्तें :-

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति तथा ग्राम सभा की अनुसंशा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुसंशा उपरांत उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान् नही रहने पर मुखिया, झारखण्ड मिल्क फेडरेशन(JMF) के प्रतिनिधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे।
- विगत 05 वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS के परिमापित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नही होगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान-सह-लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। वैसे चयनित लाभुक जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अंतर्गत पशु शेड निर्मित है, की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरांत गव्य विकास निदेशालय से निबंधित / सूचीबद्ध पशु विक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- हस्त चालित / विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मेक तथा विशिष्टि के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मेक तथा विशिष्टि के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर अनुदान राशि लाभुकों का उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में जमा करना सुनिश्चित् किया जायेगा।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।

PR 302820 Lohardaga (23-24)_D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा

# इंडिया की बात?

विपक्ष के अनेक नेता घोटालों में आरोपों का सामना कर रहे हैं। न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई चल रही ही। इसे वह संस्थाओं और प्रजातंत्र पर हमला बता रहे हैं। नेशनल हेराल्ड घोटाला, चारा घोटाला, नौकरी के बदले जमीन आदि प्रकरण अपने में बहुत कुछ कहने वाले हैं। गठबंधन में महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला भी शामिल हैं। कश्मीर में संवैधानिक सुधारों के दौरान इनके बयानों को देश भूला नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि अन्य विपक्षी पार्टियां जम्मू-कश्मीर पर इनके विचारों का कितना समर्थन करेंगी। उद्धव ठाकरे की शिवसेना का अस्तित्व संकट में है। उसके प्रवक्ता कहते हैं कि अब भाजपा को इंडिया के खिलाफ लड़ना होगा। मतलब मात्र नामकरण से ही इनका पूरे देश में प्रभाव कायम हो गया है। ममता बनर्जी से बंगाल संभल नहीं रहा है। वहां अराजकता का माहौल है। पंद्रह साल बाद भी वह विकास पर बात नहीं करतीं। लेकिन दावा करती हैं कि इंडिया को बचाना है, देश को बचाना है। भारत जीतेगा, इंडिया जीतेगा, देश जीतेगा, भाजपा हारेगी। राहुल गांधी का विगत नौ वर्षो से एक ही अंदाज है। एक बार फिर उन्होंने कहा कि यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज को कुचला जा रहा है, यह लड़ाई देश के लिए है। इसलिए इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम चुना गया। यह ठऊअ और कठऊकअ की लड़ाई है। नरेन्द्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच की लड़ाई है। भारत की संस्थाओं पर हमला हो रहा है। हमारी लड़ाई बीजेपी की विचारधारा के खिलाफ है। ये लड़ाई भारत बनाम बीजेपी है। ये भारत बनाम पीएम मोदी की लड़ाई है। दिल्ली की बाढ़ आपदा की अनदेखी कर अरविंद केजरीवाल भी बेंगलुरु पहुँचे थे। वह भी देश को बचाने के लिए बेकरार थे।

# कश्मीर में आतंक

दरअसल, अब आम लोग महसूस करने लगे हैं कि कश्मीर का विकास देश की मुख्यधारा से जुड़कर ही संभव है। वे रोजगार व कारोबारों को नये सिरे से स्थापित कर रहे हैं। यही बात आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को रास नहीं आ रही है। दूसरी ओर सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने से उनके आका बौखलाए हुए हैं। सेना व सुरक्षाबलों से मुकाबला न कर पाने की स्थिति में निहत्थे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उनकी आर्थिक मदद करने वालों पर भी सख्त शिकंजा कसा गया है। पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन इसी हताशा में आम लोगों को निशाना बनाकर भय का माहौल बनाना चाह रहे हैं। लेकिन वे भूल जायें कि नब्बे के दौर जैसा आतंक का माहौल, वे फिर से बना पायेंगे। बहरहाल, जिस तरह से घाटी में आम लोगों पर हमले हो रहे हैं, उसे आतंकवाद की नई दस्तक माना जा सकता है, जो हमें और अधिक सतर्क होने का संदेश देती है। जहां एक बार फिर घुसपैठ पर पैनी निगाह रखने की जरूरत है, वहीं तलाशी व निगरानी अभियान को नये सिरे से चलाये जाने की भी जरूरत है। बहुत संभव है कि हताशा के चलते पाक पोषित आतंकी संगठनों ने आतंक फैलाने के लिये स्थानीय स्लीपर सेलों की मदद लेनी शुरू कर दी हो, जिन पर भी निगरानी रखने की जरूरत है। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि जम्मू कश्मीर से विशेष प्रावधान हटाये जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की सभी कोशिशें विफल होने और अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाक घाटी में फिर से हिंसा का नया दौर लाने की बड़ी साजिशें रच सकता है। इस नयी चुनौती का मुकाबला करने के लिये एलओसी और केंद्रशासित प्रदेश के भीतर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

# नई शिक्षा नीति और सीखने-सिखाने की संस्कृति




कहा जाता है धरती पर ज्ञान जैसी कोई दूसरी पवित्र वस्तु नहीं है। भारत में प्राचीनकाल से ही न केवल ज्ञान की महिमा गाई जाती रही है बल्कि उसकी साधना भी होती आ रही है। इस बात का असंदिग्ध प्रमाण देती है काल के क्रूर थपेड़ों के बावजूद अभी भी शेष बची विशाल ज्ञान राशि। अनेकानेक ग्रंथों तथा पांडुलिपियों में उपस्थित यह विपुल सामग्री भारत की वाचिक परम्परा की अनूठी उपलब्धि के रूप में वैश्विक स्तर पर अतुलनीय और आश्चर्यकारी है। यह हमारे लिए सचमुच गौरव का विषय है कि आज जैसी उन्नत संचार तकनीकी के अभाव में भी मानव स्मृति में भाषा के कोड में संरक्षित होकर यह सब जीवित रह सका।

इस परम्परा में मनुष्य के जीवन में होने वाले आरम्भ में विकास और उत्तर काल में ह्रास की अकाट्य सच्चाई को स्वीकार करते हुए मनुष्य को जीने के लिए तैयार करने की व्यवस्था की गई थी। ज्ञान केंद्रित भारतीय संस्कृति के अंतर्गत अभ्यास और गुरु के संरक्षण में मिलने वाली शिक्षा का परिणाम व्यास, पाणिनि, पतंजलि, वाल्मीकि, कणाद, गौतम, जैमिनि, भरत, कालिदास, भर्तृहरि, बाणभट्ट, भवभूति, चाणक्य, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, चरक, सुश्रुत, शंकराचार्य आदि जैसी महान विभूतियों और उनकी अमूल्य कृतियों के रूप में प्रतिफलित हुआ। गुणवत्ता और शिक्षा की उत्कृष्टता की दृष्टि से नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे विद्या केंद्रों की वास्तविकता विश्व विदित है।

देश की आवश्यकता और वर्तमान वैश्विक संदर्भ में शिक्षा का ढाँचा और प्रक्रिया में बदलाव लाने की दृष्टि से पाँच वर्ष लम्बे विचार विमर्श के बाद 2020 में नई शिक्षा नीति का मसौदा लाया गया । वर्ष 2020 में आई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारत की औपचारिक शिक्षा की चुनौतियों और संभावनाओं को पहचान कर उसका आकलन करते हुए समर्थ भारत के निर्माण के लिए शिक्षा के आयोजन के लिए एक खाका प्रस्तुत किया था। इस नीति के आने के साथ ही औपचारिक शिक्षा से जुड़े हितधारकों में चचाएं शुरू हो गईं। नीति की संस्तुतियों को शिक्षा में सुधार की सकारात्मक पहल मानते हुए सबके द्वारा इसका स्वागत किया गया। जुलाई 2020 में प्रस्तुत की गई इस नीति से जुड़ी कार्य योजनाएँ दिसंबर 2020 तक आने लगीं। पिछले तीन वर्षों में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा एवं शोध के लिए सरकार ने जो कुछ भी कहा, सुना और किया, उसे नीति के क्रियान्वयन का हिस्सा बनाया गया। समग्र शिक्षा अभियान की अवधि को 2025-26 तक बढ़ा दिया गया। इसे नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का माध्यम बनाया गया। 8 अप्रैल 2021 को सार्थक (स्टूडेंट्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट थ्रो क्वालिटी एजुकेशन) नाम से एक वृहद् कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। यह कार्ययोजना वर्तमान में एक मार्गदर्शिका की भूमिका में कार्य कर रही है। किसी भी राज्य की विद्यालयी शिक्षा से जुड़ी आधिकारिक वेबसाइट पर इसके आलोक में बनाई जा रही योजनाओं का ब्योरा देखा जा सकता है। इसका उपयोग नीति के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की उपलब्धि को मापने के लिए भी किया जा रहा है। नीति की एक प्रमुख संस्तुति आधारभूत साक्षरता और गणितीय योग्यता का संवर्धन करना था। इस दिशा में पहल करते हुए 5 जुलाई 2021 को ह्यनिपुण भारत अभियानह्ण शुरू किया गया। इस अभियान का लक्ष्य रखा गया कि वर्ष 2026-27 में कक्षा तीन तक के बच्चे पढ़ने और गिनने की आधारभूत क्षमता से युक्त हो जांय । नीति के क्रियान्वयन की एक मुख्य एजेंसी एनसीईआरटी है। इसने इस दिशा में पहल करते हुए 29 जुलाई 2021 को विद्या प्रवेश नाम के खेल आधारित माड्यूल प्रस्तुत किया। इस संस्था के द्वारा आधारभूत स्तर (फाउंडेशनल स्तर) के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा प्रस्तुत की जा चुकी है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की विद्यालयी शिक्षा के लिए भी राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का एक मसौदा चर्चा और फीडबैक के लिए आ चुका है। एनसीईआरटी ने सेवारत अध्यापकों के पेशेवर विकास के लिए संचालित निष्ठा कार्यक्रम को भी नीति के अनुसार सुधार कर संयोजित किया है।

इसके अंतर्गत विद्याजंलि और पीएम श्री योजना प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है। भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय 2020 के बाद जिस किसी भी कार्यक्रम और योजना को आरंभ कर रहा है कि उसे शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की शक्ल में प्रस्तुत कर रहा है। यह राहत की बात है कि केंद्र सरकार ने विगत वर्षों की तुलना में अपने शिक्षा बजट में लगभग 11.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

उच्च शिक्षा के स्तर पर किसी केंद्रीकृत सुधार की जगह विश्वविद्यालय और राज्य सरकारों के स्तर पर सुधार के कुछ प्रयास हो रहे हैं। अधिकांश विश्वविद्यालयों की वेबसाइटों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की कार्ययोजना का ब्योरा देखा जा सकता है। ये कार्य योजनाएँ शिक्षा नीति से सूत्र को पहचानती हैं और इसके क्रियान्वयन का चरणबद्ध प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। इनमें पाठ्यचर्या और शिक्षण प्रक्रिया में सुधार और आकलन की लचीली पद्धति का उल्लेख किया जाता है। एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट के विकास को जरूर बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। हर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के नाम पर नए तरह के अध्ययन कार्यक्रमों को आरंभ करने की योजना बनाने में अग्रसर हो रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उत्साह पोर्टल आरंभ कर नीति क्रियान्वयन की निगरानी की कोशिश भी की जा रही है। इसके लिए बहुअनुशासनात्मकता, डिजिटल संसाधनों का अधिकाधिक प्रयोग, कौशल विकास, शोध, नवाचार, उद्यमिता और भारतीय भाषाओं में उच्च शिक्षा के अवसरों को को लेकर उच्च शिक्षा संस्थानों की कार्ययोजना की निगरानी और उन्हें सहयोग देने का प्रयास जारी है। इस नीति के क्रियान्वयन का सकारात्मक परिणाम यह भी है कि उच्च शिक्षा के परिसरों में भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय भाषाएँ अब एक महत्वपूर्ण घटक की तरह पहचानी जा रही हैं किंतु अभी यह रस्मी तौर पर हड़बड़ी में ही हो रहा है।



-गिरीश्वर मिश्र

> दुर्भाग्यवश कोरोना की लम्बी महामारी के दौरान लड़खड़ाती पुरानी व्यवस्था भी बेपटरी हो गई और नई नीति भी शिक्षा का स्वभाव बदलने के लिए आगे बढ़ी। इन सबके बीच अस्त-व्यस्त शिक्षा व्यवस्था नई चुनौतियों से जूझ रही है। इस बीच जनसंख्या की दृष्टि से अब जब भारत विश्व में प्रथम स्थान पर पहुँच चुका है इसकी युवा पीढ़ी संख्या की दृष्टि से अब अधिक अपेक्षा करती है।

## खास बात

# संस्कृत का महत्व

**अनुष्का चौधरी**

**संस्कृत** संस्थानों से पढ़ाई करके बेहतर करिअर निर्माण किया जा सकता है। यदि आप संस्कृत में अपना करिअर बनाना चाहते हैं तो हाई स्कूल की पढ़ाई से ही संस्कृत विषय का चुनाव करना चाहिए। बारहवीं पास करने के उपरांत उन संस्थानों में प्रवेश लेना होगा जो संस्कृत विषय में डिग्री और डिप्लोमा का पाठ्यक्रम करवाते हों। यदि उच्च शिक्षा में रुचि है तो संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर किया जा सकता है लेकिन संस्कृत विषय में गहन शोध करने के लिए आपको डॉक्टरेट की उपाधि लेनी होगी। केंद्रीय विद्यालयों में संस्कृत भाषा को तीसरी भाषा के रूप में महत्त्व दिए जाने पर वहां नौकरी के अवसर अधिक बढ़ चुके हैं। संस्कृत में अनुवादक और धर्म गुरु बनने के भी मौके आपको प्राप्त हो सकते हैं। संस्कृत भाषा एवं विषय के अध्ययन के पश्चात युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, ये अवसर सरकारी, निजी और सामाजिक सभी क्षेत्रों में मौजूद हैं : प्राथमिक अध्यापक विशारद या शास्त्री की अर्हता वाले अभ्यर्थियों के लिए प्राथमिक शिक्षा में करिअर बनाने का अवसर उपलब्ध है। प्रवक्ता या प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य और ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत विषय पढ़ाया जाता है। संस्कृत से स्नातक परीक्षा (शास्त्री, बीए) उत्तीर्ण और अध्यापन में प्रशिक्षण (बीएड) प्राप्त अभ्यर्थी इसके लिए पात्र होते हैं। समय समय पर केवीएस व समस्त राज्यों के शिक्षा विभाग इसकी सूचना प्रकाशित करते रहते हैं। प्रशासनिक सेवा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से प्रतिवर्ष रिक्तियां निकाली जाती हैं। संस्कृत से स्नातक युवाओं को प्रशासनिक सेवा में जाने तमाम अवसर उपलब्ध हैं। सहायक व्याख्याता देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक व्याख्याता की नौकरी कर सकते हैं।अनुसंधान सहायक कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को अनुसंधान के लिए छात्रवृत्ति मिलती है।

**विपक्षी** दलों के गठबंधन के नामकरण पर स्पष्ट रूप से यह समझने की आवश्यकता है किसी भी शब्द में भाषाई अनुवाद और अवधारणा में जमीन आसमान का अंतर होता है। जब आप विचार पर लड़ने की बात करेंगे तो मात्र अनुवाद बताकर विवाद से नहीं बच सकते।

**-सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**प्रोजेक्ट** भवन में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में प्रमंडल स्तरीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा आयुष्मान योजना निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों का तेजी से निमार्ण नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी का पदाधिकारियों को निर्देश दिया। **– हेमंत सोरेन**





**ऐसे** बदला मेरा देश! कांग्रेस सरकार के समय 2ॠ स्पेक्ट्रम के आवंटन में भी करोड़ों का घोटाला हो जाता था, जबकि मोदी सरकार के समय में 500 से अधिक जिलों में मोबाइल के लिए 5ॠ सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं। **– अन्नपूर्णा देवी**

# अमरत्व

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

**आत्मा** की अमरता के बारे में गीता के ज्ञान का आदि-स्रोत कठोपनिषद को माना जाता है। इसके मूल में मृत्यु, उसका भय, उस भय से उबरकर ज्यादा बड़े अर्थों में जीवन जीने की राह की तरफ इशारे हैं। इन राहों पर चलकर हम शायद वह अमरता भी पा सकते हैं, जो उन लोगों के हिस्से आई, जिनके बारे में हम महापुरुष सरीखा संबोधन प्रयोग में लाते हैं।

कठोपनिषद एक कहानी से शुरू होता है। इसके दो अहम किरदार हैं। यम और नचिकेता। हालांकि कहानी की शुरूआत वाजश्रवा के एक श्राप से होती है। श्राप भी ऐसा, जिसमें मृत्यु की कामना है। श्राप देने वाले वाजश्रवा हैं। उसे झुक कर स्वीकार करने वाला कोई और नहीं, उनका बेटा नचिकेता है।

हुआ यूं कि वाजश्रवा ने अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए यज्ञ करने की ठानी। यज्ञ पूरा हुआ, तो दान की बारी आई। दान में वह लोगों को बूढ़ी, बीमार और बांझ गाएं दिए जा रहे थे। बालक नचिकेता को लगा कि गायों के बाद शायद मेरी बारी आए क्योंकि दान में तो वह दिया जाता है, जो सबसे प्रिय हो।

बालक ने पिता से जिद करके पूछना शुरू कर दिया, ह्यभला आप मुझे किसे दान में देंगे। इससे झल्लाए पिता ने कहा, जा, मैं तुझे मृत्यु को देता हूं। बेटे को श्राप देने के बाद पिता को पछतावा होने लगा। वह बहुद दुखी हो गए। लेकिन बालक नचिकेता पिता को प्रणाम कर मृत्यु के देवता यमराज के द्वार जा पहुंचा।

## कॉर्टून वर्ल्ड




# नये नामकरण के अलावा विपक्ष में कुछ नहीं बदला

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

## राजनीति

बेंगलुरू में विपक्षी दलों के जुटान के बीच लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गठबंधन के नामकरण के लिए भारी भरकम शब्दों का चयन किया। पर उनकी राजनीति में इसका फिट होना मुश्किल है। विपक्षी दलों गठबंधन को इंडिया नाम दिया गया। यह जोड़-तोड़ कर बनाया गया नाम है - इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस।

वैसे इस नामकरण के चलते विपक्षी दलों की जवाबदेही बढ़ गई है। अब उन्हें यह बताना होगा कि डेवेलपमेंट के मुद्दे पर उनकी कितनी विश्वसनीयता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन (संप्रग) को दस वर्ष (सन् 2004 से 2014 तक) सरकार चलाने का अवसर मिला। पश्चिम बंगाल में डेढ़ दशक से तृणमूल की सरकार है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को भी अवसर मिला है। बताया गया कि गठबंधन बैठक मे शामिल हुए दलों की 11 प्रदेशों में सरकारें हैं। लेकिन बिडम्बना देखिए कि बेंगलुरु बैठक में किसी ने भी अपनी सरकार के विकास कार्यों पर एक शब्द भी नहीं कहा। वह मोदी सरकार पर हमलावर रहे। लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक सौहार्द की दुहाई देते रहे। लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि अभी बंगाल में हुए पंचायती चुनाव मे लोकतंत्र और संविधान का कितना सम्मान हुआ। बंगाल में विधानसभा चुनाव के समय भी व्यापक हिंसा हुई थी।

सीपीआई नेता डी. राजा ने जो कहा वह बंगाल पर ज्यादा लागू होता है। उन्होंने सुरक्षा, प्रजातंत्र जैसे विषय उठाए। आरोप मोदी सरकार पर लगाया, निशाने पर बंगाल सरकार थी। महबूबा मुफ्ती आरोप लगाती हैं कि देश आंतरिक रूप उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है, जहां हमारा अस्तित्व ही खत्म हो गया है। हमारे देश में सब कुछ दांव पर है। साफ है यह उनकी अपनी राजनीतिक पीड़ा अभिव्यक्त हो रही थी। उमर अब्दुल्ला भी बेचैन हैं। जम्मू-कश्मीर के संवैधानिक सुधारों ने इनकी पुश्तैनी सियासत पर ग्रहण लगा दिया है। सबकी अलग अलग समस्या और उम्मीद को देखते हुए विपक्षी गठबंधन का नया नामकरण निरर्थक ही लग रहा है।

जिस दिन बेंगलुरू में विपक्षी दल केन्द्र सरकार के विरूद्ध एकजुट होकर नए नामकरण से गदगद थे, उसी समय नई दिल्ली में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में सकारात्मक विचार विमर्श हुआ। नौ वर्षों में विकास के अभूतपूर्व कार्य गिनाए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला। कहा कि 'इन लोगों को भ्रष्टाचार से इन लोग को बहुत प्रेम है। ये लोग परिवारवाद के समर्थक है। ये लोग परिवार प्रथम के लिए काम करते हैं। परिवारवादी पार्टी ने देश का विकास नहीं किया। बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा हुई लकिन इन पार्टियों ने कुछ नहीं बोला। शराब घोटाले पर भी ये पार्टियां कुछ नहीं बोलती हैं। भाजपा ने विपक्ष में भी सकारात्मक राजनीति की प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने कभी नकारात्मक राजनीति का रास्ता नहीं चुना। सरकारों का विरोध करने के लिए कभी विदेशी मदद नहीं मांगी। सत्ता की मजबूरी, परिवारवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया गया गठबंधन देश का बहुत नुकसान करता है। पहले सत्ता के गलियारे में जो बिचौलिए घूमते थे, हमने उनको बाहर कर दिया है। जन-धन, आधार और मोबाइल की त्रिशक्ति से लगभग तीस लाख करोड़ रुपए डीबीटी के जरिए लाभार्थियों के खाते में पहुंचे। लगभग तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाया है। नौ वर्ष पहले देश की अर्थव्यवस्था टॉप दस से बाहर थी, आज देश विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

## लेटर टू एडीटर

### सजग मतदाता

**चुनाव** से पूर्व हर राजनीतिक पार्टी अपने घोषणा-पत्र में लोकलुभावनी घोषणाएं करती हैं। इसलिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं ताकि घोषणा पत्र में ऐसी बातें रखी जाएं, जिससे जनता को अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। परन्तु अब जनता इन राजनेताओं के वादों, घोषणाओं से पूरी तरह सावधान रहती है। आखिर इसकी दवा क्या है?

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

### पर्यावरण की समझ

**आखिर** पर्यावरण से होने वाले नुकसान अब आंख के सामने आ चुके हैं। जुलाई बीत रहा है और किसान आसमान की ओर बरसात के लिये नजर गढ़ाये हुए है। इस परिवर्तन को हम बदलते मौसम के नुकसान और औद्यागिक प्रदूषण से जोड़कर देख सकते हैं। अब नहीं चेते तो पूरा विश्व इससे ग्रस्त हो जाएगा और हम प्रकृति के प्रकोप से बर्बाद हो जायेंगे।

**- रिया सिंह, रांची**

# दिल्ली की बाढ़: हंगामा है क्यों बरपा

**डॉ. शिव सिंह रावत**

**पिछले** दिनों हथनीकुंड बैराज (एचकेबी) से निकलने वाली दो नहरों में पानी न छोड़ने, एचकेबी बैराज पर यमुना नदी के पानी का भंडारण नहीं करने और जानबूझकर यमुना का सारा पानी दिल्ली की ओर भेजकर बाढ़ की स्थिति पैदा करने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से निहित समूहों द्वारा हरियाणा को दोषी ठहराने का भ्रम फैलाया गया। नदी-नहर तथा बैराज-बांध के अंतर और एचकेबी के गेटों के संचालन को लेकर आमजन को गुमराह किया गया। जल विशेषज्ञ होने के नाते, तथ्यों को सार्वजनिक मंच पर लाकर भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए मैंने इस लेख के माध्यम से कोशिश की है। आइए बिंदुवार तथ्यों पर गहराई से गौर करें-हरियाणा सरकार ने दोनों नहरों में पानी क्यों नहीं छोड़ा? मैं यह स्पष्ट कर दूं कि 12 मई, 1994 के समझौते के अनुसार यमुना जल को पांच राज्यों - हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को आवंटित किया गया है। हथनीकुंड बैराज पर यमुना नदी से दो नहरें निकलती हैं। पहली पश्चिमी यमुना नहर (डब्ल्यूवाईसी)- इस नहर से यमुना का पानी हरियाणा को सिंचाई के लिए और दिल्ली को पीने के लिए दिया जाता है। इस नहर की क्षमता 20000 क्यूबिक फीट प्रति सेकंड (क्यूसेक) है। दूसरी पूर्वी यमुना नहर (ईवाईसी)- यह नहर यमुना के पानी को सिंचाई के लिए यूपी में ले जाती है। इस नहर की क्षमता 7000 क्यूसेक है। दोनों नहरों की कुल क्षमता 27000 क्यूसेक है। 11 जुलाई 2023 को एचकेबी से प्रवाहित अधिकतम जल 360000 क्यूसेक की तुलना में यह केवल 7% है। अतः यह आरोप कि यदि हरियाणा ने इन दोनों नहरों में पानी छोड़ा होता तो दिल्ली में बाढ़ के हालात नहीं बनते, सरासर झूठ है। यह स्पष्ट है कि यदि दोनों नहरों के गेट खोल भी दिए जाते, तब भी बड़ा हिस्सा यानी 333000 क्यूसेक पानी दिल्ली में जाता। इसलिए मीडिया के माध्यम से निहित समूहों द्वारा बनाई गई धारणा तथ्यों पर आधारित नहीं है।

हरियाणा सरकार एचकेबी में पानी का भंडारण क्यों नहीं करती ?सबसे पहले हमें बैराज और बांध के बीच के अंतर को समझना होगा। बैराज नदी से पानी को नहर प्रणालियों में मोड़ने की एक संरचना है। बैराज में भंडारण नहीं होता है। इसका उपयोग नहरों में पानी की मांग के अनुसार पानी के मोड़ को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। जबकि बांध नदी पर बनी एक दीवार जो नदी के प्रवाह को रोकती है और पानी को जलाशय में एकत्रित करती है ।इससे यह स्पष्ट होता कि एचकेबी एक बैराज है जिसका मुख्य कार्य यमुना के पानी को डब्ल्यूवाईसी और ईवाईसी नहरों की ओर मोड़ना है। यहाँ पानी जमा करने के लिए कोई बांध नहीं है। एचकेबी में पानी की मांग को पूरा करने के लिए दोनों नहरों में पानी को मोड़ने के बाद अपस्ट्रीम बेसिन से पानी के प्रवाह को डाउनस्ट्रीम नदी प्रणाली में भेज दिया जाता है। बैराज का उपयोग ऊपर से गुजरने वाले डिस्चार्ज को मापने के लिए भी किया जाता है ताकि बाढ़ से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए निचले क्षेत्रों को चेतावनी जारी की जा सके। इसलिए यह कहना गलत है कि हरियाणा ने जानबूझकर एचकेबी में पानी जमा नहीं किया हो जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है, बैराज में भंडारण की सुविधा नहीं होती है। हरियाणा ने एचकेबी पर यमुना जल को नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दिशानिदेर्शों का पालन किया है। एचकेबी में यमुना जल का प्रवाह दो परिस्थितियों में नियंत्रित होता है-

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# लोहरदगा : करोड़ों रुपये ठगने वाला राजेश लकड़ा गिरफ्तार

■ पैसे दुगुना करने का झांसा देकर झारखंड समेत कई राज्यों के लोगों से 15 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में छह महीने में दुगुना पैसा बनाने का झांसा देकर सैकड़ों लोगो से करोड़ रुपए ठगी करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। दर्जनों लोगों ने गुरुवार को जुरिया स्थित राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव के घर पहुंचकर जब पैसे की मांग की गई तब ये मामले का खुलासा हुआ कि लोग ठगे गये हैं।

फिर तुरंत उन्होंने सदर थाना पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ठग राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव को गिरफ्तार कर थाना ले आयी। जहां उसके द्वारा ठगे गए सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर हंगामा मचा दिया। लोगो का कहना था कि एक एक पैसा जोड़ कर दुगुना होने की आस में पैसा लगाया था लेकिन यहां तो अब लगाए हुआ ही पैसा मिल जाए तो वही हमलोग के लिए काफी है। बताया जाता है की राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव ग्रेट इंडिया परिवार मिशनरी संस्थान के नाम पर लोगो से 35 हजार रुपया की मांग करता था और उन्हें 6 महीने में दुगुना पैसा या फिर 85 हजार की बाइक देने का लालच देता था।

शुरू में उसने कई लोगो को दुगुना पैसा वापस भी किया और फिर बड़ी संख्या में लोगों से उसने करोड़ रुपया लेकर कुछ दिन के लिए फरार हो गया ।काफी दिन बीत जाने के बाद लोगो ने उससे तगादा शुरू किया तो टालमटोल करता और बोलता की अमेरिका से पैसा आ रहा है संस्थान में जल्द सबको पैसा मिल जायेगा। काफी दिन बीत जाने के बाद लोगो का सब्र का बांध टूट गया और गुरुवार को उसके घर पहुंचकर उसको धर दबोचा और पुलिस के हवाले किया। राज्य के कई जिलों के दर्जनों लोगों से करोड़ों रुपये ठगे हैं।



गिरफ्तार ठग राजेश लकड़ा।

**कहां से कितने की ठगी की है :** इस ठगी के मुख्य कर्ताधर्ता राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव द्वारा ग्रेट इंडिया परिवार मिशनरी संस्थान के नाम से लोहरदगा सहित लातेहार, रांची, गुमला, खूंटी चतरा सहित अन्य राज्यो के लोगो से 15 करोड़ से ऊपर के राशि का गबन किया गया है। राजेश की गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ठगी के शिकार लोगो ने बताया कि लोहरदगा के कुंदगड़ी निवासी सुमन देवी से 40 लाख रुपया, शहर के अजय कुमार हिंदू से 15 लाख, उज्ज्वल लकड़ा से 8 लाख, झलजमीरा के संजुमती उरांव से 4 लाख 20 हजार, आर्या के सजीत उरांव 2 लाख 20 हजार, वीरेंद्र उरांव से 1.5 लाख, मिलटेना टोप्पो चतरा से 10 लाख, बसंती उरांव से से 15 लाख, सुबोध उरांव चान्हो से3 लाख, जितेंद्र उरांव से 31500 रु, महुआ डांड के प्रमिला टोप्पो से 45 लाख, खूंटी के मुकेश महतो से 35500 रु, उद्रांगी के सोनमणि देवी से 1 लाख 35 हजार, जमराहे के आशीष उरांव से 1 लाख 35 हजार, सुलेंदर उरांव आर्या से 5 लाख,देवासी मुंडू खूंटी से 5 लाख 19 हजार, रांची के अमित उरांव से 6 लाख 12 हजार रुपया,रामलाल खेरवार चाडी से 1 लाख 35 हजार, सुशीला उरांव आर्या से 7 लाख, मंजू उरांव गराडही से 1 लाख, त्रशिला उरांव जोगियारा से 25500,विनोद सिंह पंडरा से 38000, बंधनू उरांव से 1 लाख,85 हजार,मायानुंस तिर्की महुवा डांड से 3 लाख,मीना उरांव से 35 हजार,तारा कुजूर महुवा डांड से 93 हजार रुपए की ठगी राजेश लकड़ा द्वारा किया गया है। पुलिस ने सभी के आवेदन पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## स्पीड न्यूज

### झांसा देने का आरोपी गिरफ्तार, जेल



**डुमरी।** डुमरी थाना कांड संख्या 21/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त बेलटोली के आलोक लकड़ा को डुमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसआई रवि कुमार ने बताया कि अभियुक्त आलोक एक युवती को शादी का झांसा देकर लंबे समय से अपने साथ रखा हुआ था।

### 13 पशु के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**चैनपुर।** कातिंग के समीप गुरुवार को जंगल के रास्ते तस्करी के लिए जा रहे 13 पशुओं के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कतिंग के समीप जंगल के रास्ते पशुओं की तस्करी की जा रही है। जिसपर थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने छापामारी दल का गठन कर छापामारी कर 13 गोवंश पशुओं को हांक कर ले जा रहे 2 पशु तस्करों में से एक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। दूसरा तस्कर फरार हो गया।

### गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के कुलबुरू निवासी जितवाहन सिंह के पुत्र खिलेश्वर (29) ने तेज धारदार हथियार से अपना गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे उप स्वास्थ्य केंद्र बसिया में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। घटना गुरुवार सुबह 9:30 बजे की है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि उसका गला काफी हद तक कट गया व काफी खून बह गया है।

### आपसी सहयोग से बनवाया चापानल



**कैरो।** खरता अखड़ा टोली में करीब 80 परिवारों का पीने योग्य पानी का एकमात्र खराब चापानल को ग्रामीणों ने आपसी आर्थिक सहयोग कर मरम्मत कराया। विदित हो कि 35 वर्षों से एकमात्र अखड़ा टोली स्थित चापानल लगातार लोगों की प्यास बुझा रही है। इसके अलावे कई अन्य चापानल खोदे गये थे किंतु कुछ दिनों में खराब हो गया। कुछ जलमीनार से खराब कर दिया गया है। चापानल बनवाने में सत्यनारायण टाना भगत, शंभू तिवारी, गुरमुख टाना भगत, चोलो उरांव, मनिया उरांव, गुहा उरांव, सुरेश दुबे, नीरू उरांव, मंगरा उरांव का सहयोग रहा।

### जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में इस वितीय वर्ष के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिक महिलाओं की पहचान व उनका ईलाज, हीमोग्लोबीन की कमी वाले महिलाओं की पहचान व उनका ईलाज, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट के द्वारा घर में हुए डिलिवरी, नवजात को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराये जाने, अल्पवजनी बच्चों की संख्या आदि पर समीक्षा की गयी।

### ग्राहकों को अच्छी सर्विस दें बैंक : रमेश



**गुमला।** बैंक ऑफ बड़ौदा का 116 वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर बैंक परिसर में मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने समाजसेवियों की मौजूदगी में केक काटा और बैंक परिवार को शुभकामनाएं दी। कहा कि गुमला में बैंक के स्थापना काल के शुरुआती दिनों से वे बैंक के ग्राहक हैं। बैंक से आग्रह है कि वे अपने ग्राहकों के प्रति समर्पित रहें और उन्हें बेहतर सर्विस उपलब्ध करायें। साथ ही विभिन्न प्रकार की संचालित योजनाओं की जानकारी भी ग्राहकों को प्रदान करें। मौके पर शाखा प्रबंधक संदीप मिंज, किशोर फोगला, दिलीप मंत्री, निर्मल गोयल, शालिन गुड़िया, अजय राम, अभिषेक राम थे।

### सहारा के पैसे लौटाने पर जताया अभार

**गुमला।** सहारा समूह में करोड़ों लोगों की मेहनत की कमाई वापस लाने के लिए भाजपा सरकार ने बड़ी पहल की है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 1.7 करोड़ लोगों को सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों की गाढ़ी कमाई लौटाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। जिसे लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री को बधाई देते हुए आभार जताया है। जिनमें सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, डॉ अरूण उरांव, मुनेश्वर साहु, विनय लाल, विजय मिश्रा, सविंद्र सिंह, सत्यनारायण पटेल शामिल हैं।

### तीन एनसीसी कैडेट्स हुए सम्मानित

**गुमला।** डीएवी गुमला में फायरिंग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन एनसीसी कैडेट्स को वंदना सभा में सम्मानित किया गया। विद्यालय के कैडेट ओम कुमार ने 3 से 16 जुलाई तक तिरुवनंतपुरम में आयोजित इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लिया और मिनिमम क्वालिफाइंग स्कोर भी प्राप्त किया। वह बिहार झारखंड की टीम का सदस्य था।

### धनबाद में ऑनलाइन गेम और सट्टे का बाजार गर्म

**धनबाद।** इन दिनों शहर में ऑनलाइन गेमिंग सट्टा बाजार धुम धड़ल्ले से प्रशासन के नाक के नीचे चल रहा हैं। यह सट्टा बाजार शहर में इस तरह सक्रिय है कि खुलेआम प्रशासन को ठेंगा दिखा रहा है ।और जनता की गाढ़ी कमाई दलालों और माफियाओं की सीधे जेब में जा रही है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भौरा, झरिया, लोदना, केंदुआ, सराय ढेला, सिंद्री आदि जगहों पर अपना दुकान खोले यह धंधा फल फूल रहा है। जो ग्राहकों को लाने और जुआ खेलने तक का, पूरा भरोसा दिलवा रहे हैं। इस ग्रुप के सरगना लोकल माफियाओं को अपना बताकर ग्राहकों को भरोसा दिलाते हैं।

## मणिपुर कांड : कांग्रेस ने फूंका पीएम और गृह मंत्री का पुतला

■ भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित करने और जुर्म करने की सीमा लांघ गयी : चैतु उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मणिपुर में शर्मसार कर देने वाली घटना को लेकर गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्थानीय टावर चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि मणिपुर राज्य में भाजपा शासित शासन चलाने में विफल है। विगत ढाई माह से मणिपुर जल रहा है।



प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का पुतला दहन करते कांग्रेसी।

निर्दोष लोगों की हत्या हो रही है। आदिवासियों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। वहां के आदिवासियों महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है। जिसको रोकने में भाजपा सरकार विफल है। आज इस मामले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप है और गृह मंत्री अमित शाह भी इस दंगे को शांत करने में विफल है।

भाजपा के षड्यंत्र का परिणाम है कि वहां के आदिवासी लोगों को अत्याचार कर डरा धमका कर शांत करना चाहते हैं और वहां के लोगों के अधिकारों से वंचित रखना चाहते हैं। सत्ता के नशे में चूर पूरे देश को शर्मसार किया है। यह भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित करने एवं अपमानित करने की चरम सीमा को लांघ रहा है।

**ये भी रहे उपस्थित**

मौके पर रमेश कुमार चीनी, दीप नारायण उरांव, अकील रहमान, खुदी भगत दुखी, आशिक अंसारी, मुरली मनोहर प्रसाद, विष्णु राम, सुधीर कुजूर, संतोष गुप्ता, राजनिल तिग्गा, खालिद शाह, फिरोज आलम, राजू कुमार महतो, तरूण गोप, बेल साजर, एजाज, नारायण उरांव, सागिर अली, सदाब आलम, अमर कुजूर, अरुण गुप्ता, रुपेश सनी, रामकिशन बड़ाईक, विनोद उरांव रफी अली, दीपक कुमार, मनसुब अंशारी, रोहित उरांव, इबरार अंसारी, जासमीन लुगुन, क्रिस्टीना, सुनिता तिर्की,रेणु लकड़ा, अफरोज, सदाम अनवर, साहेब वशिम आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# लोकसभा चुनाव में 80% मतदान को लेकर स्वीप कोषांग करे तैयारी : डीसी

■ जिले से बाहर रहने वाले मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से हटाने का निर्देश

■ नये मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरूवार को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ईसीआई से प्राप्त गाइडलाइन के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में चर्चा हुई। जिसमें मुख्यरूप से पोलिंग बूथों में प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता सूची को अपडेट करना , लोगों को मतदान सूची से जोड़ने एवं जागरूकता कार्यक्रम आदि जैसे विषय शामिल थे। जिले के सभी 994 मतदान केंद्रों में उपलब्ध एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी अर्थात उक्त मतदान केंद्रों में उपलब्ध प्राथमिक सुविधाओं के संबंध में समीक्षा की गई। आगमी चुनाव में कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग हो उसके लिए युद्ध स्तर पर स्वीप कोषांग के द्वारा तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बूथ वाइज प्लान तैयार करने की बात कही। सभी मतदान केन्द्रों में शौचालय, पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चुनाव से पूर्व सभी संबंधित अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों के साथ बैठक कराते हुए उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उपलब्ध वोटर लिस्ट का मिलान करते हुए वोटर लिस्ट में सुधार करने का निर्देश दिया।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव।

## सरकार की कृषि विरोधी नीति के कारण किसान शोषण को विवश हैं: विजय सिंह

■ किसानों के शोषण के विरोध में अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर में किसानों का शोषण को लेकर विरोध प्रदर्शन व धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कृषि विरोधी नीति के कारण किसानों का चौतरफा शोषण हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने गुमला जिले में किसान हित की योजनाओं में मची लूट का जिक्र करते हुए गुमला स्थित कतरी जलाशय में प्राक्कलन को ताक पर रखकर बनी नहर निर्माण में गड़बड़ी के कारण हुई टूट-फूट व नहर में कचरा जमा होकर घास उग आने की बात कही थी।

## अवैध लोहा लदा वैन किया गया जब्त, रात में वाहन ले भागे तस्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ व तेलमच्चो के बीच फोरलेन सड़क के नजदीक बुधवार को बोलेरो पिकअप वैन में महुदा के तमाम कोलियरी क्षेत्रों से बीसीसीएल के बेस कीमती लोहे को अवैध तरीके से ले जाते समय पिकअप वैन पलटी होकर गीर गया। वहीं ग्रामीणों को इसकी नजर पड़ी तो आनन-फानन में उक्त चोरी के अवैध लोहे की सूचना पर महुदा पुलिस ने जप्त कर तेलमच्चो चेकपोस्ट के ग्रामरक्षा दल के पीछे गाडी संख्या जेएच09 एबी-9447 समेत रखावा दिया था। जबकि पुलिस के द्वारा जप्त गाड़ी एवं बरामद लोहा को महुदा थाना लाना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। वही इस मामले में कई छुटभैया नेता मामले को रफा-दफा करवाने में लगे हुए थे, आखिर उनकी मनसा सफल हुई ।ग्रामीणों की माने तो पुलिस और ग्राम रक्षा दल के सांठगांठ से अवैध लोहा तस्कर 2:00 बजे रात के बाद गाड़ी और अवैध लोहा को वहां से लेकर फरार हो गए। जबकि ग्राम रक्षा दल के पीछे जहां लोहा और गाड़ी को रखा गया था उसके बगल में ही महुदा पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी रात भर पेट्रोलिंग करती है और खड़ी रहती है। इसके बावजूद लोहा समेत गाड़ी गायब हो जाना महुदा पुलिस के ऊपर कई गंभीर सवाल खड़ा कर रही है।

### साइकिल से गिरकर युवक का पैर टूटा

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के उमडा निवासी बजरंग वृजिया (22) साइकिल से अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरा। जिससे उसका एक पैर टूट गया। वहीं शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक युवक बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रहा था। तभी उमडा गांव में घर के समीप अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गड्ढे में गिर गया। जिससे उसका एक पैर टूट गया। जिसका सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के करिदा निवासी चुइयां एक्का (22) पिता अलविस एक्का ने बुधवार की रात 8 बजे थाइमेट का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की हालत खराब देख परिजन तत्काल बाइक से युवक को सदर अस्पताल लाये। जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया। परिजनों ने बताया कि घर में किसी से कोई विवाद नहीं था। फिर भी उसने जहर का सेवन क्यों किया इसका पता नहीं चल पा रहा है। युवक भी कुछ नहीं बता रहा है।

### सदर अस्पताल के गेट के समक्ष शिशु को दिया जन्म

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला के मुख्य गेट के पास जशपुर जिला के साईं टांगर टोली लोदाम निवासी मिन्हाज बीबी का प्रसव ऑटो में ही हो गया। प्रसव होने की सूचना सदर अस्पताल के नर्सों को मिलने पर ऑटो में ही इलाज कर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया। नर्सों ने बताया कि प्रसव नॉर्मल है। जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। परिजनों ने बताया कि महिला को हल्की पीड़ा होने पर साईं टंगरा टोली से ऑटो से सदर अस्पताल गुमला ला रहे थे। इसी क्रम में सदर अस्पताल पहुंचने के उपरांत उसका प्रसव अचानक हो गया।

### लोहरदगा में भाजयुमो ने निकाली बाइक यात्रा



**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा के युवा साथियों ने एक विशाल बाइक यात्रा निकाली। जिसमें झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित रहे साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, अखिलेश पाठक, पशुपति नाथ पारस, जिलाध्यक्ष मनीष शिखर, मिथुन तमेड़ा, जिला के महामंत्री बाल्मीकि कुमार सहित जिला के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता गन एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण इस बाइक यात्रा में शामिल हुए। बाइक यात्रा की शुरूआत सेन्हा मंडल भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाठ, कंडरा, बूटी झखरा, चमरू, अलौदी, सूरसीरिया होते हुए हेसवे गाव तक की गयी।

## सिंदरी चैंबर के चुनाव में चली कुर्सियां एक राउंड हुई फायरिंग, मची भगदड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी चेम्बर के 600 व्यापारियों की गुरुवार को हुई आपात बैठक में जिला चेम्बर के पदाधिकारियों के सामने हुए चुनाव में दीपक कुमार दीपू अध्यक्ष, संजय प्रसाद सचिव और दिलीप रिटोलिया को पुनः कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया व्यापारियों की सहमति से जिला चेम्बर ने कराया। हालांकि चुनाव से पहले हुई बैठक में दो पक्षों के बीच जमकर कुर्सियाँ चलीं और एक राउंड फायरिंग भी हुई। इसमें कुछ लोग आंशिक रूप से घायल हो गए हैं। धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष चेतन गोयनका ने व्यापारियों से एकजुटता का परिचय देने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं पूर्व सचिव के पद पर रहते हुए दीपक कुमार दीपू ने रोते हुए स्वर में कहा कि चेम्बर पर कुठाराघात होने के कारण दोनों पदाधिकारियों ने इस्तीफा दिया था। इसके पहले सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स की बैठक लगभग ग्यारह बजे शुरू हुई। बुधवार को चेम्बर के पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व सचिव दीपक कुमार दीपू व कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया बैठक में शामिल हुए।

## ग्रामीणों के विरोध पर जंगल से पेड़ कटाई का काम बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पुटकी।** गोपालीचक कोलियरी प्रबंधन ने नए पैच - 2 में कोयला खनन को ले पेड़ काटने गुरुवार को पुटकी 13 एवं 17 नंबर के जंगल पहुंचे.पेड़ काटने की सूचना पाकर चंद मिनटों में ही पर्यावरण बचाओ संघर्ष समिति एम रयत ग्रामीण विरोध करने लगे। काफी संख्या में ग्रामीण भी जंगल पहुंच गए ओर बीसीसीएल अधिकारियो एम जिला प्रशासन का जमकर विरोध किया ।ग्रामीणों के उग्र तेवर को देख जिला प्रसासन ओर ग्रामीणों में तुतु मैं मै हो गई पेड़ कटाई बीसीसीएल प्रबंधक ओर जिला प्रशासन की के देखरेख में चल रही थी, भारी संख्या में पुलिस बल ने ग्रामीणों को पेड़ कटाई स्थल जाने से रोक दिया। पेड़ कटाई की सूचना पर मीडिया कर्मी भी समाचार संकलन के लिए पुटकी गोपालीचक आए उन्हें भी सीआईएसएफ एवं जिला प्रसासन की टीम ने कवरेज करने से रोक दिया। नाराज मीडियाकर्मी ने जंगल जाने वाले रास्ता में ही धरने में बैठ गए घंटो बैठने के बाद पुटकी थाना प्रभारी रास बिहारी लाल आये धरना दे रहे पत्रकारों से उठने का आग्रह किया, नाराज पत्रकारों ने पुटकी थाना प्रभारी और सुभ्रा रानी से समाचार संकलन करने से रोकने का कारण पूछा मगर दोनों अधिकारियों ने मीडिया के बातों से बचते नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि 1705 पेड़ काटने की अनुमति मिली थी, लेकिन पेड़ लगातार काटे जा रहे थे।

## यूसीसी पर भ्रम फैला रहा माइनोरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट

गांधी मैदान में प्रशासन सभा की अनुमति ना दे : भाजपा

समाज में विभेद पैदा करने वालों पर की कार्रवाई की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया माइनॉरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट के द्वारा शुक्रवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड पर मानगो गांधी मैदान में होने वाले सभा को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा जमशेदपुर महानगर ने फ्रंट समेत राजनीतिक रोटी सेंकने वालों लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें और सांप्रदायिक राजनीति से इसे दूर रखें। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि फ्रंट के केंद्रीय महासचिव एवं झारखंड नामधारी दल से जुड़े बाबर खान शायद यह नहीं जानते कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां हिंदू, मुस्लिम या कोई अन्य संहिता नहीं हो सकती। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहां किसी धर्म के लॉ बोर्ड का शासन नहीं चल सकता है। भारतीय संविधान में जो कुछ लिखा है उसी के मुताबिक देश का शासन चल सकता है। बाबर खान को यह भी पता होना चाहिए कि समान नागरिक संहिता कानून हो या कोई अन्य कानून, सभी कानून भारतीय संविधान की मूल भावना और उसमें किये गये प्रावधान के मुताबिक ही बनाये जा सकते हैं। ऐसे में बाबर खान जैसे संकीर्ण सोच रखने वाले लोग को भ्रम फैलाने और लोगों को भड़काने के प्रयासों से बाज आना चाहिए। गुंजन यादव ने कहा कि जब देश में आपराधिक कानून एक हैं, भारतीय संविदा कानून (कॉन्ट्रैक्ट लॉ) एक हैं, वाणिज्यिक कानून एक हैं, कारोबार से जुड़े कानून एक हैं, तब परिवार संबंधी कानून अलग-अलग क्यों हैं? उन्होंने कहा कि 1400 साल पुरानी स्थिति अलग थी और उस समय की परिस्थिति में बहु विवाह की प्रथा आई, वह तब के समय की जरूरत हो सकती है। परंतु अब समय बदला है। नारी की गरिमा और समानता की बात सभी को स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे में किसी तरह के भेदभाव को समान नागरिक संहिता से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि भारतीय समान नागरिक संहिता लागू होने से विवाह की न्यूनतम उम्र समान होगी, तलाक का आधार एक समान होगा, तलाक की प्रक्रिया एक समान होगी, गुजारा भत्ता का अधिकार सबको मिलेगा, बच्चा गोद लेने का अधिकार सबको मिलेगा, भरण-पोषण का अधिकार भी सबको मिलेगा और विरासत-वसीयत का अधिकार भी सबको एक समान मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्सनल लॉ बोर्ड ने विभिन्न बैठकों में लॉ कमीशन के समक्ष अपने सुझावों एवं विचारों को रखा है।



भाजपा महानगर अध्यक्ष गूंजन यादव।

### राकेश्वर पांडे बने बेलडी क्लब कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** बेल्डी क्लब कर्मचारियों की आम सभा बेलडीह क्लब के प्रांगण में गुरुवार को हुई। कर्मचारियों ने कैंटीन होटल एंड रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन के यूनिट बेलडी क्लब की आम सभा में सर्वसम्मति से राकेश्वर पांडे को कोआप्ट किया, चुनावी प्रक्रिया के अंतर्गत राकेश्वर पांडे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया, कर्मचारियों ने बीके डिंडा को कोआपट करते हुए सर्वसम्मति से सह अध्यक्ष एवं ददन सिंह को सर्वसम्मति से कोआपट करते हुए यूनियन के महासचिव चुन लिया फिर यूनियन कमेटी मेंबर का चुनाव हुआ जिसमें जुल्फिकार अली, अजीत सिंह सरदार, सिद्धार्थ दास निर्वाचित हुए। यह क्लब शहर का बेंच मार्क है विगत वर्ष में 100 वर्ष पूरे किए हैं इसके पेट्रोन भारत रत्न जेआरडी टाटा साहेब रहे हैं।

### आदिवासी महासभा ने मणिपुर घटना का विरोध किया

**जमशेदपुर।** आदिवासी महासभा और बिरसा सेवा दल ने मणिपुर में दो कुकी आदिवासी महिलाओं के साथ बर्बर बलात्कार एवं निर्लज्ज हरकत किए जाने की कड़ी निंदा की है। बिरसानगर में हुई एक बैठक में कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री ,राष्ट्रपति, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आदिवासी नेता होने का दावा करने वाले सालखन मुर्मू ऐसे मामलों पर चुप क्यों है? महासभा के विजय कुजुर ने कहा कि भारतवर्ष में हम आदिवासियों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है और जहां भी भाजपा सरकार शासित राज्य हैं वहां आदिवासी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। आदिवासी आर्थिक रूप से सबल होते तो कोई भी मणिपुर में घिनौना काम करने की हिमाकत नहीं करता। बैठक में मणिपुर की घटना के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी महासभा के केंद्रीय महासचिव कृष्णा हांसदा, उपाध्यक्ष मार्शल देवगन, अमृत तिडू, ज्ञान सिंह बांदिया,बिरसा सेवा दल की ओर से प्रितेश दीन, एनोस सुरीन, दीपक लकड़ा, मंजू देवगम, जेवियर कुजूर, सत्यनारायण मार्डी और नेहा हांसदा आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### झांसा देनेवाला अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



**डुमरी।** डुमरी थाना कांड संख्या 21/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त बेलटोली के आलोक लकड़ा को डुमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसआई रवि कुमार ने बताया कि अभियुक्त आलोक एक युवती को शादी का झांसा देकर लंबे समय से अपने साथ रखा हुआ था।

### 13 पशु के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**चैनपुर।** कातिंग के समीप गुरुवार को जंगल के रास्ते तस्करी के लिए जा रहे 13 पशुओं के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कतिंग के समीप जंगल के रास्ते पशुओं की तस्करी की जा रही है। जिसपर थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने छापामारी दल का गठन कर छापामारी कर 13 गोवंश पशुओं को हांक कर ले जा रहे 2 पशु तस्करों में से एक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। दूसरा तस्कर फरार हो गया।

### गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के कुलबुरू निवासी जितवाहन सिंह के पुत्र खिलेश्वर (29) ने तेज धारदार हथियार से अपना गला रेतकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे उप स्वास्थ्य केंद्र बसिया में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। घटना गुरुवार सुबह 9:30 बजे की है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि उसका गला काफी हद तक कट गया व काफी खून बह गया है।

### आपसी सहयोग से बनवाया चापानल



**कैरो।** खरता अखड़ा टोली में करीब 80 परिवारों का पीने योग्य पानी का एकमात्र खराब चापानल को ग्रामीणों ने आपसी आर्थिक सहयोग कर मरम्मत कराया। विदित हो कि 35 वर्षों से एकमात्र अखड़ा टोली स्थित चापानल लगातार लोगों की प्यास बुझा रही है। इसके अलावे कई अन्य चापानल खोदे गये थे किंतु कुछ दिनों में खराब हो गया। कुछ जलमीनार से खराब कर दिया गया है। चापानल बनवाने में सत्यनारायण टाना भगत, शंभू तिवारी, गुरमुख टाना भगत, चोलो उरांव, मनिया उरांव, गुहा उरांव, सुरेश दुबे, नीरू उरांव, मंगरा उरांव का सहयोग रहा।

### जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में एएनसी रजिस्ट्रेशन, एनीमिक महिलाओं की पहचान व उनका ईलाज, हीमोग्लोबीन की कमी वाले महिलाओं की पहचान व उनका ईलाज, लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, कुशल अटेंडेंट के द्वारा घर में हुए डिलिवरी, नवजात को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराये जाने, अल्पवजनी बच्चों की संख्या आदि पर समीक्षा की गयी।

### ग्राहकों को अच्छी सर्विस दें बैंक : रमेश



**गुमला।** बैंक ऑफ बड़ौदा का 116 वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर बैंक परिसर में मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने समाजसेवियों की मौजूदगी में केक काटा और बैंक परिवार को शुभकामनाएं दी। कहा कि गुमला में बैंक के स्थापना काल के शुरुआती दिनों से वे बैंक के ग्राहक हैं। बैंक से आग्रह है कि वे अपने ग्राहकों के प्रति समर्पित रहें और उन्हें बेहतर सर्विस उपलब्ध करायें। साथ ही विभिन्न प्रकार की संचालित योजनाओं की जानकारी भी ग्राहकों को प्रदान करें। मौके पर शाखा प्रबंधक संदीप मिंज, किशोर फोगला, दिलीप मंत्री, निर्मल गोयल, शालिन गुड़िया, अजय राम, अभिषेक राम थे।

### बाइकर्स चोर से लोग सजग और सतर्क रहें : एएसपी ऋषभ गर्ग



**मेदिनीनगर।** शहर थाना समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटना को चोरों द्वारा अंजाम दिया जा है। जिसमें पुलिस छापेमारी कर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है, इसके बावजूद भी कुछ गिरोहों के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि इसके प्रति लोगों को सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की दो पहिया वाहन पुरानी हो गई है तो उसका लॉक चेंज करा दें या अपनी वाहन को जहां भी लगाते हों तो उसमें डबल लॉक लगाकर रखें तो इससे चोरी की घटना नहीं घट सकती है। गर्ग ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों के पास अगर कोई किसी प्रकार का वाहन रखता है जो व्यक्ति संदिग्ध दिखाई देता है वैसे लोगों को चिंहित कर पुलिस को बताने का काम करें। बताने वालों को गुप्त रखा जायेगा। ऐसा किये जाने से समाज के हर व्यक्ति को लाभ मिलेगा। साथ ही समाज में अमन चैन स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि लोगों की थोड़ी लापरवाही के कारण घटनाएं घट जाती है और घटना को अंजाम देनेवाले अपराधी कुछ समय के लिए पुलिस पकड़ से बाहर हो जाते हैं। जिस कारण अपराधियों का मनोबल कुछ दिनों के लिए बढ़ जाता है लेकिन पुलिस जब अनुसंधान करती है तो वैसे अपराधी पुलिस के पकड़ में आ जाते हैं। जिनसे पूछताछ करने के बाद अपराधी चोरी की बात बताते हैं। उन्होंने कहा कि चोरी या लूट की घटना में लोगों का जो सामान बरामद किया जाता है उसे न्यायालय द्वारा ही बरामद किया जा सकता है। इसमें भी सामानों की समुचित कागजात नहीं रहने के कारण व्यक्ति को न्यायालय से सामान प्राप्त करने में कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है इसलिए लोग अपने आप को सतर्क रहें।

# लोहरदगा: करोड़ों रुपये ठगने वाला राजेश लकड़ा गिरफ्तार

- पैसे दुगुना करने का झांसा देकर झारखंड समेत कई राज्यों के लोगों से 15 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में छह महीने में दुगुना पैसा बनाने का झांसा देकर सैकड़ों लोगो से करोड़ रुपए ठगी करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। दर्जनों लोगों ने गुरुवार को जुरिया स्थित राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव के घर पहुंचकर जब पैसे की मांग की गई तब ये मामले का खुलासा हुआ कि लोग ठगे गये हैं।

फिर तुरंत उन्होंने सदर थाना पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ठग राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव को गिरफ्तार कर थाना ले आयी। जहां उसके द्वारा ठगे गए सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर हंगामा मचा दिया। लोगो का कहना था कि एक एक पैसा जोड़ कर दुगुना होने की आस में पैसा लगाया था लेकिन यहां तो अब लगाए हुआ ही पैसा मिल जाए तो वही हमलोग के लिए काफी है। बताया जाता है की राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव ग्रेट इंडिया परिवार मिशनरी संस्थान के नाम पर लोगो से 35 हजार रुपया की मांग करता था और उन्हें 6 महीने में दुगुना पैसा या फिर 85 हजार की बाइक देने का लालच देता था।

शुरू में उसने कई लोगो को दुगुना पैसा वापस भी किया और फिर बड़ी संख्या में लोगों से उसने करोड़ रुपया लेकर कुछ दिन के लिए फरार हो गया।काफी दिन बीत जाने के बाद लोगो ने उससे तगादा शुरू किया तो टालमटोल करता और बोलता की अमेरिका से पैसा आ रहा है संस्थान में जल्द सबको पैसा मिल जायेगा। काफी दिन बीत जाने के बाद लोगो का सब्र का बांध टूट गया और गुरुवार को उसके घर पहुंचकर उसको धर दबोचा और पुलिस के हवाले किया। राज्य के कई जिलों के दर्जनों लोगों से करोड़ों रुपये ठगे हैं।



गिरफ्तार ठग राजेश लकड़ा।

**कहां से कितने की ठगी की है :** इस ठगी के मुख्य कर्ताधर्ता राजेश लकड़ा उर्फ राजेश उरांव द्वारा ग्रेट इंडिया परिवार मिशनरी संस्थान के नाम से लोहरदगा सहित लातेहार, रांची, गुमला, खूंटी चतरा सहित अन्य राज्यो के लोगो से 15 करोड़ से ऊपर के राशि का गबन किया गया है। राजेश की गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ठगी के शिकार लोगो ने बताया कि लोहरदगा के कुंदगड़ी निवासी सुमन देवी से 40 लाख रुपया, शहर के अजय कुमार हिंदू से 15 लाख, उज्ज्वल लकड़ा से 8 लाख, झलजमीरा के संजुमती उरांव से 4 लाख 20 हजार, आर्या के सजीत उरांव 2 लाख 20 हजार, वीरेंद्र उरांव से 1.5 लाख, मिलटेना टोप्पो चतरा से 10 लाख, बसंती उरांव से से 15 लाख, सुबोध उरांव चान्हो से3 लाख, जितेंद्र उरांव से 31500 रु, महुआ डांड के प्रमिला टोप्पो से 45 लाख, खूंटी के मुकेश महतो से 35500 रु, उद्रांगी के सोनमणि देवी से 1 लाख 35 हजार, जमराहे के आशीष उरांव से 1 लाख 35 हजार, सुलेंदर उरांव आर्या से 5 लाख,देवासी मुंडू खूंटी से 5 लाख 19 हजार, रांची के अमित उरांव से 6 लाख 12 हजार रुपया,रामलाल खेरवार चाडी से 1 लाख 35 हजार, सुशीला उरांव आर्या से 7 लाख, मंजू उरांव गराडही से 1 लाख, त्रशिला उरांव जोगियारा से 25500,विनोद सिंह पंडरा से 38000, बंधनू उरांव से 1 लाख,85 हजार,मायानुंस तिर्की महुवा डांड से 3 लाख,मीना उरांव से 35 हजार,तारा कुजूर महुवा डांड से 93 हजार रुपए की ठगी राजेश लकड़ा द्वारा किया गया है। पुलिस ने सभी के आवेदन पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# भाकपा माओवादियों ने की पांच लोगों की जमकर की पिटायी, एक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** जिले के नेतरहाट थाना क्षेत्र के दवना और पुरानडीह गांव में बीती रात भाकपा माओवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। इलाके में माओवादी लगभग पांच घंटे तक जमे रहे। माओवादियों ने इस दौरान पांच लोगों की जमकर पिटाई की। वहीं गांव के रहने वाले देव कुमार प्रजापति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

**हाथ-पैर बांधकर की दो घंटे तक पिटाई :** बताया जाता है कि देव कुमार प्रजापति को नक्सली पकड़कर गांव के स्कूल के पास लाए और उसके हाथ और पैरों को रस्सी से बांध दिया। उसके बाद 2 घंटे तक उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। पिटाई के कारण देव कुमार प्रजापति की स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। बाद में परिजनों के द्वारा काफी मनाने के बाद नक्सलियों ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। लेकिन घर ले जाने के क्रम में ही घायल देव कुमार प्रजापति की मौत हो गई। इधर मृतक की पत्नी ने बताया कि देर रात हथियारबंद नक्सली घर पहुंचे थे और जबरदस्ती देव कुमार प्रजापति को पकड़ कर ले जाने लगे। जब वे लोग उनके पीछे जाने लगे तो उन्हें आने से मना कर दिया गया। नक्सली डंडा लेकर उन्हें भगाने लगे, बाद में पिटाई से उनके पति की मौत हो गई। घर की दीवार पर लिखा नक्सली नाराः माओवादियों ने इस दौरान ग्रामीणों के घर के दीवारों पर भाकपा माओवादी समर्थित कई नारे भी लिखे हैं। दीवार लेखन के माध्यम से नक्सलियों ने ग्रामीणों को मुखबिरी बंद करने की चेतावनी दी है और ग्रामीणों की मूल समस्या तथा पलायन के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करने की अपील की है। बताया जाता है कि माओवादियों ने ग्रामीणों की पिटाई मुखबिरी का आरोप लगाकर ही की गयी है।



मौत के बाद मौजूद ग्रामीण

**घटनास्थल पहुंची पुलिस :** नेतरहाट में नक्सली हिंसा की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गई है। महुआडांड़ के एसडीपीओ राजेश कुजूर ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। नक्सलियों के खिलाफ पूरे इलाके को सील कर छापामारी अभियान भी तेज कर दिया गया है।

## कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री डॉ.उरांव का किया स्वागत, सौंपा आवेदन



मंत्री से मुलाकात करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव मेदिनीनगर से रांची जाने के क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लातेहार परिसदन में गुलदस्ता देकर स्वागत कर ज्ञापन सौंपा है। वहीं स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर तुलेश्वर उरांव, जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान मंत्री श्री उरांव को विभिन्न संगठनों और लोगों के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें आदिवासियों से जुड़ी और स्थानीय समस्याएं प्रमुख थे। मांग पत्र में जिला के सभी प्रखंडों के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक, पहनाई, बैगाई एवं पूजैर, बेलगान जमीन को अंचल कार्यालयों द्वारा दाखिल खारिज कराया जा रहा है और उन्हें बेदखल किया जा रहा है। इसे रोक लगाने, विभिन्न कंपनियों के द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन अनाधिकृत रूप से लिया जा रहा है। उस पर रोक लगाने की मांग की गई है। वहीं दस अक्टुबर 2022 को आदिवासियों पर हुए मुकदमे को वापस लेने, गिरफ्तार आदिवासियों को बेशर्त रिहा करने, लातेहार जिला अंतर्गत हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी को सुधारने हेतु मिनी सर्वे कराने, कंपनियों में स्थानीय आदिवासियों को 75% रोजगार दिलाने समेत लातेहार प्रखंड के जगलदगा में एनएच 75 के समीप आदिवासियों की जमीन को गलत कागजात बनाकर खरीद बिक्री किए जाने पर रोक लगाने और असली रैयतों को हक दिलाने का मांग किया है।

## कृषि विरोधी नीति के किसान परेशान

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर में किसानों का शोषण को लेकर विरोध प्रदर्शन व धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कृषि विरोधी नीति के कारण किसानों का चौतरफा शोषण हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# चतरा में नक्सली तांडव, कई वाहन फूंके

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में एक बार फिर माओवादियों ने तांडव मचाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश की है। लावालौंग थाना क्षेत्र के टुनगुन गांव में दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया गया।

जेसीबी गांव के ही संवेदक शंकर साव की है। उन्होंने बताया कि रात में हथियारबंद कुछ लोग पहुंचे और खुद को भाकपा माओवादी का सदस्य बताते हुए जेसीबी को आग के हवाले कर दिया। जेसीबी टुनगुन- बधार पथ निर्माण कार्य में लगा था। कार्स पीएमजीएसवाई के तहत कराया जा रहा था। सूचना पाकर थाना प्रभारी बमबम कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।



वहीं कुछ लोग बता रहे है कि आपसी रंजिश के तहत जेसीबी में आग लगाई गई है। वहीं एसडीपीओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर जेसीबी मशीन में आग कैसे लगी। थाना प्रभारी ने कहा कि हो सकता है शरारती तत्वों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हो। हालांकि, नक्सलियों के हमले से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

**संवेदकों में दहशत का माहौल :** नक्सलियों की इस कार्रवाई से इलाके में कार्यरत संवेदक दहशत में हैं। थाना प्रभारी ने कहा है कि मामले की हर एंगल से जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## बीडीओ ने वार्डेन और शिक्षिका के साथ की बैठक



बैठक करते बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय 10+2 उच्च विद्यालय की वार्डेन कुमारी श्रद्धा और शिक्षिका सबीना कच्छप के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बीडीओ ने सबसे पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या और उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की। वहीं इसके बाद छात्राओं को मेन्यू के अनुसार भोजन देने का निर्देश दिया। इस दौरान वार्डेन और शिक्षिका ने विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने और स्कूल का समय-समय पर निरीक्षण करने का आग्रह किया। बीडीओ ने स्कूल में रहकर अध्ययन करने वाली सभी छात्राओ को बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के अलावा अनुशासन और शिष्टाचार के साथ पढ़ाई कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में घंटीवार सभी विषयो की पढ़ाई अनिवार्य है।

## चार दिनों से गुमला शहर में जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

- विभागीय सूत्रों की मानें तो बिजली ब्रेक डाउन के कारण दो दिन और सड़क निर्माण में पाइप क्षतिग्रस्त होने से दो दिन नहीं हो सकी जलापूर्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र में हर चार दिन बाद जलापूर्ति योजना ठप पड़ जा रही है। शहरवासी पानी को लेकर पानी-पानी हो रहे हैं। शहर में पिछले चार दिनों से जलापूर्ति पूर्ति तरह बाधित है। जिसके कारण लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पीएचईडी विभाग व नगर परिषद विभाग के बीच पिसकर शहरी जलापूर्ति योजना बद से बदतर हो गई। कभी बिजली का बहना तो कभी इंटक वेल में बालू घूसने तो कभी मशीन खराबी का बहाना बनाकर शहर में जलापूर्ति बंद कर दी जाती है। विभागीय सूत्रों की मानें तो दो दिन बिजली ब्रेक डाउन रहने के कारण शहर में जलापूर्ति नहीं हुई। तीसरे दिन एनएच 43 में भरदा के समीप रोड निर्माण के दौरान पाईप क्षति ग्रस्त हो गया। जिसे ठीक करने का विभाग प्रयास कर रहा था। जिसमें कुछ पाइप घट गये।

### नागफेनी नदी में अज्ञात महिला का शव मिला

**गुमला।** दक्षिणी कोयल नदी नागफेनी से गुमला पुलिस ने एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। गुमला पुलिस को गुरुवार की सुबह सूचना मिली की नागफेनी नदी पानी टंकी के पास एक शव पानी में तैर रहा है। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहीं शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है महिला की उम्र 60 से 65 वर्ष के बीच बतायी जा रही है। वही शव की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम किया जायेगा।

## पवन गौतम और नेसार अहमद बने विधानसभा को-ऑर्डिनेटर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के उदयपुर चिंतन शिविर में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की घोषणा किया गया था जिसके अंतर्गत देश के जनजातीय एवं लोकसभा एवं विधानसभा में नये लीडरशिप का चयन कर उन्हें आगे बढ़ाना है इसका फायदा लोकसभा विधानसभा में पार्टी को मिलेगा इस निमित्त अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन सह लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे ने लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन गौतम को गुमला विधानसभा तथा प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद को बिशुनपुर विधानसभा का कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया है। दोनों के कोऑर्डिनेटर मनोनीत होने पर राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री रामेश्वर उरांव, सुखदेव भगत, सुखेर भगत आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# लूटकांड व हत्या का उदभेदन, पांच गिरफ्तार

- लूटेरों के पास से एक देसी कट्टा, दो गोली व लूट के अन्य सामान बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में लूट की घटनाएं लगातार घट रही थी और लूटेरे पुलिस के नजर से भागते फिर रहे थे। जिसे पुलिस काफी अपने आप को परेशान समझ रही थी। वहीं थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित हजारी प्रसाद के पुत्र वेद प्रकाश आर्य की गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। इन सभी घटनाक्रमों का उदभेदन पुलिस ने किया है। साथ ही साथ इन सभी घटनाओं में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, लूटकांड में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल, लूटा हुआ मोबाईल, बायोमैट्रिक डिवाइस, आधार कार्ड समेत अन्य सामान बरामद की गई है। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पांच जनवरी 2023 को बंधन बैंक कर्मी को मंगरदाहा स्थित शिव मंदिर के पास पिस्टल का भय दिखाकर 37 हजार रूपये नकद, बायोमैट्रिक डिवाईस व अन्य सामान लूट लिया गया था। पुनः इन्हीं गिरोहों के द्वारा 18 मई को भिखही मोड़ के पास तीन अपराधकर्मियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर 2500 रूपये नकद व मोबाईल लूट लिया गया था।



22 मई को चैनपुर बाजार पुराना हॉस्पीटल चौक के पास स्थित सीएसपी केंद्र से अज्ञात अपराधियों द्वारा 20 हजार रूपये व अन्य सामान लूट लिया गया था। उन्होंने बताया कि आठ जुलाई को चैनपुर बाजार स्थित हजारी प्रसाद के घर में घुसकर अपराधियों ने बेद प्रकाश आर्य को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सभी घटित कांडों की प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें गुप्तचर व तकनीकी सहयोग के आधार पर मंदीप कुमार उर्फ मनु पासवान को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। जहां पर पुलिस से बचने के लिए उसने घटित घटनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। उसके निशानदेही पर बिपुल कुमार सिंह, विक्रम यादव, अभिषेक कुमार उर्फ गोलू, अजय मालाकार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मंदीप कुमार भिखही मोड़ व मंगरदाहा घाटी एवं पीएनबी डालटनगंज में हुई लूट तथा चैनपुर में गोली चालक की घटना में शामिल था। इसके पास से लूट का मोबाईल व आधार कार्ड बरामद किया गया। बिपुल सिंह के पास से देसी कट्टा, गोली बरामद किया गया। विक्रम यादव के पास से लूट का मोबाईल व अभिषेक कुमार के पास से लूट का बायोमैट्रिक डिवाइस बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि इन सारी घटनाओं में अजय कुमार मालाकार के मोटरसाइकिल का प्रयोग किया जाता था। उसे भी बरामद किया गया है।

## डीसी ने की जिला सलाहकार कमिटी एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला समुचित प्राधिकारी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला सलाहकार कमिटी एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह ने पीसी एंड पीएनडीटी ऐक्ट पर प्रेजेंटेशन के मायम से संक्षिप्त जानकारी दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिले में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक अथवा सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए अल्ट्रासाउंड केंद्र के लिए प्राप्त आवेदन एवं रिन्यूअल को लेकर कमिटी द्वारा विचार विमर्श किया गया। मौके पर डीसी ने जिले में अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस के संचालित क्लीनिक एवं झोला छाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर गहन छापामारी अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं नए क्लीनिक के लाइसेंस के लिए आवेदन में फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट, वेस्ट डिस्पोजल एवं रेंट एग्रीमेंट का पेपर अनिवार्य रूप से देने को कहा। बैठक में उपयोग में चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल के उपस्थिति की भी चर्चा करते हुए अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने उपस्थित सभी निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को ससमय बर्थ रिपोर्ट साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीसी ने प्रखंड एवं सब सेंटर लेवल पर ससमय बैठक का आयोजन कर समीक्षा करने का निर्देश दिया।

# सवाल सिर्फ आलोक और ज्योति का नहीं है



सुनील बादल



**सोशल** मीडिया ने कभी बहुत मामूली समझी जानी वाली बात को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय बना दिया है कि एक बेचारे सफाईकर्मी आलोक मौर्य की अधिकारी पत्नी ज्योति ने जिसे उसने बड़ी मुश्किलों से पढ़ा लिखाकर इस लायक बनाया,उसे नकार कर किसी अधिकारी से संबंध विकसित कर लिए हैं !

पहले हजारों ऐसे मामले हो चुके हैं खास तौर कम पढ़ी लिखी या ग्रामीण पृष्ठभूमि की महिलाओं को उनके अधिकारी पतियों द्वारा छोड़ने की जबकि उस सफलता में उस महिला की त्याग तपस्या या मायके के पैसे की बड़ी भूमिका रही थी . कई कथा कहानियां और फिल्मों तक के कथानक इस पर आधारित रहे हैं। एक बड़े राजनेता ने अपनी दलित ग्रामीण पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी रचा ली ।

झारखंड के एक डीएसपी की पत्नी का मामला अभी चल ही रहा है जबकि अनेक मामले मान सम्मान के नाम पर या प्रभावशाली लोगों द्वारा दबा दिए जाते हैं । दरअसल यह अर्थप्रधान युग या कलियुग का प्रभाव है जहां ज़िंदगी न मिलेगी दुबारा की शैली में लोग अपने आनंद और झूठी शान के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं । हत्याएं, धोकेबाजी और दगाबाजी के ऐसे ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे हैं कि मानवता और रिश्ते तार तार हो रहे हैं।

मां बाप ने घर गिरवी रखकर बेटे को पढ़ाया और विदेश में बसा अरबपति बेटा उनका ध्यान रखना तो दूर अंतिम क्रिया कर्म तक में नहीं आया .एक महानगर में कई महीने पहले मरी मां की अंत्येष्टि पड़ोसियों ने की विदेश में बसे बेटे ने महीनों बाद आकर पुरखों की संपति बेचकर पैसे ले लिए।

अनेक विधवा मां खाने और दवा को तरस रहीं हैं जबकि अपना सर्वस्व न्योछावर कर मां ने पढ़ाया और वह बेटा अफसर या बड़ा आदमी बनने के बाद अपनी देहाती मां को उसके हाल पर छोड़ दिया।

अपनी कम सुंदर पत्नी को छोड़कर नई शादी या कई शादियां करना पुरुषवादी समाज में सामान्य सी बात रही है .समान नागरिक संहिता की अभी सुगबुगाहट तेज हो गई है और इसके व्यापक विरोध में उन लोगों के स्वर अधिक तीखे हैं जो महिलाओं को समानता देना नहीं चाहते . समाज, धर्म और परंपरा के नाम पर विरोध तो सदियों पुराना है पर इसके मूल में शोषण ही है । ऐसे में ज्योति मौर्य के ऊपर लगाए गए आरोप के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

सदियों की गुलामी और पर्दा प्रथा से भारत की आधी आबादी वैसे ही घर की चहारदीवारी के अंदर कैद थी जैसे ही आधुनिक भारत ने नौकरी से लेकर सेना तक में महिलाओं की नियुक्ति के रास्ते खोले या बिहार सहित कुछ राज्यों में महिलाओं को सरकारी नौकरी में आरक्षण देना शुरू किया तभी से इसमें जटिलता आने लगी पुरुष बच्चा देखे और महिला नौकरी ? इन स्थितियों में पढ़ी लिखी महिलाओं के अंदर आत्मनिर्भरता की भावना जगी और वे संयुक्त परिवारों की टोका टोकी से बचने के लिए छोटे परिवारों की ओर झुकी ।इसके बाद शक्तिशाली और आत्मनिर्भर महिलाएं पुरुषों की तरह आनंद और सुंदर जोड़े को प्राथमिकता देने लगी। महानगरों से लेकर फि ल्मी या बड़े धनाढ्य परिवारों में ऐसी घटनाएं बहुत होती रहीं हैं पर प्रयागराज जैसी जगह में एक महिला ने ऐसा क्यों किया यह सवालों या आरोपों के घेरे में है। पुरुष ऐसा करें तो समाचार या वायरल वीडियो का मामला क्यों नहीं बनता ?

अभी मामला एकतरफा जैसा है और ज्योति के यह कहने पर कि उसका पति उससे घर और पचास लाख की डिमांड कर रहा था कि जांच चल रही है पर इसका असर उन लगभग 9 प्रतिशत महिलाओं पर पड़ सकता है जिन्हें शादी के बाद पढ़ाई या नौकरी करने का सुअवसर मिलता है ।

पुरुष अहंकार और सोशल मीडिया की बेलगाम रफ़्तार से इसे आत्मनिर्भर होने के लिए छटपटा रही महिलाओं के ऊपर ही नहीं भारत के विकास के ऊपर भी बहुत ही ऋणात्मक प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि हिज देश की आधी आबादी को भेदभाव के आधार पर पूरी क्षमता से काम नहीं करने दिया जाएगा या कम उम्र में विवाह के बाद घरों में कैद कर दिया जाएगा वह देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सिर्फ. सपना देख सकता है।

## प्रिंट मीडिया का भविष्य है, जर्नलिज्म और मजबूत होकर उभरेगाः संतोष किड़ो

अनुष्का चौधरी



**शिक्षक** किसी कॉलेज की सफलता में सहायक होते हैं। उनका प्रभाव कक्षा से परे तक फैलता है, जिससे छात्रों को शैक्षणिक, भावनात्मक और व्यावसायिक रूप से लाभ होता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके, छात्र जुड़ाव को बढ़ावा देकर, संरक्षक के रूप में सेवा करके, सकारात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देकर, अनुसंधान में योगदान देकर और कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाकर, महान शिक्षक संस्थान के समग्र विकास और उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक ऐसे ही शिक्षक , श्री संतोष किरो , से मेरी मुलाकात हुई , जो पिछले 9 वर्षों से संत जेवियर्स कॉलेज के छात्रों को पत्रकारिता पढ़ा रहे हैं।

**सवाल –** आप इतने वर्षों से छात्रों को पढ़ा रहे हैं, क्या आप हमें इससे पहले की अपने अनुभव के बारे में बता सकते हैं?

**जवाब –** मैं वर्तमान में सेंट जेवियर्स में सहायक प्रोफेसर हूं। हालाँकि मैं लगभग एक दशक से शिक्षा के क्षेत्र में हूँ, लेकिन पहले मैं एक पत्रकार था। मैंने कई किताबें भी लिखी हैं, इसलिए मैं एक लेखक भी हूं। मैं ' टेलीग्राफ ' का पूर्व संवाददाता था, मेरे लेख ' हिंदुस्तान टाइम्स ', ' द पायनियर ' और ' द वायर ' में भी छपे हैं।

**सवाल –** चूंकि आप पत्रकारिता पढ़ाते आ रहे हैं और खुद एक पत्रकार के रूप में इतना अनुभव रखते हैं, तो आप कॉलेज के पाठ्यक्रम के बारे में क्या सोचते हैं?

**जवाब –** पहले यह कॉलेज स्वायत्त था लेकिन अब यह रांची विश्वविद्यालय के अधीन है। बीए पत्रकारिता 3 साल का कोर्स है।पाठ्यक्रम पत्रकारिता के इतिहास पर केंद्रित है, कैसे पत्रिकाओं और पत्रकारों ने संगठित लोगों और जागरूकता के लिए भूमिकाएँ निभाईं।

**सवाल** - क्या आप इस बारे में थोड़ा और विस्तार में बता सकते हैं कि पत्रकारों ने भारत के इतिहास में कैसे भूमिका निभाई?

**जवाब** - अंग्रेजों ने भारत को तोड़ने की पूरी कोशिश की। भले ही हमारा अतीत एक जैसा था, अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति का शोषण किया। लोग इतने अज्ञानी थे कि उन्हें इसका एहसास नहीं हो सका और धीरे-धीरे यह एहसास अखबारों से हुआ। लोगों को आत्म-स्वतंत्रता की आवश्यकता महसूस हुई जिसे सबसे पहले झारखंड से बिरसा मुंडा ने शुरू किया था।

**सवाल –** छात्रों को पत्रकार होने की बेहतर समझ देने के लिए यह कॉलेज क्या कदम उठाता है?

**जवाब –** कॉलेज स्टूडियो प्रैक्टिस आयोजित करता है और छात्रों को कंप्यूटर फ्रेंडली बनाता है। पहले, दृष्टिकोण केवल तकनीकी था लेकिन अब हम उन्हें कौशल सिखाते हैं।

**सवाल –** आप प्रिंट मीडिया के भविष्य के बारे में क्या सोचते हैं?

**जवाब –** वनों की कटाई के कारण सामाजिक, तकनीकी प्रभाव पड़ा है, समाचार पत्रों का ह्रास हुआ है। लेकिन प्रिंट मीडिया महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान करता है और उसे कोई हरा नहीं सकता।

मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि हिंदी अखबार जारी रहेंगे क्योंकि गांव के लोग उन्हें ईमानदारी से पढ़ते हैं। अंग्रेजी अखबार शायद डिजिटल माध्यम से पढ़े जा सकेंगे।

**सवाल –** ऐसा कोई संदेश जो आप लोगों को बताना चाहते हैं और अखबार पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं?

**जवाब –** समाचार पत्र लोकतंत्र की आंख, नाक और कान हैं। मीडिया हमेशा आलोचनात्मक बातें नहीं कहता है, लेकिन राजनीति, अर्थशास्त्र, व्यापार, संस्कृति या अंतरराष्ट्रीय समाचारों के बारे में जानने के लिए आपको केवल अखबार पढ़ना होगा। नहीं तो तुम मवेशियों के समान बन जाओगे। इस पीढ़ी की मानसिकता छोटी है, इसलिए अखबार आपके दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए।

**सवाल** - आप अपनी किताबों के बारे में हमें बताएं

**जवाब –** मैंने काफी किताबें लिखी हैं। कुछ के नाम बताएं तो द इटरनल मिस्ट्री है, यह भगवान हनुमान पर एक उपन्यास है। फिर जयपाल सिंह मुंडा का जीवन और समय है। एक आदिवासी दर्शन है जो एक तुलनात्मक दर्शन है और फिर झारखंड आंदोलन का इतिहास है।

**सवाल –** प्रतियोगी परीक्षाएं जल्द ही शुरू होंगी, क्या कोई ऐसा अखबार है जिसे आप जीके प्रश्नों के लिए सुझाएंगे?

**जवाब** - मुझे लगता है कि जीके प्रश्नों की तैयारी के लिए हिंदू पढ़ना सबसे अच्छा है। फिर मनोरमा ईयर बुक है और अंतरराष्ट्रीय समाचारों के बारे में जानने के लिए अंग्रेजी समाचार देखें और अंग्रेजी अखबार पढ़ें ।

# क्रिकेट से बहुत बड़ा है महिला फुटबॉल का रुतबा

**भारत** और एशिया महाद्वीप में भले ही क्रिकेट की दीवानगी सिर चढ़कर बोलती हो, लेकिन फुटबॉल के मुकाबले इसका रुतबा बेहद कम है। यदि कुल इनामी राशि की बात करें तो महिला फुटबॉल विश्व कप की कुल इनामी राशि वनडे विश्व के मुकाबले करीब 10 गुना अधिक है।

भारत और एशिया महाद्वीप में भले ही क्रिकेट की दीवानगी सिर चढ़कर बोलती हो, लेकिन फुटबॉल के मुकाबले इसका रुतबा बेहद कम है। इस साल 5 अक्टूबर से भारत में आइसीसी पुरुष वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। यदि कुल इनामी राशि देखी जाए तो महिला फीफा विश्व कप क्रिकेट पर भारी पड़ता है। हाल यह है कि महिला फुटबॉल विश्व कप की कुल इनामी राशि वनडे विश्व के मुकाबले करीब 10 गुना अधिक है।




### चैंपियन को एक समान मिलेगी राशि

महिला फीफा विश्व कप की कुल इनामी राशि 110 मिलियन डॉलर है। जबकि आइसीसी पुरुष वनडे विश्व कप की कुल इनामी राशि सिर्फ 10 मिलियन है। हालांकि दोनों ही टूनार्मेंट में चैंपियन बनने वाली टीमों को एक समान चार-चार मिलियन की इनामी राशि मिलेगी।

### इसलिए इनामी राशि में पिछड़ा क्रिकेट

फीफा विश्व कप में 32 टीमें शिरकत करती हैं और पिछले कुछ सालों में फीफा ने महिला फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास किया है। पिछले आठ सालों में विश्व कप के हर संस्करण में इनामी राशि बढ़ाई जा रही है। वहीं, विश्व कप में सिर्फ 10 टीमों की चुनौती पेश करती है। टी-20 में आने के बाद वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता काफी घटी है और ये प्रारूप संकट के दौर से गुजर रहा है। आइसीसी ने कोई नया प्रयोग नहीं किया और ना ही इनामी राशि में बढ़ोतरी करने की कोई कोशिश की है।

दर्शकों को भी भाया महिला फुटबॉल

फुटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता का आलम यह है कि 2019 फीफा विश्व कप में अमरीका और नीदरलैंड्स के बीच खेले गए फाइनल को करीब 1.12 बिलियन लोगों ने देखा था, जो महिला फुटबॉल के इतिहास में विश्व रेकॉर्ड है। वहीं 2019 का महिला विश्व कप 82 बिलियन लोगों ने देखा था।

### 02 अरब लोगों के देखने की उम्मीद

फीफा महिला फुटबॉल की चीफ सराय बरेमान ने कहा कि इस बार आयोजित होने वाला टूनार्मेंट इतिहास के सभी रेकॉर्ड तोड़ देगा। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि इस बार दो अरब से ज्यादा लोग विश्व कप को देखेंगे, जो पिछली बार से करीब दोगुने होंगे। ये महिला फुटबॉल की तकदीर बदलने वाला टूनार्मेंट होगा।

## आकृति, एफटीआइ पुणे के एंट्रेंस एग्जाम में देश में प्रथम

## पत्रकारिता विभाग आरयू की छात्रा, पेंटिंग का शौक भी



स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन , रांची विश्वविद्यालय की छात्रा आकृति ने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के एंट्रेंस टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि इस इंस्टीट्यूट में पीजी डिप्लोमा के लिये मात्र 11 सीट हैं और आकृति ने सिनेमेटोग्राफी के लिये इस एंट्रेस टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

खबर मन्त्र को एक भेट में उन्होंने बताया कि घर में माता-पिता को भी कला से लगाव है लेकिन एफटीआई के लिये सफल होने वाली मैं घर में पहली व्यक्ति हूं। डीएवी स्कूल गांधी नगर रांची की छात्रा रहीं आकृति को इस क्षेत्र में पहले से ही लगाव था। आर्ट, म्यूजिक, डांस ऑरियेंटेशन के कार्यक्रमों में इनकी रुचि रही है। इस संस्थान में एडमिशन का टेस्ट पहले लिखित और बाद में इंटरव्यू के माध्यम से हुआ है। इंटरव्यू के पहले दूसरे साथियों ने डरा दिया था कि इंटरव्यू कठिन होता है इस कारण मैं डरी हुई थी। हमसे पूछा गया कि इस कोर्स को करने की क्या आवश्यकता है? वे हमारी मानसिक मजबूती को पूरी तरह से जांचना चाहते थे। मैं इसमें पूरी तरह सफल रही। दो साल के कोर्स का स्टडी सेंटर पूणे और कोलकाता में है।

आज जिस प्रकार सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफार्म,शार्ट फिल्म और विविध प्रकार के काम बढ़ते जा रहें है वहां संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। बचपन से मुझें पेंटिग और फोटोग्राफी करने का शौक था। मेरे पापा भी क्रॉफ्ट बनाने में माहिर हैं। स्कूली जीवन में मेरा आर्ट वहीं बना दिया करत थे।

पत्रकारिता की पढ़ाई करने से हमार कॉम्यूनिकेशन बेहतर हुआ और एक आत्मविश्वास आया। विशेषकर विभाग के मार्गदर्शक मनोज शर्मा से बहुत सहयोग मिला मैं उनकी आभारी हूं।

इस उपलब्धि के लिये आकृति सिन्हा को स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो.डा.बी.पी.सिन्हा और शिक्षक मनोज कुमार शर्मा तथा अन्य विभागीय कर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। **(मुरलीधर)**

# आज हर इंसान अपने ही पाप के बोझ तले दबा है



किक्की सिंह

**यूं** तो लगभग हर इंसान अपने पाप के बोझ तले दबा हुआ है। तमाम पाप करने के बावजूद भी मनुष्य को कभी एहसास नहीं होता कि वह पाप कर रहा है। लेकिन जब उसके द्वारा किए गए पाप उसकी सफलता के रास्ते का पत्थर बन जाते हैं और छोटी - छोटी कारणे? एक बड़ी विपदा बनकर उसके सर पर तांडव करने लगती है ,तब उसे एहसास होता है कि ₹हां₹ कहीं ना कहीं उससे पाप तो जरूर हुआ है। पाप से मिले डंडों के चक्रव्यूह में फसने के बाद उसे सबसे पहले भगवान की याद आती है। इसके बाद वह तमाम काम धाम छोड़कर हाथ में मोबाइल थामकर निकल जाता है तीरथ करने। या तो मां गंगा में जाकर उनमें डुबकी लगा उन्हें और भी मैला कर देता है या फिर केदारनाथ आकर हम बेजुबान ,मासूम, कमजोर पशुओं पर अपने पाप का भारी-भरकम बोझ लाद देता है। हम लगातार घंटो - घंटो थके - हारे, भूखे - प्यासे तुम्हारे पाप का बोझ उठाए चलते रहते हैं और हमारा मालिक हमें भूखे - प्यासे रखकर, मुट्ठी भर पैसों के लिए हमें तुम्हारे लिए खटाते रहता है।

फिर एक समय बाद वह वक्त भी आता है जब तुम्हारा भारी भरकम बोझ उठाए - उठाए हम लड़खड़ा कर गिर जाते हैं। हमारा मालिक हमें जूते ,डंडो ,लातों घूसों यहां तक कि कई बार माचिस की तीलियों को जला उसे हमारे चेहरे में चिपका कर उठाने की भी कोशिश करता है। जैसे मानो हम कोई मशीन हो कि ठोकने पीटने या जलाने के बाद अचानक से हमारी कलपुर्जे अपनी जगह पर आ जायेंगे और हम उठकर काम करने लगेंगे।



ना जाने क्यों हमारा मालिक यह भूल जाता है कि हम मशीन नहीं हाड़-मांस से बने शरीर हैं। मारने - पीटने या जलाने पर हम ठीक नहीं होंगे बल्कि स्थिति हमारी और भी बद से बदतर हो जाएगी। मालिक शायद यह सब से नहीं समझ सकता क्योंकि वह इंसान हैं और इंसानों ने तो पहले ही अपने आप को धरती पर सबसे अधिक श्रेष्ठ घोषित कर लिया है। जब इंसान इंसान की कदर नहीं करता तो हमारी क्या ही करेगा।

मालिक तो व्यापारी है। उसे कहां किसी की जान की कद्र समझ आएगी। उन्हें तो बस किसी भी तरह तुमसे पैसे लेने है और तुम्हें भी किसी तरह अपने पाप का बोझ हल्का करना है। कहने को तो तुम इंसान हो सबसे अधिक बुद्धि वाले प्राणी। लेकिन तुम्हारे बारे में सच ही कहावत कही गई है कि तुम्हारी बुद्धि तुम्हारे घुटनों में है। मगर, मेरा मानना है कि तुम्हारी बुद्धि तुम्हारे घुटनों पर भी नहीं बल्कि उसे तुमने अपने पैरों के नीचे दबा कर रखा है। तभी तो अपने पापी शरीर तक का बोझ उठाने में तुम असमर्थ हो।

जब तुम्हें तीरथ करके अपने पाप का बोझ ही कम करना है तो अपना बोझ अपने पैरों पर क्यों नहीं उठाते ?

हम भूखे बेजुबानों के ऊपर क्यों लाद देते हो ?

पिछले पाप का बोझ कम करने के लिए तीरथ करने निकलते हो और अपना बोझ हम पर डालकर हमारी मौत का कारण बन जाते हो। ना पाप का बोझ कम कर पाते हो और ना ही पुण्य अर्जित कर पाते हो, बैठे-बिठाए हमारे हत्यारे बन एक और पाप के आभारी बन जाते हो। अगर सचमुच तुम्हें तीर्थ यात्रा कर अपने पापों के बोझ से मुक्ति पानी है तो अपने शरीर का बोझ अपने दो पैरों पर उठाना सीखो। हम भले ही लाचार और बेबस हैं ।मजबूरन हमें तुम्हारा बोझ उठाना पड़ता है ।हम चाह कर भी कुछ नहीं कर पाते लेकिन ऊपर बैठा भगवान कोई बेवकूफ नहीं जो तुम्हारे इस बनावटी तीर्थ यात्रा के झांसे में आ जाए।

हम तो जानवर का रूप ही लेते हैं ,अपने पिछले पापों का प्रायश्चित करने के लिए तभी तो तुम्हारे जैसे इंसानों द्वारा इतना सताए जाते हैं। लेकिन हमारा भी भाग्य देखो जन्म भी भगवान के द्वार ही लेते हैं और मोक्ष भी इन्हें के द्वार ही मिलता है। हमें तो सीधे स्वर्ग की प्राप्ति होती है। लेकिन तुम्हारे कर्म और नियत ऐसे नहीं है जो तुम्हें यह सौभाग्य प्राप्त होगा।

इसलिए अगली बार से केदारनाथ की यात्रा करने से पहले अपने दोनों टांगों को मजबूत कर लेना ताकि यह तुम्हारे पापी शरीर का बोझ उठा सकें, ना कि केदारनाथ जाने के बाद तुम्हें किसी बेजुबान का हत्यारा बना दे।

## टमाटर से कमाये करोड़ों रुपये

**टमाटर** की बढ़ती कीमतों ने जहां आम आदमी की जेब पर बड़ा असर डाला है, वहीं महाराष्ट्र के पुणे के एक किसान के लिए यह बड़े लाभ का सौदा साबित हुआ है। पुणे के इस किसान ने तमाम चुनौतियों से पार पाते हुए पिछले एक माह में टमाटर बेचकर तीन करोड़ रुपये कमाए हैं। पुणे के पचघर के किसान ईश्वर गायकर (36) को मई माह में कम दाम की वजह से बड़ी मात्रा में टमाटर फेंक दिए थे। इस झटके के बावजूद इस किसान ने अटूट दृढ़ संकल्प दिखाते हुए अपने 12 एकड़ के खेत पर टमाटर की खेती की।



गायकर का दावा है कि उन्होंने 11 जून से 18 जुलाई के बीच अपनी टमाटर की उपज बेचकर तीन करोड़ रुपये की कमाई की है। गायकर ने कहा, ह्यनारायणगांव में कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) में तीन करोड़ रुपये में टमाटर के 18,000 क्रेट (प्रत्येक क्रेट में 20 किलोग्राम टमाटर) बेचे हैं।उनका इरादा टमाटर के 4,000 शेष क्रेट बेचकर करीब 50 लाख रुपये की कमाई करने का है। गायकर ने बताया कि उन्होंने टमाटर की खेती और परिवहन पर कुल 40 लाख रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा, ह्यमेरे पास 18 एकड़ के खेत हैं। इनमें से 12 एकड़ में मैंने टमाटर की खेती की।ह्ल गायकर ने 11 जून को 770 रुपये प्रति क्रेट (37 से 38 रुपये प्रति किलोग्राम) के भाव पर टमाटर बेचा। 18 जुलाई को उन्हें प्रति क्रेट 2,200 रुपये (110 रुपये प्रति किलोग्राम) का भाव मिला।

एक अन्य किसान राजू महाले ने भी चालू सीजन में टमाटर के ढाई हजार क्रेट बेचकर 20 लाख रुपये कमाये हैं। नारायणगांव कृषि उपज मंडी समिति के व्यापारी अक्षय सोलात ने कहा, मैं पिछले 15 साल से इस कारोबार में हूं। लेकिन टमाटर में इस तरह की तेजी पहले कभी देखने को नहीं मिली है।

स्पीड न्यूज

## श्री शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमिटी ने डीसी व एसी को दी बधाई

**चतरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा चतरा जिला के उपायुक्त अबु इमरान को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बात को लेकर चतरा गर्वान्वित है। दिल्ली से चतरा आगमन के बाद गुरुवार को भगवान श्री शीतलनाथ तिर्थ क्षेत्र कमीटी के द्वारा चतरा उपायुक्त अबू इमरान एवं अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने पर बधाई देने के लिए तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन एवं क्षेत्रीय मंत्री राजीव जैन तथा अमन जैन ने चतरा जिला को गौरवान्वित करने के लिए बधाई एंव कामनाएं दिए। मौके पर चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के परिवहन प्रतिनिधि मोहम्मद बेलाल ने भी बधाई एंव शुभकामनाएं पेश की।

## जलजमाव से राहगीरों में रोष

**धुरकी।** प्रखंड के गुलशन चौक के नजदीक प्रशासन के पहल के बावजूद भी जलजमाव की समस्या का निदान नहीं हो सका है। आज भी यहां जलजमाव से काफी लोग परेशान है। इस चौक के स्थानीय लोग शमीम अंसारी, कलाम अंसारी, मुंद्रिका भुईयां, काशी साव, अनिल चंद्रवंशी, सफदर अंसारी, सतार अंसारी आदि ने बताया कि यहां बारिश हो जाने पर दो से तीन फीट पानी जमा हो जाता है, जिस वजह से रास्ते से चलने वाले राहगीरों सहित शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार में लोगों को काफी परेशानी होती है। वहीं दूषित पानी जमा होने से जहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, वही मलेरिया व डायरिया जैसी बीमारी फैलने का आशंका है। विदित हो कि इसके पूर्व बरसात होने पर काफी जल जमाव होने से स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया था तो बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर वैकल्पिक व्यवस्था से पानी का निकासी जेसीबी मशीन लगाकर कराया था। इसके बाद भी पानी पूरी तरीके से नहीं निकल पाया था।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**केतार।** थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग मौजूद थे। मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाये जाने को लेकर दोनों पक्षों ने अपना अपना राय दिया। इस बीच दोनों पक्षों के लोगों ने कहा कि थाना क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। यह परंपरा जारी रहे, इसकी व्यवस्था किया जाना चाहिए। इसमें किसी भी समुदाय के द्वारा कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि त्योहार चाहे किसी भी समुदाय का हो मिलजुल कर सौहादपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। त्योहार के दौरान किसी को भी किसी भी प्रकार की सूचना मिले तो पुलिस को इसकी जानकारी दे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, हेमन्त कुमार पाठक, रामविचार साहू, त्रिपुरारी सिंह, मुखिया प्रमोद प्रसाद, मुन्नी देवी, श्यामसुंदर बैठा, अली हुसैन, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, शाहिद हुसैन, अल्ताफ़ अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**केतार।** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने 15वें वित्त से ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के ग्राम ताली में भीम साह के घर से अरुण साह के घर होते हुए पंडा नदी तक दो लाख 49 हजार 500 रूपये की लागत से बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल तोड़कर किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि यहां के लोग खराब रास्ता का हवाला देकर सड़क निर्माण के लिए मांग कर रहे थे। जिसे मैं आज पूरा कर रहा हूं। साथ ही कहा कि आगे भी अपना छोटी बड़ी हर वादा को पूरा करने का भरपूर प्रयास करूंगा। ताकि अपने पंचायत के जनता के विश्वास के प्रति खरा उतर सकूं। साथ ही कहा कि पंचायत की हर कच्ची सड़क को धीरे-धीरे पक्कीकरण किया जाएगा। ताली के ग्रामीणों ने पीसीसी पथ के शिलान्यास करने पर मुखिया का आभार जताया है।

# न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड चैंपियन नॉर्वे को 1-0 से हराकर रचा इतिहास, जीत का किया आगाज

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को ईडन पार्क में फीफा महिला विश्वकप 2023 के ओपनिंग मैच में वर्ल्ड चैंपियन नॉर्वे को 1-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। आज तक फीफा वीमेंस वर्ल्ड कप में कभी न्यूजीलैंड कोई मुकाबला नहीं जीत सकी थी, लेकिन अब न्यूजीलैंड ने इस सूखे को खत्म कर दिया है। न्यूजीलैंड ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की है। अपने पांच विश्वकप मुकाबलों में न्यूजीलैंड पिछले 15 मैचों में कोई भी जीत हासिल करने में असफल रहा। विजयी गोल हन्ना विल्किंसन ने 42,137 दर्शकों के सामने किया, जबकि रिया पर्सिवल दूसरा गोल करने में असफल रहीं, क्योंकि बाद में उनकी पेनल्टी क्रॉसबार से टकरा कर विफल हो गयी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सह-मेजबानी में महिला विश्वकप का नौवां संस्करण 20 जुलाई से 20 अगस्त तक चलने वाला है। यह पहली बार है कि टूनामेंट की मेजबानी एक से अधिक देशों द्वारा की जा रही है और इसमें 32 टीमें शामिल हैं।

उधर ऑकलैंड में गुरुवार सुबह हुई गोलीबारी में बंदूकधारी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। जिससे महिला विश्वकप के आयोजन पर ग्रहण लग गया। संगठन ने कहा 'फीफा घटना के बाद पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। मैच की शुरूआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा।

नॉर्वे के खिलाफ ऐतिहासिक रूप से खराब रिकॉर्ड वाले न्यूजीलैंड ने अपने पांचवें विश्वकप में एलेक्जेंड्रा रिले को मैदान में उतारा। महिला बैलन डी'ओर विजेता एडा हेगरबर्ग ने नॉर्वे की अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व किया। पहला हाफ निराशाजनक रहा और कोई गोल नहीं हो सका। ब्रेक के बाद न्यूजीलैंड अच्छे समन्वित खेल के साथ मजबूत होकर उभरा। जैकी हैंड ने अपने ही क्षेत्र से चाल शुरू की दाहिनी ओर तेजी से दौड़ी और विल्किंसन के लिए पास दिया। जिन्होंने टैप करके गेंद को गोल में पहुंचा दिया, जिससे उनका तीसरा विश्व कप गोल हो गया। नॉर्वे की टीम को 81वें मिनट में बराबरी करने का मौका मिला, पर तुवा हैनसेन का प्रयास क्रॉसबार से टकरा गया। वीएआर समीक्षा के बाद 90वें मिनट में न्यूजीलैंड को पेनल्टी दी गयी, लेकिन पर्सीवल ने मौका गंवा दिया और उनका प्रयास बार से टकरा गया। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों की दृढ़ रक्षा के सामने यह बेकार साबित हुआ। अंतिम सीटी बजते ही पूरे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई और कुछ खिलाड़ी अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए अपने आंसू नहीं रोक पाये।

## 2018 के बाद पहली बार फीफा रैंकिंग में शीर्ष 99 में पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ने गुरुवार को एक नयी उपलब्धि हासिल की है। ताजा जारी फीफा रैंकिंग में भारत को एक स्थान का लाभ हुआ है। भारतीय टीम 2018 के बाद से पहली बार फीफा रैंकिंग में शीर्ष 99 में पहुंची है। भारतीय टीम को सैफ चैम्पियनशिप खिताब की बदौलत एक पायदान का फायदा मिला। विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना की शीर्ष पर बादशाहत कायम है जिसके बाद फ्रांस, ब्राजील, इंग्लैंड और बेल्जियम की टीम मौजूद हैं। भारत ने सैफ चैम्पियनशिप में लेबनान और कुवैत पर क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में पेनल्टी शूटआउट से जीत दर्ज की। लेबनान को भी दो पायदान का फायदा हुआ जिससे वह भारत से बिलकुल नीचे 100वें स्थान पर मौजूद है। वहीं कुवैत चार पायदान की छलांग से गुरुवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में 137वें स्थान पर पहुंच गया। भारत के अब 1208.69 अंक हो गये हैं। भारत की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 रही है

## दूसरे टेस्ट में शतक से चूके रोहित शर्मा, भारत 155/3



**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्टडंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (80)शतक से चूक गये। यहां क्वींस पार्क ओवल में विंडीज टीम के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। टीम इंडिया की ओर से तेज गेंदबाज मुकेश कुमार डैब्यू करते नजर आये। पहले खेलते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने शानदार शुरुआत की। दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाये। 26 ओवर में ही स्कोर बिना विकेट गंवाये 121 रन पर ला खड़ा किया। पर 38 ओवर में 155 पर तीन विकेट गिर गये। जायसवाल को 57 रन जेसन होल्डर ने आऊट कर दिया। इसके बाद शुभमन गिल भी 10 रन बनाकर आऊट हो गये। रोहित शतक की ओर बढ़ रहे थे तभी वैरीकेन की गेंद पर वह 80 रन बनाकर बोल्ड हो गये।

**धोनी से आगे निकले रोहित :** रोहित शर्मा ने जैसे ही अपना पचासा पूरा किया, उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा के नाम 443 इंटरनेशनल मैचों में 17300 रन से अधिक चुके हैं। रोहित भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में रन बनाने के अब पांचवें स्थान पर आ गये हैं। उनसे आगे चार बल्लेबाज हैं जिसमें सिर्फ विराट कोहली सक्रिय है जबकि तीन खिलाड़ियों ने रिटायरमेंट ले लिया है। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह के टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों में मिलाकर 17266 रन बनाये हैं।

शेष पेज 11 पर

### पीएम बोले- गुनाहगार को नहीं छोड़ेंगे...

मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच करीब दो महीने से जातीय हिंसा हो रही है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। तब से अब तक कम से कम 160 लोगों की जान जा चुकी है।

### सभी प्रमंडल में जल्द खुलेंगे...

मरीजों के इलाज में कोई अस्पताल कोताही नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज की पात्रता के लिए आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड अगर किसी के पास नहीं है तो 8 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वालों को भी इस श्रेणी में शामिल किया जाये। **एंबुलेंस का परिचालन सुनिश्चित हो :** सीएम ने कहा कि एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है, लेकिन, कुछ कारणों से कई एंबुलेंस के नहीं चलने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी 206 एंबुलेंस का नियमित और सुचारू परिचालन हो यह तय करें। इधर सर्पदंश की कई मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों के इलाज और दवा की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सीएस सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### लोहरदगा से आइएसआइएस का आतंकी...

**कई लोग जांच के दायरे में :** आइएसआइएस आतंकी फैजान की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियों की जांच के दायरे में कई लोग आ सकते हैं। फैजान ने पूछताछ में जो जानकारियां दी है, उसके बाद सुरक्षा एजेंसियां बेहद गोपनीय तरीके से जानकारी इकट्ठा कर रही है। फैजान आईएसआईएस का स्लीपर सेल था। लोहरदगा में वर्ष 2022 में रामनवमी मेला में हुई हिंसा के बाद सांप्रदायिक हिंसा की घटना के बाद भी स्लीपर सेल का नाम सामने आया था। **पेशी के बाद भेजा गया जेल :** फैजान अंसारी उर्फ फैजू को कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में पेश किया गया। उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। उसके पास से बरामद सामग्री को अदालत में पेश किया गया। एनआइए उससे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। आतंकवादी गतिविधि में संलिप्त पाने और उसे बढ़ावा देने के आरोप में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय ट्रांजेक्शन से फैजान पर शक हुआ। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी की गयी। **दहशत फैलाने की ट्रेनिंग देता था :** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की मदद से वह स्थानीय युवाओं को दहशत फैलाने की ट्रेनिंग देने का काम करता था। डार्क नेट के माध्यम से लगातार देश और पाकिस्तानी एजेंट से संपर्क में रहता था। उसके इशारे पर वह लगातार काम कर रहा था। पूछताछ में उसने एजेंसियों को इसकी जानकारी दी। फैजान लोहरदगा के मिल्लत कॉलोनी का रहने वाला है उसके पिता फिरोज अंसारी बीएसएनएल में कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी हैं। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। लोहरदगा में रहकर वह अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। उसके पास से भड़काऊ वीडियो, पेन ड्राइव और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये।

### कीमतों पर रोक की तैयारी...

इसमें इस अधिसूचना से पहले जहाज पर चावल की लदान शुरू होना शामिल है। इसमें कहा गया है कि अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की मंजूरी और अन्य सरकारों के अनुरोध पर निर्यात की भी अनुमति दी जायेगी। **डीजीएफटी की अधिसूचना :** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना के अनुसार उचित कीमतों पर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गैर बासमती चावल की निर्यात नीति में संशोधन किया गया है। इस कदम का उद्देश्य आगामी त्योहारों में कम कीमतें और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। घरेलू बाजार में गैर-बासमती सफेद चावल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और स्थानीय कीमतों में वृद्धि को कम करने के लिए, सरकार ने तत्काल प्रभाव से निर्यात नीति में संशोधन कर इसे '20 प्रतिशत के निर्यात शुल्क के साथ मुक्त' से 'निषेध' श्रेणी में कर दिया है। बयान में कहा गया है, चावल की घरेलू कीमतें बढ़ रही है।

### बच्चा चोरी का मामला गंभीर...

याचिका में कहा गया है कि इन संस्थाओं को सेवा के लिए विदेश से राशि मिलती है, लेकिन इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। इसकी जांच ईडी से होनी चाहिए। याचिका में मीडिया रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया है, जिसमें उनको अब तक मिले फंड की जानकारी दी गई है। पुलिस की विशेष शाखा द्वारा 2015 की रिपोर्ट के बारे में जिक्र करते हुए कहा गया है कि उस वक्त भी सरकार को इनके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया।

### शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को...

शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड आगे बढ़े, यही हेमन्त सरकार का संकल्प है। राज्य स्तर पर खुले उत्कृष्ट विद्यालय उसी का प्रमाण हैं। विभिन्न विभागों की रिक्तियों को भरने के प्रति गंभीरता दिखायी। नियुक्ति नियमावली में आ रही अड़चनों को दूर कर नियुक्ति प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त किया गया है। यही वजह है कि अबतक 8328 लोगों की नियुक्ति की गई है, इसमें जेपीएससी द्वारा रिकॉर्ड समय में 250 पदों पर नियुक्ति भी शामिल है। **इन पदों के लिए निकली अधिसूचना :** राज्य सरकार के निदेश पर झारखंड प्रयोगशाला सहायक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा, झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा, झारखंड दिप्लोमा स्तर संयुक्त परीक्षा, उत्पाद सिपाही परीक्षा, झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा प्रमुख है।

## दोषियों के खिलाफ चिराग का तेवर गरम, कहा-

# सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न घटे

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** मणिपुर वायरल वीडियो पर सदन से लेकर सड़क तक घमासान मच गया है। इसको लेकर बीजेपी सरकार निशाने पर आ गई है। विपक्ष इस मुद्दे पर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोल रहा है। मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के हंगामा से सदन की कार्यवाही तक स्थगित करना पड़ा जा रहा है। वहीं, इसको लेकर एलजेपी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने गुरुवार को कहा कि मणिपुर घटनाओं के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना न घटे। चिराग पासवान ने कहा कि मेरा विपक्ष से यही अनुरोध है कि वो सदन को चलने दे। सदन में गतिरोध न करे, क्योंकि ये वही मंच है जहां आप सरकार के सामने अपनी बात रख सकते हैं और सरकार का जवाब सुन सकते हैं। हम लोग भी सुनना चाहते हैं कि सरकार क्या-क्या कदम उठा रही है। ऐसे में विपक्ष सदन में गतिरोध कर जिनका भला करना चाहता है उनका नुकसान कर रहा है। विपक्ष सदन में अपनी बातों को मजबूती से रखे। ऐसी घटनाओं का कोई बचाव नहीं कर सकता है। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, लेकिन उस कार्रवाई का रास्ता भी सदन से ही निकलेगा। सदन का सुचारू रूप से चलना अति आवश्यक है।

**ये है पूरा मामला :** बता दें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें मणिपुर में पुरुषों के एक समूह द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया जा रहा है। घटना का वीडियो बुधवार को सामने आने के बाद राज्य के पहाड़ी क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। चार मई के इस वीडियो में दिख रहा है कि कुछ व्यक्ति एक समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमा रहे हैं।

### ललन सिंह का पीएम मोदी पर तंज

**पटना।** मणिपुर वायरल वीडियो को लेकर देश में सियासत तेज हो गई है। वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी सरकार निशाने पर आ गई है। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष मोदी सरकार को घेर रहा है। वहीं, जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट कर पीएम मोदी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में 56+56 इंच सीने वाली डबल इंजन की सरकार है। इसके बाद भी वहां हिंसा और अत्याचार जारी है।

# अभियुक्त भोला सिंह की गिरफ्तारी की मांग

## पत्रकारों का आमरण अनशन शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** पुलिस प्रशासन से अभियुक्त भोला सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पत्रकारों का आमरण अनशन गुरुवार से शुरू हुआ। आमरण अनशन पर पत्रकार मोकिम अंसारी और अशोक कुमार बैठे है। आमरण अनशन पर बैठे पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारों के साथ मारपीट करने, लूटपाट करने और गाली गलौज करने के खिलाफ आमरण अनशन किया जा रहा है। अनशन पर बैठे पत्रकारों ने जिला प्रशासन से पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने और वैसे अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। अनशनकारियों ने अभियुक्त भोला सिंह को अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि जबतक पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं करती है तबतक आमरण अनशन जारी रहेगा। आमरण स्थल पर पत्रकारों से मिलने झामुमो नेता मनोज चंद्रा, सलीम अख्तर, अलोक रंजन, दुर्गा सोरेन सेना के जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, राजकिशोर कमल, संतोष नायक, संतोष नायक, प्रकाश राम, सुगन साव, मिश्रा पासवान, शिव शंकर कुशवाहा, बबलू सोनी, योगेश्वर भोगता, भाकपा के ओमप्रकाश शर्मा, राजद जिला उपाध्यक्ष अख्तर हुसैन आदि पहुंचे और उनकी मांग को जायज बताते हुए समर्थन किया।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ सह-मिलिटेट्स कार्यशाला का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार सिंगल विंडो भवन में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग चतरा के द्वारा प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेंटस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में अंतराष्ट्रीय मिलेंटस वर्ष 2023 के मद्देनजर मोटे अनाजों के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष विकाश यादव ने किसानों को बताया कि मोटे अनाजों की खेती वैज्ञानिक तरीके से करें जिससे भरपूर लाभ मिले सके। वहीं जनसेवक रॉकेश कुमार ने किसानो को कहा की धान के साथ-साथ अन्य फसल जैसे मोटे अनाज में मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी मडुवा आदि की खेती करने का सुझाव दिया।

बीटीम राजीव रमन ने कहा कि मोटे अनाजो की खेती करने से कम लागत अधिक मुनाफा होता है। ए.टी.एम. शिला कुमारी ने कहा कि मोटे अनाजों की खेती करने से अधिक मुनाफा होता है तथा मोटे अनाजों को खाने से कई तरह की बीमारी ठीक किए जा सकते है इसलिए किसानों को नई तकनीकी अपनाकर कृषि पैदावार बढ़ाने के लिए सरकार के द्वारा कई तरह के लाभ दिए जा रहे हैं।

किसान योजना का लाभ उठाएं उठाएं। मिलेंटस कार्यशाला में उपस्थित कृषक मित्र भीम दांगी, सुरेश राम, जानकी दांगी, राजकुमार दांगी तथा काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# 153 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक सह गुरु गोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते अतिथि

**रंका।** प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत राजमाता गुंजेश्वरी महाविद्यालय के सभागार में प्रखंड के 153 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक सह गुरु गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने की। इस गुरु गोष्ठी में शिक्षकों को विद्यालयों में महत्वाकांक्षी शिक्षा विभाग के कार्यक्रम के तहत हाउस निर्माण करने तथा हाउस के अनुसार बच्चों की उपस्थिति वृद्धि बनाने आदि के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक के अनुसार प्रत्येक हाउस में 40 बच्चों को रखने तथा अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को क्रॉस मार्क करते हुए उसे चिन्हित कर विद्यालय में नियमित करने के लिए भी मार्गदर्शन दिया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के लिए राज्य से विशेष दबाव है। ऐसी स्थिति में प्रयास कार्यक्रम ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में शत-प्रतिशत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय से इंस्पायर्ड योजना तथा नवोदय विद्यालय के बच्चों का पंजीकरण कराने के लिए शिक्षक पहल करें। ताकि रंका प्रखंड के बच्चों का ज्यादा से ज्यादा आवेदन आनलाइन कराकर नवोदय विद्यालय की तैयारी विद्यालय स्तर पर अच्छी तरह से कराएं एवं रंका के नाम को रोशन करें। उन्होंने नए नामांकन की सूची उपलब्ध कराने, बच्चों के खाता और आधार का सूची उपलब्ध कराने, जन्म प्रमाण पत्र की संचिका संधारण करने, शिशु पंजी को अद्यतन करने सहित कई बिंदुओं पर मैराथन बैठक करते हुए शिक्षकों को समय सारणी के अनुसार लेसन प्लान बनाकर बच्चों को पठन-पाठन कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, महबूब अंसारी, सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, चंद्रमौली तिवारी, शिव उपाध्याय, सतीश दुबे, संजय प्रसाद, पंकज कुमार गुप्ता, सद्दाम खान, लेखापाल अभय कुमार, बीआरसी कर्मी रामबदन राम, एमआईएस को-आर्डिनेटर आनंद कुमार, प्रताप कुमार पांडेय, सत्येंद्र कुमार सिंह, बरखा कामाख्या तिवारी, माया देवी, लता कुमारी, आनंद कुमार, सिस्टर जास्फिन, सुधीर कुमार रजक, विनोद कुमार रजक सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


# सूर्य के रहस्य को सुलझाने के लिए भी मिशन तैयार

## आदित्य एल-1 की चल रही हैं तैयारियां : इसरो

- सूर्य के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन : सोमनाथ
- चंद्रयान-3 से विज्ञान के क्षेत्र में अनोखा जरूर मिलेगा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चमकते खगोलीय एक्स-रे स्रोतों के विभिन्न आयामों का अध्ययन करने के लिए देश के पहले समर्पित पोलरिमीटर मिशन-एक्सपोसैट (एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट) को अंजाम देने के लिए लगभग तैयार है। यह बात अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ गुरुवार को कही। सोमनाथ ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल-1 मिशन की तैयारियां भी चल रही हैं। उन्होंने बताया कि सौर मंडल के बाहर स्थित ग्रहों का अध्ययन करने के लिए भी उपग्रह विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। आदित्य-एल-1 सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन होगा। इसरो के प्रमुख ने कहा कि हम चांद पर उतरने से जुड़े अन्य अभियानों पर भी चर्चा कर रहे हैं। अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने अंतरिक्ष विज्ञान प्रौद्योगिकी और जागरूकता प्रशिक्षण (स्टार्ट) कार्यक्रम 2023 के उद्घाटन समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही। इसरो ने 14 जुलाई को चांद पर अपना चन्द्रयान-3 मिशन भेजा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस मिशन (चन्द्रयान-3) के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में आपको कुछ अनोखा जरूर मिलेगा। सोमनाथ ने कहा कि हम आदित्य-एल-1 मिशन के माध्यम से सूर्य का अध्ययन करने और इसे समझने का भी प्रयास करेंगे। एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह लगभग तैयार है और हम तारों को बेहतर तरीके से समझने के लिए इसे (पोलरिमीटर उपग्रह) प्रक्षेपित करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहला उपकरण पीओएलआईएक्स खगोलीय मूल के 8-30 किलो-इलेक्ट्रॉनवोल्ट वाले फोटॉन के मध्यम एक्स-रे ऊर्जा श्रेणी के पोलरिमीटर मानकों को मापेगा। अधिकारियों ने कहा कि दूसरा उपकरण एक्सस्पेक्ट 0.8-15 किलोइलेक्ट्रॉनवोल्ट की ऊर्जा श्रेणी में स्पेक्ट्रोस्कोपिक सूचनाएं देगा। स्पेक्ट्रोस्कोपिक से तात्पर्य किसी भी वस्तु के आकार या प्रकृति का पता लगाने के लिए विद्युतीय या चुंबकीय तरंगों के उपयोग के विभिन्न तकनीकों से है।




### शुक्र के लिए भी विकसित होगा उपग्रह

उन्होंने कहा कि अन्य खगोलीय पिंडों जैसे शुक्र को समझने के लिए मिशन पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि सौर मंडल से बाहर के खगोलीय पिंडों का अध्ययन करने के लिए उपग्रह विकसित करने पर भी विचार किया जा रहा है। इसरो के अधिकारियों ने बताया कि एक्सपोसैट (एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह) दो वैज्ञानिक उपकरणों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा।

## न्यूयॉर्क के संग्रहालय में दिखायी जायेंगी 60 भारतीय कलाकृतियां

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के द मेट्रोपॉलिटिन म्यूजियम ऑफ आर्ट (मेट) में भारत से लाई गई बौद्ध धर्म से जुड़ी 60 से अधिक प्राचीन कलाकृतियों को देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी भारत सरकार और मेट के बीच एक सहयोगात्मक परियोजना है। प्रदर्शनी में 200 ईसा पूर्व से 400 ईस्वी के बीच बौद्ध कला की उत्पत्ति की कहानी दशार्ने वाली 140 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी के लिए लगभग 62 वस्तुएं भारत से लाई गई हैं। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने 17 जुलाई को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था।

## स्पीड न्यूज

### बगदाद में स्वीडन दूतावास पर हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में गुरुवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने स्वीडन के दूतावास पर हमला कर वहां आग लगा दी। हालांकि दूतावास की तरफ से साफ किया गया है कि हमले में किसी कर्मचारी का नुकसान नहीं हुआ है। स्वीडन में इस्लाम की पवित्र किताब जलाने के कारण मुस्लिम समुदाय में स्वीडन के खिलाफ काफी नाराजगी है और ताजा घटना इसी सिलसिले में हुई है।

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख पैरोल पर जेल से रिहा

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख एवं बलात्कार का दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह 30 दिन की पैरोल मिलने के बाद बृहस्पतिवार को हरियाणा के रोहतक जिला स्थित सुनारिया जेल से बाहर आया। राम रहीम के वकीलों ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख शाम पांच बजे जेल से बाहर निकला।

### जिम में करंट से बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रबंधक की मौत

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-15 इलाके में एक जिम में ट्रेडमिल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के 24 वर्षीय प्रबंधक की मौत हो गयी । पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में जिम मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

### आतंकवादी के घर से चार हथगोले बरामद

**बेंगलुरु।** केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों ने गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियों में से एक के पास से चार हथगोले बरामद किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) डॉ. एस.डी. शरणप्पा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि जाहिद तबरेज (25) ने यह हथगोले अपने कोदिगेहल्ली आवास पर छिपाए हुए थे।

### कुपवाड़ा : भारी मात्रा में हथियार बरामद

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर के बनखोत में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सेना के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि दो मैगजीन और 11, कारतूसों समेत दो एसॉल्ट राइफलें, छह पिस्तौल व 12 मैगजीन और 190 कारतूस और छह हथगोले, दो पाऊच, बर्फ में इस्तेमाल होने वाले दो जोड़ी जूते, दो वर्दियां शामिल हैं।

### चमोली हादसा : दो अभियंता निलंबित

**देहरादून।** चमोली हादसा पर बड़ी कार्रवाई हुई है। इस घटना में दोषी पाए गए दो अभियंताओं को निलम्बित किया गया है। साथ ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर विद्युत उपकरणों के संचालन में लापरवाही पर ज्वाइंट वेंचर कम्पनी व अन्य संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड जल संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक की ओर से सीवर एसटीपी का संचालन व रख रखाव करने वाली फर्म के कार्यों के देख रहे अपर सहायक अभियंता हरदेव लाल को निलम्बित किया गया है।

### भोजपुरी कलाकार के साथ गुरुग्राम के होटल में बलात्कार

**गुरुग्राम।** हरियाणा में गुरुग्राम के एक होटल में 24 वर्षीय भोजपुरी कलाकार के साथ उसके इंस्टाग्राम मित्र ने कथित रूप से बलात्कार किया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार भोजपुरी कलाकार को साक्षात्कार लेने के बहाने से होटल बुलाया गया था। पुलिस ने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि वह एक भोजपुरी कलाकार है और फिलहाल दिल्ली में रहती है।


## मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र परेड मामले में एक गिरफ्तारी के बाद सीएम बोले

# पुलिस ने तुरंत की कार्रवाई

एजेंसी

इंफाल । मणिपुर की कुकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुरुषों की भीड़ द्वारा नग्न घुमाए जाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न किए जाने का एक वीडियो बुधवार को वायरल होने लगा। इस मामले में पहली गिरफ्तारी हो चुकी है। मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को ट्वीट किया कि वीडियो सामने आने के तुरंत बाद घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए, मणिपुर पुलिस हरकत में आई और आज सुबह पहली गिरफ्तारी की। फिलहाल गहन जांच चल रही है और हम सुनिश्चित करेंगे कि सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए] जिसमें मृत्युदंड की संभावना पर भी विचार किया जाए।

**मानवता हुई शर्मसार :** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा के दौरान लोग संवेदनहीनता की सरी हदें पार कर रहे हैं। 4 मई को न सिर्फ घर जलाए गए, लोगों की हत्या की गई बल्कि महिलाओं को अपमानित भी किया गया। बुधवार को घटना का वीडियो सामने आने के बाद गुरुवार को मुख्य आरोपियों में से एक खुयरूम हेरादास को गिरफ्तार कर लिया गया है।



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उस घटना पर बोलने के लिए मजबूर होना पड़ा, जहां मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया था। एआईएमआईएम सांसद ने प्रधानमंत्री से घटना की सीबीआई जांच का आदेश देने का आग्रह किया है.

### यौन हिंसा की तस्वीरें दिल दहला देने वाली है : प्रियंका गांधी

**थरूर बोले-पीएम ने चुप्पी तोड़ी :** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर में जारी हिंसा पर अपनी चुप्पी तोड़ी, लेकिन साथ ही उन्होंने पीएम से संसद के अंदर बयान देने की मांग की. कांग्रेस सांसद ने कहा, 'इस तथ्य को लेकर बहुत चिंतित हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने लंबे समय तक चुप थे। हममें से कोई भी इसे समझ नहीं सका। हमें बहुत खुशी है कि उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी, अब हम चाहेंगे कि वह इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करें।

**ईरानी ने सीएम से की बात :** महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी को राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से बात करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सरकारी सूत्रों के अनुसार, सरकार ने ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को आदेश जारी कर दो मणिपुरी महिलाओं को नग्न घुमाने के वायरल वीडियो को शेयर न करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि मामले की जांच अभी चल रही है इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए भारतीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य हो गया है।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा इस भयावह घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी. समाज में हिंसा का सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं और बच्चों को भुगतना पड़ता है।

**800 से 1000 लोगों ने गांव पर किया हमला :** अपनी शिकायत में पीड़िताओं ने कहा है कि 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद, 800 से 1000 लोगों ने उनके गांव को घातक हथियारों से उनके गांव पर हमला कर दिया।

### विदेश में भी हो रही है किरकिरी

मणिपुर को लेकर विदेश में भी भारत की किरकिरी हो रही है। जर्मनी के वाइस चांसलर रॉबर्ट हैबेक गुरुवार को भारत पहुंचे हैं। मणिपुर को लेकर जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस मुद्दे को बातचीत के लिए टेबल नहीं किया गया है, मैं आर्थिक, ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा मामलों पर चर्चा कर रहा हूं। इससे पहले अमेरिका के राजदूत एरिक गासेर्टी ने कोलकाता में कहा था कि यह कोई राजनीतिक समस्या नहीं बल्कि मानवीय समस्या है। साथ ही कहा कि अमेरिका से इस संबंध में मदद मांगी जाती है तो वह तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि जल्द ही शांति कायम होगी।

## मणिपुर हिंसा पर चर्चा को तैयार है सरकार : भाजपा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर की जातीय हिंसा के मुद्दे पर संसद के मानसून सत्र का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ जाने के बाद भाजपा ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा को तैयार है लेकिन नियमों की आड़ लेकर विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि आज सदन की कार्यवाही और कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष का रवैया देखकर ये स्पष्ट हो जाता है कि वो मन बनाकर आए हैं कि सदन की कार्यवाही नहीं चलने देंगे। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में हुई हिंसा व कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ व राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं का जिक्र करते गोयल ने दावा किया कि शायद इसी परेशानी की वजह से विपक्षी दल चर्चा से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि वह मणिपुर की घटनाओं पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है, इसके बावजूद कांग्रेस और बाकी विपक्षी दल सदन नहीं चलने दे रहे हैं। मणिपुर पर हम भी बहुत संवेदनशीलता से चर्चा कराना चाहते हैं। सरकार तैयार है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और बाकी विपक्षी दल अपने खोट छुपाने के लिए चर्चा से भाग रहे हैं। इससे पहले मणिपुर में करीब दो महीने से जारी जातीय हिंसा पर संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान देने और उसके बाद चर्चा कराने की मांग को लेकर गुरुवार को मानसून सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार और राज्यसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष के कई सदस्यों ने नियम 176 के तहत अल्पकालिक चर्चा का नोटिस दिया था। जोशी ने कहा कि उन्होंने सोचा था कि हम सहमत नहीं होंगे। हम चर्चा के लिए सहमत हुए।

### बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा और छत्तीसगढ़ व राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध से भाग रहा है विपक्ष : गोयल

## अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लरों पर बैन के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबानी शासन की वापसी के बाद से महिलाओं के अधिकारों को कुचलने और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। तालिबान के अब इस्लामिक अमीरात शासन ने राजधानी काबुल सहित देश के सभी प्रांतों में महिला ब्यूटी पार्लरों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दियाहै। हालांकि इस तालिबानी आदेश के खिलाफ महिलाएं बुधवार को काबुल की सड़कों पर निकलीं और जमकर नारेबाजी की। अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लरों पर प्रतिबंध के खिलाफ काबुल में दर्जनों महिला मेकअप आर्टिस्ट्स ने प्रदर्शन किया। काबुल के शार-ए-नॉ इलाके में किए गए इस प्रदर्शन के दौरान महिला प्रदर्शनकारियों ने 'खाना, काम और न्याय' के नारे लगाए। इन प्रदर्शनकारियों में शामिल मारवा ने कहा कि आखिरकार उन महिलाओं का अपराध क्या है जिन्हें स्कूल, विश्वविद्यालय और हर बुनियादी अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। इन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ज्यादातर महिलाएं ब्यूटी पार्लर के जरिये अपने-अपने परिवार संभाल रही हैं। इनका कहना है कि सरकार के आदेश के मुताबिक ब्यूटी पार्लरों पर यह प्रतिबंध जारी रहता है तो बड़ी संख्या में महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी।



### सांसद बृजभूषण सिंह को मिली नियमित जमानत


**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को छह जानीमानी महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत पर दर्ज मामलों में गुरुवार को दिल्ली की एक अदालत ने कुछ शर्तों के साथ नियमित जमानत दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल की अदालत ने श्री बृजभूषण के अलावा उनके असिस्टेंट सेक्रेटरी रहे सह आरोपी विनोद तोमर की भी जमानत मंजूर की। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर अलग-अलग 25000 रुपए के बांड भरने सहित कई शर्तें लगाई हैं। पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने और सीधे या परोक्ष रूप से शिकायतकताओं या गवाहों को धमकाने या प्रलोभन नहीं देने की भी शर्तें लगाई गई हैं।अदालत ने सभी शर्तों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## नये रिकॉर्ड स्तर पर शेयर बाजार

### सेंसेक्स 67000 के पार, निफ्टी 20000 के करीब पहुंचा

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह तथा बैंक एवं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और दोनों प्रमुख सूचकांक नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में आई मजबूती से भी तेजी की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 474.46 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 67,571.90 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 67,619.17 अंक के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 20,000 का मनोवैज्ञानिक स्तर छूने के बेहद करीब पहुंच गया है। निफ्टी 146 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,979.15 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 19,991.85 अंक का अबतक का उच्चतम स्तर भी छुआ। दोनों शेयर सूचकांकों में तेजी का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने अपने सर्वोच्च स्तर के कई नए शिखर छुए हैं। इन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 2,178 अंक यानी 3.33 प्रतिशत और निफ्टी में 594.85 अंक यानी 3.06 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईटीसी ने करीब तीन प्रतिशत की बढ़त हासिल की। कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, सन फार्मास्युटिकल, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और जेएसडब्ल्यू स्टील के भी शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।



### महाराष्ट्र के रायगढ़ में भूस्खलन से 16 लोगों की मौत, कई लापता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के दूर दराज एक के अदिवासी बहुल गांव में जबरदस्त भूस्खलन होने की घटना में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी । इस घटना में 17 घर पूरी तरह तबाह हो गये । एनडीआरएफ के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि 21 लोगों को बचाया गया है।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थिति का जायजा लेने के लिए सुबह घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य में लगे कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब तक बचाव टीम ने 16 शव बरामद किए हैं। 103 ऐसे लोगों की पहचान की गई है जो वहां रह रहे थे। उनमें से कुछ धान के खेतों में काम के लिए बाहर गए थे और कुछ बच्चे स्कूलों में थे। उन लोगों की तलाश की जा रही है । शिंदे ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और राज्य सरकार प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है।

## सारा अली खान ने बाबा बर्फानी के किये दर्शन

**श्रीनगर।** अभिनेत्री सारा अली खान ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा ने बालटाल आधार शिविर से अपनी अमरनाथ यात्रा शुरू की थी। अधिकारी ने बताया कि 27 वर्षीय अभिनेत्री सारा बुधवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल जाने वाले रास्ते पर बने सोनमर्ग रिसॉर्ट में रुकीं और थाजीवस ग्लेशियर के अद्भुत नजारों का आनंद लिया।

सारा ने स्थानीय बच्चों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई और एक टपरी में चाय भी पी। उन्होंने बाद में इंस्टाग्राम पर अपनी यात्रा की तस्वीरें भी साझा की। उन्होंने तस्वीरों के शीर्षक में लिखा कि जब आत्मा तृप्त हो और पैर दर्द कर रहे हों। बकरी से फिर बच्चों से की दोस्ती। और बाद में चाय पी, जो मुझे बहुत पसंद है। अधिकारी ने बताया कि जरा हटके जरा बचके की अभिनेत्री ने यात्रा शुरू करने से पहले दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित मार्तण्ड सूर्य मंदिर के भी दर्शन किए।



### पवन सिंह की फिल्म सनक 28 को होगी रिलीज

भोजपुरी सिने जगत के पावर स्टार पवन सिंह की नई फिल्म सनक 28 जुलाई को बिहार के साथ-साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, मुंबई, गुजरात और पंजाब में एक साथ सिनेमाघरों में होगी। फिल्म को लेकर पवन सिंह ने भी अपने फैंस से सिनेमाघरों में जाकर इसे देखने की अपील की और कहा कि सनक एक जबरदस्त कहानी पर बनी फिल्म है। यह भोजपुरी सिनेमा के लिए बेहद खास फिल्म होने वाली है इसलिए हम अपने सभी दर्शकों से आग्रह करेंगे कि वे अपने दोस्तों और परिजनों के साथ जाकर सिनेमाघरों में इस फिल्म को जरूर देखें। इस फिल्म में एक्शन भी मिलेगा। इमोशन भी मिलेगा। रोमांस भी मिलेगा। यानी इंटरटेनमेंट भरपूर मिलने वाला है। हमने इस फिल्म पर बेहद मेहनत की है और यह बड़े बजट की फिल्म है। इस फिल्म में बहुत कुछ दर्शकों को नया मिलने वाला है।दूसरे अभिनेता राघव नैयर ने कहा कि यह उनकी लाइफ के शानदार फिल्मों में से एक है। भोजपुरी सिनेमा में अब बहुत कुछ बदल गया है, जो दर्शकों को भी अपनी और आकर्षित करता है। हमारी फिल्म में भी ऐसी कई सारी बातें देखने को मिलेंगी। भोजपुरी फिल्म सनक के निमार्ता अभय सिन्हा, प्रशांत जम्मूवाला और अनिल कुमार सिंह हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया हैं।



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !